जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

अजमेर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

फोनः- 2627612, 2427249 फैक्सः- 0145-2624665 वर्षः 30 संख्याः 16 प्रभात अजमेर, शुक्रवार 15 अगस्त, 2025 आर.जे./ए.जे./73/2015-2017 पृष्ठ 12 मूल्य 2.50 रु.



## विचार बिन्दु

**कृत्रिम सुख की बजाये, हमेशा ठोस उपलब्धियों के पीछे समर्पित रहिये। -अब्दुल कलाम**

# देश की सभी राजनीतिक पार्टियों ने संविधान की अवज्ञा की है

भारतीय संविधान दिनांक 26 जनवरी, 1950 से पूर्ण रूप से लागू किया गया। भारतीय संविधान को दुनियां के देशों के संविधानों से प्रेरणा व ज्ञान लेकर बनाया गया है; किन्तु उसकी आत्मा पूर्णतः भारतीय संस्कृति व दर्शन की है। भारतीय संविधान को, यदि आप समझना अथवा जानना चाहते हैं उसके प्रियम्बल (उद्देशिका) का विवेक के साथ अध्ययन करें। भारत के संविधान में नागरिकों को मूल अधिकार दिये हैं, जिन्हें राजनीतिक अधिकार कहा जाता है। नागरिकों को समानता का अधिाकर दिया है, जो जाति, धर्म, सेक्स भेद, रंगभेद से मुक्त होगा। गरिमा से जीने का अधिकार दिया है। सभी व्यक्तियों को अन्तःकरण की स्वतंत्रता का और धर्म के अबाध रूप से मानने, आचरण करने तथा प्रचार करने का समान अधिकार दिया है। धर्म या भाषा पर आधारित सभी अल्पसंख्यक वर्गो को अपनी रूचि की शिक्षा संस्थानों की स्थापना और प्रशासन का अधिकाार दिया गया। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम में अल्पसंख्यक की परिभाषा यह कहकर की गई है कि अल्पसंख्यक वे कहे जावेंगे जिन्हें केन्द्र सरकार विज्ञप्ति जारी कर मानेगी। यह परिभाषा विवेक शून्य तो है कि किन्तु संविधान की अवज्ञा का प्रतीक है। समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासपना की स्वतंत्रता प्रतिष्ठाा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिये तथा राष्ट्र की एकता और अखण्ड़ता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने लिये संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित किया है। भारत के लोगों ने भारत को सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न गणतंत्र बनाने का संकल्प लेकर भारत को संविधान अर्पित किया था। संविधान में 1976 में संशोधन कर उद्देशिका में 'प्रभुत्व सम्पन्न लोकतंत्रात्मक गणराज्य' के स्थान पर 'सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न समाजवादी पंथ निरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य' को प्रतिस्थापित किया था। यह नीति निदेशक तत्वों की अवज्ञा का परिणाम था। अनुच्छेद 6 से 10 में यह स्पष्ट किया है कि भारत का नागरिक कौन है, और उसे कैसे ग्रहण किया जा सकता है। संविधान में मूल अधिकारों का प्रयोग केवल नागरिक ही कर सकता है और केवल नागरिक ही मतदान कर सकता है। संविधान के तहत् रिट याचिका दायर कर ही अपने मूल अधिकार व संवैधानिक अधिकार का संरक्षण प्राप्त कर सकता है। इस निर्देश को न मानना संविधान की अवज्ञा है।

संविधान के अनुच्छेद 45 में जो राज्य की नीति के निदेशक तत्व है और जैसा यह अनुच्छेद 1950 के संविधान में स्थापित किया गया था उसके अनुसार राज्य को संविधान लागू होने के 10 वर्ष की अवधि में 6 वर्ष से 14 वर्ष की आयु के बालकों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा की व्यवस्था करना था। यह प्रावधान यद्यपि चेप्टर 3 में है; किन्तु यह अनुच्छेद 37 का अपवाद है। यह प्रावधान ैनद ैमज रूं का है जो समय की सीमा में पूरा होता है, जैसे सूर्य का अस्त होना निश्चित है। सर्वोच्च न्यायालय ने अनुच्छेद 21 के तहत् शिक्षा के अधिकार को मूल अधिकार माना है। टीएमए पाई फाउण्डेशन के केस में सुप्रीम कोर्ट की वृहद पीठ ने स्पष्ट किया है कि राज्य की आर्थिक स्थिति के अनुरूप शिक्षा का मूल अधिकार उच्च शिक्षा तक भी प्राप्त है, चाहे वह मेडिकल की हो अथवा इंजीनियरिंग। आजादी के बाद आज हम विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की ओर बढ़ चुके है।

संविधान में समय-2 पर संशोधन होते रहे हैं। शिक्षा के संबंध में अनुच्छेद 21 व अनुच्छेद 45 का उपयोग होता रहा है। यह स्थिति दिनांक 1 अप्रैल 2010 से पूर्व तक की रही है इसका उल्लेख ऊपर किया गया है। शिक्षा की पोलिसी को लेकर अनुच्छेद 21ए संविधान में नया अनुच्छेद perce yJeospeHepevepeHeJeo ;cHenerpeue.wHeie ~ GceokeâGceopeæ ।बज 2002 से जोड़ा गया और इसे दिनांक 01.04.2010 से लागू किया गया। इस अनुच्छेद 21ए के द्वारा छः से चौदह वर्ष की आयु के सभी बालकों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा के लिये उपबन्ध किया है। इसी प्रकार अनुच्छेद 45 में संविधान (46वां संशोधन) अधिनियम, 2002 की धारा 3 द्वारा इसे दिनांक 01.04.2010 से प्रतिस्थापित (लागू) किया। संशोधित अनुच्छेद में शैशव पूर्व देखभाल तथा सभी बालकों के लिये उनके छः वर्ष की आयु पूरी कर लेने तक शिक्षा के लिये उपबन्ध किया है। यहां एक और अधिनियम जिसका शीर्षक है lHenerpe Jeef yerHemekeâleceo peJe Llecece bokeâ yJeGÛevemesJeleue ckeâveyebpeHeJeo ।बजए 2009 (meb#esHe cesb lpc ~yepe) लाया गया और इसे भी दिनांक 01.04.2010 से प्रतिस्थापित (लागू) किया गया। यह अनुच्छेद 21ए पर लागू है। इस आरटीई एक्ट में यह भी व्यवस्था है कि 25 प्रतिशत meerš Ûlece.ÛleHeGbleue में प्राइवेट स्कूल में c@w आदि के लिये पहली क्लास में आरक्षित की जावेगी। फण्ड की व्यवस्था का उत्तरदायित्व राज्य सरकार पर रहेगा।

उक्त प्रकार कानून लाने व संविधान में संशोधन से 14 वर्ष तक के बालकों को जो अधिकार 10 वर्षों तक के हेतु थे उन पर विपरीत असर हुआ। छः वर्ष तक के बालकों को जो शिक्षा का अधिकार था, वह छीन लिया गया यानी समाप्त कर दिया। उसे राज्य की सरकारों की दया पर छोड़ दिया गया। त्ज्म् एक्ट आने से पूर्व प्राइवेट स्कूलों में Ûlece.ÛleHeGbleue शिक्षा छः वर्ष तक के बच्चों को दी जाती थी। सरकार के पास अर्थ के अभाव की बात की जाती है और कारण कुछ भी हो सरकारी स्कूलों की व्यवस्था नहीं है जहां छः से कम और 6 से 14 वर्ष के सभी बालकों को शिक्षा दी जा सके। इससे बड़ा देश का क्या दुर्भाग्य है? यह सरकार की संविधान की खुली अवज्ञा है।

> **इस लेख का यह उद्देश्य नहीं है, आंदोलन में पक्ष व विपक्ष में कौन दोषी है कौन सच्चा व कौन झूठा है। लेखक केवल यह कहने का प्रयत्न कर रहा है कि देश में कोई भी सरकार रही हो, सभी ने संविधान की अवज्ञा की है।**

बिहार की आगामी चुनावों को लेकर wHl पर पर देश की संसद, देश की सड़कों और चुनाव आयोग के कार्यालय तक आंदोलन विपक्ष कांग्रेस के नेतृत्व में हंगामें के रूप मे ंकर रहा है और संसद के प्रति अपने दायित्व को नहीं निभा रहा है। संसद के कार्यों मं बाधा डालना और सत्ता पक्ष को सांसदीय कार्यों को अन्जाम देने के कार्यों में रूकावट पैदा करना, किसी भी प्रकार उचित नहीं कहा जा सकता। अर्थात् विपक्ष के इस कृत्य को संविधान की अवज्ञा ही कहा जावेगा। संविधान के अनुच्छेद 326 में यह स्पष्ट किया गया है, विधानसभा व लोकसभा के चुनावों में प्रत्येक व्यक्ति को जो भारत का नागरिक है और जो कम से कम 18 वर्ष की आयु का है वही व्यक्ति चुनाव में मदान का अधिकारी है और यह व्यक्ति होगा जिसने किसी निर्वाचन के मतदाता के रूप में रजिस्ट्रीकृत होने का अधिकार प्राप्त किया है। चुनाव आयोग को संविधान के अनुच्छेद 324 में विशिष्ट संविधानिक दायित्व दिया है और वह दायित्व है चुनावों के लिये नामावली तैयार करना, यह व्यवस्था संविधान के अनुच्छेद 327 व 328 में की गई है। बिहार मेंैप्त के दौरान 65 लाख 40,000 तथाकथित मतदाताओं के नाम काटे गये हैं, जिनमें मृतक व वे व्यक्ति हैं जो अपना निवास छोड़ चुके हैं तथा वे लोग भी हैं जो यह प्रमाणित नहीं कर सके हैं कि वे इस देश के नागरिक हैं, क्योंकि वे बांग्लादेश या म्यांममार के लोग हैं जो भारत में अवैध रूप से घुसकर रह रहे हैं। ऐसे लोगों को 30 दिन का समय प्रतिवेदन देने का दिया है, जहां वे अब भी कानूनी प्रमाण पेश कर साबित कर सकते हैं कि वे इस महान देश के नागरिक हैं और इस नाते उन्हें मतदान का अधिकार है।

जैसा ऊपर कहा हैैप्त की की वैधता की प्रश्न सुप्रीम कोर्ट मं चल रहा है। यही विवाद राज्य सभा व संसद में भी गूंज रहा है। संसद से निकलर इंडिया ब्लॉक का 'वोट चोरी' विरोध सड़कों पर आ चुका है।

इस लेख का यह उद्देश्य नहीं है, आंदोलन में पक्ष व विपक्ष में कौन दोषी है कौन सच्चा व कौन झूठा है। लेखक केवल यह कहने का प्रयत्न कर रहा है कि देश में कोई भी सरकार रही हो, सभी ने संविधान की अवज्ञा की है। चाहे वह मामला शिक्षा को हो अथवा वोटर्स लिस्ट बनाने का हो अथवा लोकसभा व राज्यों की विधान सभा में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिये आरक्षण का रहा हो। संविधान के अनुच्छेद 334 में आरक्षण 10 वर्ष का था जो समय की अवधि के बाद स्वतः ही समाप्त होने वाला था; किन्तु वह 10 वर्ष की अवधि के बाद भी सरकार द्वारा जारी रखा गया और अनुच्छेद 334 में 23वां संविधान संशोधन 1969 में उसे 20 वर्ष किया और प्रत्येक 10 वर्ष बाद संशोधन किया जा रहा है। यह सर्वथा असंवैधानिक है; किन्तु संविधान की अवज्ञा इसी प्रकार प्रत्येक सरकार जो सत्ता में रही करती आ रही है।

यहाँ øeMve wHl का है। राहुल गांधी जो लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं, उनका कहना है कि यह लड़ाई राजनीतिक नहीं है अपितु वोट चोरी की सच्चाई देश की जनता के सामने रखने की है। यह लडाई संविधान बचाने की है। यह लडाई 'एक व्यक्ति एक वोट' की लडाई है। यह नारा स्वंय ही संविधान की अवज्ञा का घोतक है। दिनांक 12.08.2025 की बहस में सुप्रीम कोर्ट के समक्ष कहा कि उसेैप्त का अधिकार है वह संविधान व आर पी अधिनियम 1950 कानून के अनुसार कार्य कर रहा है। चुनाव आयोग ने कहा कि वोट देने के अधिकारी वोटर्स को मत देने से नहीं रोका जा रहा है और जिनके नाम काटे गये हैं उन्हें प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का और मतदाता बनने का अधिकारी होने के बाबत यथोचित शहादत पेश करने का व सुनवाई का अवसर दिया जावेगा। माननीय सुप्रीम कोर्ट की खण्डपीठ जिसके जस्टिस सूर्यकान्त व जस्टिस जॉय मॉल्या बागची न्यायाधीश हैं सुनवाई कर रहे हैं। बहस अभी (14.08.2025 तक) चल रही थी। इसका निर्णय शीघ्र होने की संभावना है। लेखक को केसेज के गुण दोषों पर कुछ नहीं कहना। इस लेख का अभिप्राय है कि जनता को यह स्पष्ट किया जावे कि सत्ता में बैठी सभी राजनीतिक पार्टियों ने संविधान की अवज्ञा की है। शिक्षा, विधान सभा की सीटों का भाषा के, चुनाव संबंधित प्रावधानों की अवज्ञा की है। विपक्ष संविधान की जो पुस्तक लेकर 'संविधान बचाओ' आन्दोलन की बात कर रहा है वह पुस्तक सम्भवतः 2-3 वर्षों पूर्व तक उन्हें संशोधनों के अपने में अंगीकृत किये हुये हैं। पुस्तक उस संविधान को प्रस्तुत नहीं करता जो दिनपांक 01.04.2010 से पूर्व था अथवा 26.01.1960 के पूर्व में था या जो 23.01.1970 से पूर्व था। अनुच्छेद 334 स्थानों के आरक्षण और विशेष प्रतिनिधत्व का कतिपय अवधि के पश्चात् नकहने से सम्बन्धित है यानी ÛleJeDeHesHeJeo serbmeme yecebsce peJe erbDece bo ceefefceyepe Jeo peerce ceieÛeHelebpeHeJeo Jeef b ÛeceleHeJekeâ Jeef ... uecebles प्रारम्भ में यह 10 वर्ष था अब इसे अवधि को 80 ल्मंते कर दिया गया है।


यानी प्रारम्भिक अवधि को प्रत्येक 10 वर्ष बढ़ा दिया जाता है। संविधान की अवज्ञा का इससे बढ़कर कोई प्रमाण नहीं मिल सकता। इसने हजारों लोगों को चुनाव में खड़े होने से रोका है। इसी प्रकार अनुच्छेद 45 की 10 वर्ष की अवधि में 14 वर्ष के बालकों को अनिवार्य व निःशुल्क शिक्षा न देकर सरकार ने संविधान की अवज्ञा ही नहीं की है अपितु पाप किया है इसके फलस्वरूप आजादी के 75 वर्षो के बाद भी हमें पढ़े लिखे व सही समझ वाले सही सांसद, विधायक व पंच, सरपंच नहीं चुन पाये हैं। संविधान कहता है हिन्दी राजभाषा (राष्ट्रभाषा) होगी और संविधान लागू होने के 15 वर्ष पश्चात् हिन्दी राजभाषा होकर संसद की भाषा हुई है आप स्वंय अनुच्छेद 120 को पढ़कर यह अर्थ निकाल सकते हैं। आइये मिलकर हम देश के लोग यह घोषणा करें कि हम संविधान का पालन करेंगे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करेंगे। सबको सन्मति दे भगवान!

**-अतिथि सम्पादक**
**पानाचन्द जैन,**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# जयपुर मंडल रेल प्रबंधक ने फुलेरा जंक्शन पर निर्माणाधीन कार्य का निरीक्षण किया


**फुलेरा,** (निसं)। जयपुर मंडल रेल प्रबंधक रवि जैन गुरुवार को मंडल स्तरीय रेल अधिकारियों के साथ विशेष निरीक्षण रेलयान गाड़ी से फुलेरा पहुंचे, जहां फुलेरा के रेल अधिकारी डीएमई रोहित मीना, एडीईएन श्याम सुंदर गर्ग, स्टेशन अधीक्षक सतीश कुमार ने पहली बार फुलेरा आगमन पर डीआरएम रवि जैन को बुके देकर स्वागत सत्कार करते हुए अगुवाई की। डीआरएम रवि जैन ने फुलेरा के रेल अधिकारियों से रूबरू होते हुए चार नंबर प्लेटफार्म के रेलवे ओवरब्रिज पर पहुंचकर रेलवे यार्ड का निरीक्षण करते हुए स्थानीय रेल अधिकारियों से फीडबैक लेते हुए उन्हें उचित कार्रवाई के दिशा निर्देश दिए।

डीआरएम ने प्लेटफार्म नंबर 3 का निरीक्षण के दौरान स्टेशन टीन सेड, पानी निकास नालियों तथा आरपीएफ थाने का तथा स्टेशन का निरीक्षण करते हुए मिली कमियों के बारे में संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर फुलेरा जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष सुबोध छाबड़ा के नेतृत्व में विमल काला, महेश रावंका, राकेश जैन सहित अन्य लोगों ने डीआरएम जैन का माला व साफा बंधवाकर स्वागत किया। इसके बाद डीआरएम ने सेंट्रल लॉबी का निरीक्षण किया तथा प्लेटफार्म नंबर दो के निरीक्षण के बाद अमृत भारत योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया जहां उचित दिशा निर्देश देने के बाद रेलवे रनिंग रूम का निरीक्षण करने के बाद जलपान ग्रहण किया और अपने गंतव्य के लिए रेल निरीक्षण यान से अपने लवाजमें के साथ रवाना हुए। इस अवसर पर एडीआरएम संजीव दीक्षित, सीनियर डीसीएम पूजा मित्तल, सीनियर डीपीओ सत्येंद्र यादव, वरिष्ठ मंडल ईई विजयसिंह चौधरी, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (सीएंडडब्लू) प्रमोद रावत, फुलेरा स्टेशन मास्टर सतीश कुमार सहित अन्य स्थानीय रेल अधिकारी मौजूद रहे।



जयपुर मंडल रेल प्रबंधक रवि जैन का फुलेरा में रेल अधिकारियों ने स्वागत किया।

# जन्माष्टमी पर्व को सार्थक करने के लिये भगवान श्री कृष्ण के उपदेशों को आत्मसात करें



डॉ. जे. के. गर्ग

**भगवान** कृष्ण की उपासना के पर्व जन्माष्टमी पर हमारी पूजा अर्चना तभी सार्थक होगी जब हम भगवान के उपदेशों को आत्मसात करने का संकल्प लें और उनके बताए रास्ते पर चलें। कृष्णमय हो कर उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारें। सनातन धर्म के अनुयायीयों के मतानुसार जब जब इस धरा पर राक्षसों और क्रूर शासकों के जुल्म और अत्याचार चरम सीमा तक बढ़ जाते हैं और जब सत्य पर असत्य, विनम्रता पर अहंकार, नैतिकता परअनैतिकता, सहिष्णुता पर असहिष्णुता, न्याय पर अन्याय और धर्म पर अधर्म हावी हो जाता है, तब जगत के पालनहार भगवान विष्णु खुद सत्य और धर्म की पुनः स्थापना करने हेतु पृथ्वी पर अवतरित होते है। इसी कड़ी में भारत की पावन भूमी पर स्वयंभगवान विष्णु अपनी सोलह कलाओं के साथ आठवें अवतार के रूप में भाद्रपदमास की कृष्ण पक्ष की अष्टमी की मध्यरात्रि को रोहिणी नक्षत्र में क्रष्ण के रूप में अवतरित हुए थे।

भगवान कृष्ण ने अर्जुन को गीता के माध्यम से मानव जीवन के गूढ़ रहस्यों सरल भाषा में समझाते हुवे निष्काम भाव से सात्विक कर्म करके उन्हें परमात्मा को समर्पित करने कहा था। कृष्ण ने केवल उपदेश ही नहीं दिए ,उन्होंने उनको साकार कर भी दिखाया। जैसे गीता के रूप में उनकी वाणी अनुकरणीय है वेसे ही उनका जीवन भी। भगवान ने बताया कि रिश्ते कैसे निभाये जाते हैं। अपने जीवन को कैसे प्रेममय बनाया जाता है और जीवन के उतार चड़ाव कासामना मुस्कराते हुये कैसे किया जाता है। भगवान कृष्ण ने हमको समझाया कि हम क्यों व्यर्थ की चिंता करते हैं? आत्मा अविनाशी और अमर है। जो हुआ वह अच्छा हुआ, जो हो रहा है वह अच्छा हो रहा है, जो होगा, वह भी अच्छा ही होगा। तुम भूत का पश्चाताप ना करो, भविष्य की चिंता ना करो। ध्यानपूर्वक सुनो तुम्हारा क्या गया गया, जो तुम रोते हो? तुम क्या लाए थे, जो तुमने खो दिया? तुमने क्या लाये हो जो नष्ट हो गया है? ना तुम कुछ लेकर आए, जो लिया यहीं से लिया। जो दिया, यहीं पर दिया। जो लिया, भगवान से लिया। जो दिया भगवान को दिया। इंसान खाली हाथ आया और खाली हाथ जायेगा। जो आज तुम्हारा है, कल किसी का था, परसों किसी और का होगा। तुम इसे अपना समझ कर मग्न हो रहे हो। बस यही प्रसन्नता तुम्हारे दुखों का मूल कारण है। विश्वास रखों परिवर्तन संसार का नियम है। जिसे तुम मृत्यु समझते हो, वही तो जीवन हैं। यही सबसे उत्तम सहारा है। जो इसके सहे को जनता है वह भय, चिन्ता, शोक से सर्वदा मुक्त है। जो कुछ भी तुम करते हो उसे, भगवान को अर्पण कर दो। ऐसा करने से तुमको सदा का आनंद अनुभव होगा।

इस जन्माष्टमी भगवान की उपासना करते हुये उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारें। कर्तव्य परायणता की यही शिक्षा श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र की रणभूमि में गीता के माध्यम से अर्जुन को दी थी, जो युद्ध भूमी में अपने स्वजनों की संभावित मृत्यु के भय से दुखी होकर अपने क्षित्रय धर्म एवं कर्तव्य से मुहँ मोड़ कर युद्ध नहीं करना चाह रहे थे। भगवान ने बतलाया कि एक क्षण में तुम करोडो के स्वामी बन जाते हो, दूसरे ही क्षण में तुम दरिद्र हो जाते हो। मेरा -तेरा, छोटा-बड़ा, अपना-पराया मन से मिटा दो, फिर सब तुम्हारा हैं, तुम सबके हो। यह शरीर अग्नि, जल, वायु, पृथ्वी, आकाश से बना है और इसमें ही में मिल जाएगा। परन्तु आत्मा स्थिर हैं अविनाशी है तुम नाशवान शरीर नहीं हो तुम तो अविनाशी आत्मा हो तुम अपने आपको भगवान को अर्पित करो। निसंदेह गोवर्धन कान्हा के सम्पूर्ण जीवन काल में कर्म की ही प्रधानता रही थी। भगवान कृष्ण ने हमें बताया कि जिसने जन्म लिया है उसकी मृत्यु निश्चित है और मृत्यु के पश्चात् पुनर्जन्म भी निश्चित है प्रत्येक बुद्धिमान व्यक्ति को असत्य, विनम्रता पर अहंकार, नैतिकता परअनैतिकता, सहिष्णुता पर असहिष्णुता, न्याय पर अन्याय और भगवान कृष्ण ने अर्जुन को गीता के माध्यम से मानव जीवन के गूढ़ रहस्यों सरल भाषा में समझाते हुवे निष्काम भाव से सात्विक कर्म करके उन्हेंपरमात्मा को समर्पित करने कहा था। कृष्ण ने केवल उपदेश ही नहीं दिए ,उन्होंने उनको साकार कर भी दिखाया। जैसे गीता के रूप में उनकी वाणी अनुकरणीय है वेसे ही उनका जीवन भी।

याद रखें कि जो हुआ वह अच्छा हुआ, जो हो रहा है वह अच्छा हो रहा है, जो होगा वो भी अच्छा ही होगा। मेरा तेरा, छोटा बड़ा, अपना पराया, मन से मिटा दो, फिर सब तुम्हारा है और तुम सबके हो। मनुष्य जो चाहे बन सकता है, अगर वह विश्वास के साथ इच्छित वस्तु पर लगातार चिंतन करें तो जो मनुष्य अपने अपने कर्तव्य का पालन करता है, वह असली योगी है। जो पुरुष न तो कर्मफल की इच्छा करता है, और न कर्मों से घृणा करता है, वह मनुष्य ही वास्तव के अंदर संन्यासी है। जीवन न तो भविष्य में है ना अत। जो विद्वान् होते है, वो न तो जीवन के लिए और न ही मृतक के लिए शोक करते है। हे अर्जुन! परमेश्वर प्रत्येक जीव के हृदय में स्थित है। भगवद गीता के अनुसार नरक के तीन द्वार होते है, वासना, क्रोध और लालच। मनुष्य को इन तीनों से बचना चाहिए।

कर्मकाण्ड पूजा अर्चना का अपना महत्व है। किंतु अगर साधारण आदमी कृष्णमय बन कर भगवान के उपदेशों को मूर्त रूप देने की आत्मशक्ति प्राप्त कर ले तो सच्चाई में यही भगवान की सच्ची उपासना होगी।

**- डॉ. जे. के. गर्ग**
**पूर्व संयुक्त निदेशक कॉलेज शिक्षा जयपुर**

# वीर दुर्गादास जयंती पर प्रतिभाओं का सम्मान किया

- **निम्बार्काचार्य श्रीजी महाराज के सानिध्य में वीर दुर्गादास जयंती मनाई**
- **कार्यक्रम में वक्ताओं ने वीर दुर्गादास के जीवन चरित्र से सीख लेकर अपने जीवन में उतारने का आव्हान किया**

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निसं)। राजपूत सभा समिति की ओर से जगतगुरु निंबार्काचार्य पीठाधीश्वर श्यामशरण देवाचार्य श्रीजी महाराज के सानिध्य में वीर दुर्गादास राठौड़ की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई।

संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़, बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत, राज्य खेल परिषद सचिव राजेन्द्र सिंह सिसोदिया, नगर परिषद सभापति दिनेश सिंह राठौड़, उपखण्ड उपखण्ड अधिकारी रूपनगढ़ कुलदीप सिंह शेखावत, उपखंड अधिकारी मसूदा दीपशिखा कालवी, पार्षद अजमेर देवेंद्र सिंह शेखावत अतिथि के रूप में मौजूद रहे। श्रीजी महाराज ने कहा कि वीर दुर्गादास राठौड़ स्वाभिमान भक्ति, राष्ट्र भक्ति के साथ भागवत भक्ति के लिए भी जाने जाते हैं। उन्होंने वीर दुर्गादास को भारत भूमि के आदर्श की उपाधि दी।

संभागीय आयुक्त शक्तिसिंह राठौड़ ने कहा कि वीर दुर्गादास राठौड़ जैसा योद्धा विश्व के इतिहास में नहीं हुआ। विधायक देवीसिंह शेखावत ने कहा कि सदियां बीत जाने के बाद वीर दुर्गादास जैसा महापुरुष पैदा होता है। सचिव राजेंद्र सिंह सिसोदिया, मसूदा उपखंड अधिकारी दीपशिखा कालवी, सभापति दिनेश सिंह, अजमेर पार्षद देवेंद्र सिंह ने वीर दुर्गादास के जीवन चरित्र से सीख लेकर अपने जीवन में उतारने का आव्हान किया।

खुखाराज परिवार के यदुनाथ सैन, ओजस्वी वक्ता श्यामसुंदर टेलर ने भी अपने विचार व्यक्त किये। अध्यक्ष उदय सिंह राठौड़ तोलामाल ने जयंती समारोह पर प्रकाश डाला। समारोह में शिक्षा, खेल व राजकीय सेवाओं में उत्कर्ष परिणाम प्राप्त करने वाली सौ से अधिक प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया। संचालन अतिरिक्त विकास अधिकारी शक्ति सिंह राठौड़ ने किया। सचिव सुमेर सिंह राठौड़, संरक्षक व पूर्व विधायक जगजीत सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एडवोकेट किशोर सिंह उरसेवा, समरथ सिंह तीत्यारी, शिवसौरभ सिंह, जयदीप सिंह सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु मौजूद रहे।



समारोह में शिक्षा, खेल व राजकीय सेवाओं में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाली सौ से अधिक प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया।

## राशिफल शुक्रवार 15 अगस्त 2025



पंडित अनिल शर्मा

भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष सप्तमी तिथि, शुक्रवार, विक्रम सम्वत 2082, अश्विनी नक्षत्र प्रातः 7।36 तक, गड़योग दिन 10.16 तक, गरण करण दिन 3.16 तक, च्न्द्रमा आज मेष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-कर्क, चन्द्रमा-मेष, मंगल-कन्या, बुध-कर्क, गुरु-मिथुन, शुक्र-मिथुन, शनि-मीन, कुम्भ-केतु राशि में संचार करेगा।

आज सवार्थ सिद्धि और रवियोग प्रातः 7.36 से रात्रि 11.50 तक है। आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व्रत (स्मार्ती) है। श्रीकृष्ण जयंती थाड़ी पर्व (सिन्धी) है। आज जीवंतिका पूजन, पारसी नूतन वर्ष (नवरोज) आरम्भ है। आज भारतीय स्वतंत्रता दिवस है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः चट-सूर्योदय से 2.39 तक, लाभ-अमृत 7.39 से 10.54 तक, शुभ 12.31 से 209 तक, चट 5.23 से सूर्यास्त तक**


**राहूकालः** 10.30 से 12.00 तक, सूर्योदय 6.02 सूर्यास्त 7.01




**मेष**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। पारिवारिक परेशानियों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित समस्या हो सकती है। दिन के मध्यान्ह पश्चात अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।




**वृष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है। व्यावसायिक आय में वृद्धि हो सकती है। दिन के मध्यान्ह पश्चात अष्टम चन्द्र शुभ नहीं है।




**मिथुन**
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। दिनचर्या में सुधार होगा। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।




**कर्क**
व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।




**सिंह**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।




**कन्या**
आर्थिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिल सकता है। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।




**तुला**
आर्थिक कारणों से अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी।




**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।




**धनु**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात मानसिक तनाव से राहत मिलेगी।



**मकर**
आर्थिक/वित्तीय मामलों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है।



**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।



**मीन**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

राष्ट्रदूत
अजमेर
Rashtradoot

अजमेर, शुक्रवार 15 अगस्त, 2025

# सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग की हवा निकाली

## चुनाव आयोग को अब उन 65 लाख मतदाताओं की सूची छापनी होगी, जिनका नाम वोटर लिस्ट से काटा गया है, तथा चुनाव आयोग को यह बताना होगा कि, किस कारण से इन लोगों के नाम मतदाता सूची से काटे गये थे

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 अगस्त। बिहार, जहाँ 65 लाख से अधिक वोटरों के नाम हटाने को लेकर विवाद चल रहा था, को अचानक राहत मिली है।

भारत के सुप्रीम कोर्ट ने इस अवसर पर सामने आकर अहम कदम उठाते हुए चुनाव आयोग को कड़ी फटकार लगाई है।

- अब तक चुनाव आयोग, इस बात पर अड़ा हुआ था कि कानूनन वह बाध्य नहीं है, उन व्यक्तियों के नाम बताने के लिए जिनके नाम वोटर लिस्ट से हटाये गये हैं, और क्यों हटाये गये हैं।
- सुप्रीम कोर्ट ने अपने ऑर्डर में यह भी कहा कि जिन व्यक्तियों के नाम वोटर लिस्ट से हटाये गये हैं, वे अपना आधार कार्ड संलग्न करके, अपना नाम जुड़वाने की अर्जी दे सकेंगे। यह उल्लेखनीय है, क्योंकि अब तक चुनाव आयोग आधार कार्ड को अमान्य बताता रहा है, वोटर लिस्ट में नाम शामिल करवाने की दृष्टि से।

इसके साथ ही, विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सभी विपक्षी पार्टियों को साथ लेकर मोदी सरकार के खिलाफ वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिविज़न (एसआईआर) के मुद्दे पर जोरदार मोर्चा खोल रखा है और मानसून सत्र के बड़े हिस्से में संसद नहीं चलने दी।

वोट में हेरफेर कर भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को फायदा पहुंचाने की कोशिश ने चुनाव आयोग की भूमिका को उजागर कर दिया है, जो लगातार भाजपा के लिए काम करता

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

**अवकाश की सूचना**

राष्ट्रदूत कार्यालय में 15 अगस्त 2025 को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 17 अगस्त 2025 को प्रकाशित होगा। -सम्पादक

## रिश्वत प्रकरण में बागीदौरा विधायक को जमानत मिली

जयपुर, 14 अगस्त। राजस्थान हाईकोर्ट ने विधानसभा में उठाए गए सवालों को वापस लेने के बदले रिश्वत लेने के मामले में न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे बागीदौरा विधायक जयकृष्ण पटेल सहित, तीन अन्य को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। जस्टिस अनिल कुमार उपमन ने यह आदेश चारों आरोपियों जयकृष्ण पटेल, उससे चचेरे भाई और सहयोगी विजय कुमार सहित, दो अन्य लक्ष्मण सिंह व जगराम मीणा की जमानत याचिकाओं को स्वीकार करते हुए दिए।


( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## किश्तवाड़ में बादल फटा, 52 की मौत और 200 लापता

- कश्मीर के चशोरी गांव में मचैल माता की धार्मिक यात्रा के दौरान यह हादसा हुआ।
- गुरुवार दोपहर 12.30 बजे बादल फटा, कई लोग पहाड़ से आए पानी व मलबे की चपेट में आ गए। अब तक 42 की मौत की खबर है, 65 को बचा लिया गया है।

किश्तवाड़,14 अगस्त। जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ के चशोटी गांव में गुरुवार दोपहर 12:30 बजे बादल फटा। कई लोग पहाड़ से आए पानी और मलबे की चपेट में आ गए। हादसे में अब तक 52 लोगों की मौत हो गई है। अब तक 65 लोगों को बचाया गया है। और करीब 200 से ज्यादा लोग लापता हैं। हादसा उस समय हुआ जब हजारों श्रद्धालु मचैल माता यात्रा के लिए किश्तवाड़ में पड्डुर सब-डिवीजन में चशोटी गांव पहुंचे थे। यह यात्रा का पहला पड़ाव है। बादल वहीं फटा है, जहां से यात्रा शुरू होने वाली थी। यहां श्रद्धालुओं की बसें, टेंट, लंगर और कई दुकानें थीं। सभी बाढ़ के पानी में बह गए। चशोटी, किश्तवाड़ शहर से लगभग 90 किलोमीटर और मचैल माता मंदिर के रास्ते पर पहला गांव है। यह जगह पड्डुर घाटी में है, जो 14-15 किलोमीटर अंदर की ओर है। इस इलाके

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




# दुर्गादास राठौड़ का जीवन हर पीढ़ी के लिए प्रेरणा : उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी

## वीरवर दुर्गादास राठौड़ की 387वीं जयंती का राज्य स्तरीय समारोह डीडवाना में आयोजित

**डीडवाना,** (निसं)। डीडवाना में वीरवर दुर्गादास राठौड़ की 387वीं जयंती का राज्य स्तरीय समारोह एक ऐतिहासिक माहौल में आयोजित हुआ। समारोह में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। श्रीहिम्मत छात्रावास मैनेजिंग कमेटी और राजपूत सभा के संयुक्त आयोजन में प्रदेशभर से राजपूत समाज के प्रतिनिधि, जन प्रतिनिधि और समाजसेवी बड़ी संख्या में पहुंचे। मंच पर शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी, गाड़ौदा धाम के स्वामी महावीर जति महाराज, सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजौर, अजमेर के संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़, परबतसर के पूर्व विधायक मानसिंह किनसरिया, भाजपा नेता जितेंद्र सिंह जोधा, करणी सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में राजपूत समाज की प्रतिभाओं का सम्मान भी किया।



कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी का शॉल ओढ़ाकर और तलवार भेंट कर सम्मान किया।

- **उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने युवाओं से आव्हान किया कि देश की एकता और अखंडता के लिए एकजुट होकर देश विरोधी ताकतों के मंसूबे नाकाम करें**

समारोह को संबोधित करते हुये उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि वीरवर दुर्गादास राठौड़ स्वामी भक्ति और देश भक्ति की ऐसी मिसाल हैं, जो सदियों बाद भी उतनी ही प्रासंगिक है जितनी उनके समय में थी। उन्होंने दुर्गादास को स्वतंत्रता और अदम्य साहस का प्रतीक बताते हुए कहा कि नई पीढ़ी को उनके जीवन से सीख लेकर हर परिस्थिति में धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के हित में डटे रहना चाहिए। दिया कुमारी ने कहा कि हमारे महापुरुषों ने अपने जीवन की परवाह किए बिना देश और सनातन धर्म की रक्षा की, इसी का परिणाम है कि सैकड़ों आक्रमणों के बावजूद हमारी संस्कृति आज भी जीवित है। उन्होंने युवाओं से आव्हान किया कि देश की एकता और अखंडता के लिए एकजुट होकर देश विरोधी ताकतों के मंसूबे नाकाम करें। दिया कुमारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज का भारत मजबूत और आत्मनिर्भर है, जो किसी भी देश की धमकी से नहीं डरता। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में देश संकटों के बावजूद आगे बढ़ रहा है और किसी भी बाहरी ताकत की चाल अब सफल नहीं हो सकती। भारत न कभी झुका है, न झुकेगा, उन्होंने दृढ़ स्वर में कहा।

शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी ने कहा कि महापुरुषों की जयंतियां मनाने का उद्देश्य नई पीढ़ी को उनके बारे में जागरूक करना और उनसे प्रेरणा लेना है। कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री का शॉल ओढ़ाकर और तलवार भेंट कर सम्मान किया गया, जिससे समारोह का माहौल और भी गरिमामय हो उठा।

डीडवाना की इस ऐतिहासिक भूमि पर हुआ यह आयोजन न केवल वीरवर दुर्गादास राठौड़ के बलिदान और योगदान को स्मरण कराने वाला अवसर बना, बल्कि यह संदेश भी दे गया कि जब तक उनकी प्रेरणा जीवित है, राष्ट्र की रक्षा की भावना कभी कमजोर नहीं पड़ेगी।

# सड़क हादसे में पुत्र की मौत, मां घायल

**छबड़ा,** (निसं)। रामपुरिया गांव में गुरूवार सुबह खेत से चारा लेकर आ रहे मां-बेटे की बाइक को पिकअप ने टक्कर मार दी, जिसमें पुत्र की मौत हो गई। वहीं, घायल माता को उपचार के लिए बारां रैफर कर दिया। मकान के सामने घटी इस घटना से ग्रामवासी स्तब्ध हैं। पुलिस के अनुसार रामपुरिया निवासी जमनालाल पुत्र हजारीलाल मीणा ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसकी पत्नी मांगीबाई व पुत्र बलराम गुरूवार सुबह खेत से चारा लेकर मोटरसाइकिल से घर आ रहे थे। उनके घर के पास ही पिकअप खड़ी हुई थी। जिसके चालक अनिल उर्फ अन्नू मीणा ने पिकअप को अचानक तेज गति से चलाकर उसके घर के सामने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में मां-बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए छबड़ा चिकित्सालय लाया गया, जहां चिकित्सको ने बलराम को मृत घोषित कर दिया और मांगीबाई की गंभीर हालत को देखते हुए बारां रैफर कर दिया।

# एडमिट कार्ड 17 को अपलोड होंगे

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से अजमेर जिला मुख्यालय पर एनालिस्ट कम प्रोग्रामर/उप निदेशक परीक्षा 2024 का आयोजन 20 अगस्त को होगा। परीक्षा दो पारियों में होगी, प्रथम प्रश्नपत्र की परीक्षा 10 से 12 बजे तक तथा द्वितीय प्रश्न पत्र की परीक्षा दोपहर 3 से 5 बजे होगी। आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि परीक्षा में प्रत्येक प्रश्न पत्र हेतु ओएमआर उत्तर पत्रक के पांचवें विकल्प को भरने के लिए 10 मिनट का अतिरिक्त समय भी दिया जाएगा। परीक्षा के प्रवेश पत्र 17 अगस्त को आयोग की वेबसाइट एवं एसएसओ पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। परीक्षा केन्द्र पर किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के 60 मिनट पूर्व तक ही प्रवेश दिया जाएगा। इसके पश्चात् किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा।


**कार्यालय, अधीक्षण अभियंता पदेन परियोजना प्रबन्धक, वाटरशैड रोल कम डाटा सेन्टर जिला-कोटपूतली-बहरोड**

E-mail-sewdse.kot.behror@rajasthan.gov.in

क्रमांक : 791-803 **ई-निविदा सूचना सं-07/2025-26** दिनांक : 8.8.2025

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना 20 के अंतर्गत जिला कोटपूतली-बहरोड के 01 ब्लॉक में Vermicompost for individual beneficiary, Horticulture plantation for individual beneficiary ईसीडी, आरटीडब्ल्यूएचएस विद रिचार्ज शाफ्ट एनिकट डेड वेल रिचार्ज बैंक स्टेबलाइजेशन कार्य अभियान-20 द्वितीय चरण अंतर्गत 02 ब्लॉक में आरटीडब्ल्यूएचएस, आरटीडब्ल्यूएचएस विद रिचार्ज शाफ्ट निर्माण कार्य निवारण स्वीकृत कार्यों हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसरण में राज्य सरकार सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, सिंचाई क्षेत्र विकास एवं केन्द्रीय सरकार के अभियांत्रिक विभाग में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदको जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न सक्षम श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा कर विस्तृत विवरण https://eproc.rajasthan.gov.in "https://sppp.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट www.water.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

NIB code :- WSC2526A0629

| UBN | ऑनलाईन फार्म डाउनलोड/अपलोड करने की दिनांक | ऑनलाईन निविदा खोलने की दिनांक |
|---|---|---|
| WSC2526WSOB1083 | दिनांक 09.082025 समय प्रात: 09.30 बजे से 15.8.2025 सायं 6 बजे तक | दिनांक 16.8.2025 प्रात: 11 बजे |
| WSC2526WSOB1084<br>WSC2526WSOB1085<br>WSC2526WSOB1086 | दिनांक 9.8.2025 समय प्रात: 9.30 बजे से 18.8.2025 सायं 6 बजे तक | दिनांक 19.8.2025 प्रात: 11 बजे |

DIPR/C/11674/2025 (हरिमोहन बैरवा), अधीक्षण अभियंता पदेन परियोजना प्रबंधक (डब्ल्यू.सी.डी.सी.) कोटपूतली-बहरोड



**कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज.**

गांधी उद्यान-ब्यावर रोड, बिजयनगर

टैलीफोन नम्बर - 01462-230051 ई-मेल :- npvijaynagar@gmail.com

**ऑन लाईन निविदा सूचना संख्या 12/2025-26**

नगर पालिका बिजयनगर द्वारा राजकीय विभाग में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से सिविल कार्य हेतु ऑन लाईन निविदा निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रीया से वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। ऑन लाईन निविदा सूचना संख्या 12/2025-2026 के कार्य संख्या 01 की अनुमानित लागत 24.99 लाख है। ऑन लाईन निविदाए दिनांक 15-08-2025 से 25-08-2025 समय सांय 6:00 बजे तक डाउनलोड की जाकर दिनांक 26-08-2025 को निविदा शुल्क, अमानत राशि एंव प्रोसेसिंग शुल्क की डी. डी. भौतिक रूप से समय 12:00 PM तक कार्यालय में जमा कराई जा सकती है। ऑन लाईन निविदा की ऑन लाईन निविदा खोलने की दिनांक 28-08-2025 समय प्रात: 10:00 बजे खोली जायेगी। अधिक जानकारी वेबसाईट https://sppp.raj.gov.in एवं https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

UNB Reference No:- DLB2526A4678

राज.संवाद/सी/25/8162 अधिशाषी अधिकारी


# खेजड़ी संरक्षण के लिए नया कानून बनेगा : राज्यमंत्री बिश्नोई

**नोखा,** (निसं)। राजस्थान में खेजड़ी सहित अन्य पेड़ों के संरक्षण के लिए नया कानून बनेगा। राज्यमंत्री कृष्ण कुमार बिश्नोई ने नोखा और अन्य क्षेत्रों से पहुंचे पर्यावरण प्रेमियों से मुलाकात की। इस दौरान सोलर कंपनियों द्वारा अवैध रूप से पेड़ों की कटाई को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई।

- **राज्यमंत्री कृष्ण कुमार बिश्नोई ने नोखा और अन्य क्षेत्रों से पहुंचे पर्यावरण प्रेमियों से मुलाकात की**

मंत्री ने आश्वासन दिया कि मानसून सत्र में खेजड़ी संरक्षण अधिनियम लाया जाएगा। इसके तहत राज्य वृक्ष खेजड़ी को पूर्णत: संरक्षित घोषित किया जाएगा। खेजड़ी की अवैध कटाई करने वाले व्यक्ति या संस्थान पर 2 लाख रुपए का जुर्माना और 3 साल की सजा का प्रावधान होगा। सोलर प्लांट के लिए नए नियम बनाए जाएंगे। कंपनियों को विकसित पेड़ों को बचाते हुए प्लांट स्थापित करना होगा। इसके लिए उन्हें 15-20 प्रतिशत अतिरिक्त जमीन लेनी होगी। प्रोजेक्ट शुरू करने से पहले पेड़ों की जियो-टैगिंग कराना अनिवार्य होगा। सोलर प्रोजेक्ट क्षेत्र में मियावाकी पद्धति से सघन वन विकसित करना होगा। कुल क्षेत्र का 15-20 प्रतिशत हिस्सा 'ग्रीन वैली' के रूप में विकसित करना अनिवार्य होगा। पेड़ों की कटाई के लिए जिला कलेक्टर की अनुमति लेनी होगी। सिंचित कृषि भूमि और कुएं/नलकूप वाली जमीन पर सोलर प्रोजेक्ट की अनुमति नहीं दी जाएगी। वार्ता में फरसाराम बिश्नोई जोधपुर, सुभाष बिश्नोई, स्वामी कृपाचार्य, महंत आनंद प्रकाश जाम्भा, शिवराज जाखड़, रामनिवास बुधनगर, मांगी लाल बुढ़िया, ओमप्रकाश लोल, रिछपाल फौजी, भोमाराम भादू, हेतराम डूडी, रवि बिश्नोई, विजयपाल डेलू आदि शामिल थे।

# तस्करों को छुड़ाने के लिये नारकोटिक्स टीम पर हमला करने की कोशिश

- **दो अलग-अलग कार्रवाई, अफीम व डोडा-चूरा बरामद, एक आरोपी को पकड़ा, तीन फरार**
- **दूसरी कार्रवाई में नारकोटिक्स ब्यूरो टीम ने 77.100 किलोग्राम डोडा-चूरा बरामद किया**

**कोटा,** (निसं)। प्रदेश में मादक पदार्थ तस्करी व तस्करों की धरपकड़ के लिये नारकोटिक्स ब्यूरो टीम ने दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ अफीम व डोडा चूरा बरामद किया है। नारकोटिक्स टीम द्वारा मादक पदार्थ अफीम की कार्रवाई के दौरान तस्करों को छुड़ाने के लिये मौके पर भीड़ ने टीम पर हमला करने की कोशिश की। वहीं टीम ने मुकाबला करते हुए माल सहित एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया एवं दो आरोपी भीड़ व अंधेरा का फायदा उठाते हुए मौके से फरार हो गये। वहीं दूसरी कार्रवाई में टीम ने मादक पदार्थ डोडा-चूरा ले जाते हुए कार सवार को रोकने की कोशिश की, टीम को देखकर कार चालक ने तेज गति से कार चलाते हुए आगे जाकर माल को कार से उतारकर कार लेकर फरार हो गया। टीम ने कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ डोडा चूरा को जब्त कर लिया। उक्त दोनों कार्रवाई केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल के निर्देशन में की गई।

उपनारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति बंदनवाड़ा फ्लाईओवर के पास किसी तीसरे व्यक्ति को अवैध अफीम पहुँचाने वाले हैं। सूचना पर केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सी.बी.एन) जयपुर सेल के अधिकारियों की एक टीम गठित की गई और टीम को मौके पर भेजा गया। गठित टीम ने संदिग्ध मार्ग पर कड़ी निगरानी रखी। टीम ने अपने-अपने दोपहिया वाहनों पर सवार उक्त व्यक्तियों की पहचान की और उन्हें बंदनवाड़ा फ्लाईओवर पर रोक लिया, टीम ने मौके पर वाहनों की तलाशी ली तो तलाशी के दौरान टीम को मादक पदार्थ अफीम 4.068 किलोग्राम बरामद हुई। बुंदेल ने बताया कि मौके पर तलाशी के दौरान, लगभग 70-80 स्थानीय लोगों की हिंसक भीड़ ने आरोपियों को भागने में मदद करने के इरादे से निवारक दल पर हमला करने की कोशिश की। अत्यंत कठिन परिस्थिति के बावजूद, निवारक दल ने स्थिति को संभाला और कर्मचारियों, स्वतंत्र गवाहों और बरामद प्रतिबंधित सामग्री की सुरक्षा का आश्वासन देते हुए भीड़ को खदेड़ दिया। इस दौरान एक आरोपी को दो मोटरसाइकिलों सहित पकड़ लिया, जबकि दो अन्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर हिंसक भीड़ की मदद से एक मोटरसाइकिल सहित मौके से भाग गए। कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद, बरामद अवैध अफीम और दो वाहनों को जब्त कर लिया गया। बरामद अवैध अफीम की तस्करी में शामिल होने के आरोप में एक व्यक्ति को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है। आगे की जांच प्रक्रिया जारी है।

उप नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि वही दूसरी कार्रवाई में मुखबीर से सफेद रंग की टाटा पंच के मारवाड़ क्षेत्र में अवैध डोडा-चूरा ले जाने की सूचना मिलने के बाद केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सी.बी.एन) चित्तौड़गढ़ सेल और प्रतापगढ़ सेल के अधिकारियों की एक संयुक्त टीम गठित की गई और टीम को रवाना किया गया। टीम ने संदिग्ध मार्ग पर कड़ी निगरानी रखी गई। टीम ने संदिग्ध कार को देखते ही उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन कार चालक रुकने के बजाय, अंधेरे का फायदा उठाकर गति बढ़ाकर मौके से भाग निकला। संदिग्ध कार की तलाशी के दौरान, छापरी-जितिया मार्ग पर लावारिस हालत में चार काले रंग के बैग मिले। कार की आस-पास के इलाके में तलाश की गई, लेकिन वह नहीं मिली। टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा 77.100 किलोग्राम बरामद किया। टीम ने डोडा-चूरा से से भरे चार बैग लावारिस हालत में बरामद किए।


**कार्यालय नगर परिषद बारां**

E-Mail : nagarpalikabaran@gmail.com स्टेशन रोड, बारां Phone : 07453-230106

क्रमांक :-नपबा/राजस्व शाखा/2025/3861-62 दिनांक :- 12.08.2025

**अभिव्यक्ति की अभिरूचि (Expression of Interest-EOI) का आमत्रण**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हर वर्श की भांति नगर परिशद बारां द्वारा डोल मैला 2025 का आयोजन दिनांक 03.09.2025 से किया जा रहा है। डोल मैला 2025 के अन्तर्गत फूड कॉर्ट (संलग्न मानचित्र में दर्शित स्थान पर)

**(फूड कॉर्ट स्थल संख्या 1** :-फल मण्डी के सामने चौपहिया वाहन पार्किंग के पास, लगभग 300×100 वर्गफीट क्षेत्रफल पर तालाब की पाल पर)

**फूड कॉर्ट स्थल संख्या 2** :- तेजा जी के चबुतरक के पास, तालाब की पाल पर लगभग 300×100 वर्गफीट क्षेत्रफल पर)

संचालन के कार्य हेतु इच्छुक व्यक्ति अपनी दर बन्द लिफाफा पद्वति से नगर परिशद कार्यालय में दिनांक 20.08.2025 को दोपहर 01:00 बजे तक प्रस्तुत करेंगे। अन्य शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

विस्तृत अभिव्यक्ति की अभिरुचि (EOI) नगर परिशद कार्यालय तथा वेबसाइट WWW.SPPP.RAJASTHAN.GOV.IN से प्राप्त/डाउनलोड की जा सकती है।

फूड कॉर्ट स्थल संख्या 1 UBN NO. – DLB2526SSOB14426

फूड कॉर्ट स्थल संख्या 2 UBN NO. - DLB2526SSOB14427

राज.संवाद/सी/25/8151 आयुक्त



**कार्यालय नगर पालिका कपासन जिला चित्तौड़गढ़**

क्रमांक/न.पा.क./निर्माण/2025-26/2029-30 दिनांक : 13.08.2025

**निविदा सूचना नं. 12/2025-26**

नगरपालिका कपासन द्वारा नगर निकाय में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत एवं अन्य विभागो में 'ए' एवं 'एए' श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाईड eproc.rajasthan.gov.in पर ऑन लाईन निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा शर्ते एवं निविदा प्रपत्र संवेदक sppp.rajasthan.gov.in & eproc.rajasthan.gov.in से प्राप्त कर सकेगें। उक्त निविदा वेबसाईट sppp.rajasthan.gov.in के NIB Code : DLB2526A4679 पर देखे तथा निविदा का विवरण निम्न प्रकार हैः-

| | |
|---|---|
| कार्य निविदा के कार्य | कुल 01 कार्य |
| निविदा की अनुमानित लागत | राशि 31.07 लाख रूपये |
| ऑनलाईन निविदा फार्म मिलने की दिनांक व समय | दिनांक 14.08.2025 प्रातः 10.00 बजे से |
| ऑनलाईन निविदा फार्म जमा कराने की अन्तिम दिनांक व समय | दिनांक 26.08.2025 प्रातः 10:00 बजे तक |
| डी.डी./दस्तावेज जमा करवाने की अन्तिम दिनांक व समय | दिनांक 26.08.2025 दोपहर 12:00 बजे तक |
| ऑनलाईन तकनीकी निविदा खोलने की दिनांक व समय | दिनांक 26.08.2025 दोपहर 2:00 बजे तक |
| ऑनलाईन वित्तीय निविदा खोलने की दिनांक व समय | तकनीकी बिड मुल्यांकन पश्चात् |
| Unique Bid Number | |
| 1 | DLB2526WSRC14487 |

राज.संवाद/सी/25/8159 अध्यक्ष नगरपालिका कपासन अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका कपासन



**OFFICE OF THE MUNICIPAL BOARD SAYLA (JALORE)**

No.-321 Date-12.08.2025

**-:: Notice Inviting Bid- 01/2025-26 ::-**

Bid for Rate Contract of Un-Skilled Manpower Supply work under Municipal Board Sayla are invited from interested bidders upto 25.08.2025 (Date) 06.00 PM. (Time) Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://proc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state; and notice board of this office. The approximate value of the procurement is Rs. 40.00 Lakhs.

UBN- DLB2526A4672

Raj.Samwad/C/25/8168 Executive Officer



**कार्यालय नगरपालिका मण्डल नारायणपुर कोटपूतली-बहरोड़**

Email id- narayanpur.ulb.jaipur@gmail.com

क्रमांकः- न.पा.नारा./ निर्माण/2025-26/535 दिनांकः- 11.08.2025

**निर्माण निविदा सूचना 08-2025-26**

नगरपालिका नारायणपुर की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए सील बंद निविदाये आमंत्रित की जाती हैं। निविदा website www.sppp.raj.ni.in से download कर देखी/प्राप्त की जा सकती हैं। RTPP एक्ट की शर्ते मान्य होंगी एवं अन्य शर्ते कार्यालय समय में देखी जा सकती हैं।

जिसके Nib Code व UBN Number निम्न प्रकार हैं।

| Sr. No. | NIB Code | UBN No. |
|---|---|---|
| 1. | DLB2526A4640 | DLB2526WSOB14425 |

राज.संवाद/सी/25/8193 अधिशाषी अधिकारी


# पिता ने नाबालिग बेटी का 50 साल के व्यक्ति से जबरन निकाह करवाया

- **पिता ने पांच लाख रुपए में 15 साल की बेटी का सौदा किया, मां ने पति-बेटे समेत 11 लोगों पर एफआईआर दर्ज कराई**
- **मां का आरोप है कि मैं हमेशा से इस निकाह के खिलाफ थी, लेकिन पति और बेटे ने रुपयों के लालच में जबरन निकाह कर दिया**

**बीकानेर,** (निसं)। यहां एक पिता ने 5 लाख रुपए में 15 साल की बेटी का सौदा कर दिया। उसने बेटी की मर्जी के बिना 50 साल के व्यक्ति से उसका जबरन निकाह करवा दिया। निकाह के बाद जब वह नाबालिग से जोर-जबरदस्ती करने लगा तो लड़की रो पड़ी। वह मौका पाकर वहां से भाग निकली और मां के पास आ गई। मामला खाजूवाला थाना इलाके का है। नाबालिग की मां ने पति, बेटे और 50 साल के व्यक्ति समेत 11 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। मां का आरोप है कि मैं हमेशा से इस निकाह के खिलाफ थी लेकिन, पति और बेटे ने रुपयों के लालच में जबरन उसका निकाह कर दिया।

थानाधिकारी सुरेंद्र कुमार प्रजापत ने बताया कि मां ने 12 अगस्त को रिपोर्ट दी है। मामला दर्ज कर लिया गया है। पीड़ित बच्ची के बयान लिए जाएंगे। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

नाबालिग की मां ने रिपोर्ट में बताया कि मेरी 15 साल की बेटी का निकाह 50 साल की उम्र के शख्स से करने का प्रस्ताव आया था। इसके लिए मैंने साफ मना कर दिया था। यह बात उस शख्स को बुरी लग गई। इसके बाद पति और बेटा इस निकाह के लिए मुझ पर दबाव बनाने लगे। पति ने कहा कि उसकी बात हो गई है। वह बेटी का निकाह उसी के साथ करेगा। 6 अगस्त को पति के साथ एक महिला और कुछ अन्य लोग आए। बेटी को धमकाया। इसके बाद पति, बेटा और वो लोग मेरी बेटी को जबरन साथ ले गए। रिपोर्ट में बताया कि 9 अगस्त को बेटी को नशीला पेय पिलाकर हमारे घर वापस लेकर आए। इसके बाद रात करीब 11 बजे मौलवी के साथ गाड़ियों में सवार अन्य लोग भी आए और निकाह की रस्में करने लगे। यह सब देख मैंने और बेटी ने विरोध किया। इस पर पति और बेटे ने कहा कि 5 लाख में सौदा हुआ है, निकाह तो करवाना ही पड़ेगा। वहीं उस दौरान मौजूद एक अन्य शख्स ने भी यही बात दोहराई। कहा कि हमें यह निकाह करवाना ही पड़ेगा। इसके बाद मुझे एक कमरे में जबरन बंद कर दिया गया। जबरन निकाह के बाद बेटी को गाड़ी में डालकर ले गए। इसके बाद 50 साल का व्यक्ति बेटी के साथ जोर-जबरदस्ती करने लगा। इस पर मासूम रोने लगी। किसी भी हरकत के लिए साफ मना कर दिया और भाग कर घर पर आ गई। नाबालिग की मां ने पॉक्सो एक्ट और बाल विवाह प्रतिषेध (2006) की धारा में मुकदमा दर्ज करवाया है।


**जयपुर विकास प्राधिकरण**

इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004

क्रमांकः जविप्रा/प.6()जविप्रा/सा.स्टोर/स्टेशनरी आपूर्ति/2025/डी-297 दिनांक : 11.08.2025

**निविदा सूचना**

जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा ''स्टेशनरी आपूर्ति के लिए एक वर्ष का दर अनुबंध'' जिसकी अनुमानित लागत राशि रू. 90,00,000/- (अक्षरे नब्बे लाख रूपये मात्र) के लिए ऑनलाईन बिड्स दिनांक 25.08.2025 को सायं 6:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा बोली का ऑनलाईन आवेदन व भुगतान जविप्रा पोर्टल पर करने की अन्तिम तिथि 25.08.2025 को सायं 6:00 बजे तक है। निविदा बोली के दस्तावेजों का विस्तृत विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in and www.jda.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN No: JDA2526GLRC00385

निविदा में भाग लेने वालो को निम्न शर्तो की पूर्ति करनी होगी :-

1. निविदादाता जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाईट www.jda.rajasthan.gov.in पर पंजीकृत हो एवं निविदा में भाग लेने के लिए बोलीदाता को आवेदन करने के लिए दस्तावेज शुल्क, अमानत राशि, आर.आई.एस.एल. प्रोसेसिंग शुल्क ऑनलाईन जमा करनी होगी।
2. ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने के लिए निविदा दाताओं का राजस्थान सरकार के ई-प्रॉक्योरमेन्ट पोर्टल www.eproc.rajasthan.gov.in पर पंजीकृत होना आवश्यक है।

राज.संवाद/सी/25/8261 उपायुक्त (सा.स्टोर)



**UNIVERSITY OF RAJASTHAN**

Jawahar Lal Nehru Marg, Jaipur (Raj.)- 302004

No. :- F-9/G.Ad./Advertisement/Eproc./2025/2871 Dated :- 13/08/2025

**Notice Inviting Bid**

E-Bids for Two year Rate Contract for Empanelment of Advertising Agency are invited from interested bidders up to 25.08.2025 01:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state: and http://uniraj.ac.in. The approximate value of the procurement is Rs. 95.00 Lacs.

UBN No. : URA2526SLRC00059

NIB Code : URA2526A0021



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PHED DIVISION KARAULI**

E-Mail-ee.kar.phed@rajasthan.gov.in, PH NO.-07464-250219

**Notice Inviting Bid**

Bids for construction of 200 mm dia tube well and PLJ of DI Pipe line works under Budget Announcement 2025-26 are invited from interested bidders up to 20.08.2025 other particulars of the bid may be visited on the procurement portal eproc.rajasthan.gov.in and sppp.raj.nic.in website.

NIB CODE:- PHE2526A2594

| S.N. | NIT NO. | UBN |
|---|---|---|
| 1 | 60/2025-26 | PHE2526WSOB05177 |
| 01 | Total work | 01 |
| 02 | Total Estimate Cost | 17.33 Lac |
| 03 | Bid submission end date | 20.08.2025 up to 06.00 PM |
| 04 | Bid opening date | 21.08.2025 at 11.00 AM |

(Vijay Kumar Meena) Executive Engineer PHED Division Karauli

DIPR/C/11414/2025



**Office of The Supertending Engineer, RPS & JS Dam Circle Kota**

क्रमांक-RPS&JS/e-NIB-02/2025-26/5508-5515 दिनांक-7-8-25

**e-NIB No.- 02/2025-26**

On behalf of the Governor of Rajasthan, e-Tenders are invited from eligible contractors for the work(s) for **"Construction of Anicut on Aru River near Village Pipalda Tehsil Talera District Bundi" (estimated cost 143.14 lacs)**, for the period of 15 Months is invited from interested bidders from 11-08-2025 (9:30 Hr) to 21-08-2025 till 18:00 Hr. Other Particulars, terms and conditions may be seen on the procurement portal htpps://eproc.rajasthan.gov.in & htpps://sppp.rajasthan.nic.in and www.dipr.rajasthan.gov.in & www.water.rajasthan.gov.in.

NIB No. WRD2526A0334


UBN No. WRD2526WSOB00851

Supertending Engineer RPS & JS Dam Circle Kota

DIPR/C/11498/2025


# रिटायर्ड अधिकारी को ठगों ने तीन घंटे डिजिटल अरेस्ट में रखा

**भीलवाड़ा,** (निसं)। भीलवाड़ा के एक रिटायर्ड सरकारी अधिकारी को पहलगाम हमले में पाकिस्तानी कनेक्शन बताकर ठग ने तीन घंटे पर डिजिटल अरेस्ट में रखा। पीड़िता महेश चंद्र जोशी ने बताया कि तीन घंटे डिजिटल अरेस्ट में रहने के बाद जब अकाउंट नंबर और एलआईसी आदि की जानकारी लेने लगे तब उन्होंने समझदारी दिखाते हुए फोन काट कर दिया। इसके चलते वे ठगे जाने से बच गए।



पीड़ित महेशचंद्र जोशी।

- **पहलगाम हमले में पाकिस्तानी कनेक्शन बताया**
- **बैंक खाते और एलआईसी पॉलिसी की जानकारी लेने लगे तो फोन स्विच ऑफ कर लिया, ठगी से बचे**

जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह 9.30 बजे महेशचंद्र जोशी को एक फोन आया। फोन करने वाले ने अपने आपको एटीएस पुणे से बताया, जबकि वे उत्तर प्रदेश के किसी नंबर से फोन कर रहे थे। ठग ने महेश जोशी को कहा कि कश्मीर की पहलगाम आतंकवादी घटना में आपका नाम आया है। आपने यहां की सूचना पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई को दी है। बदले में उन्होंने दो करोड़ रुपए आपके खाते में डाले हैं। यहां तक धमकाया कि परिवार में किसी को नहीं बताना। घर के अंदर कमरा बंदकर बैठ जाओ। डिजिटल अरेस्ट करने वाले इतने शातिर थे कि महेश जोशी को उनके मकान तक के फोटो भेजकर विश्वास दिला दिया कि वे सच बोल रहे हैं, लेकिन जब महेश जोशी से बैंक खाते और एलआईसी पॉलिसी की जानकारी लेने लगे तो उन्होंने स्विच ऑफ कर लिया। महेश जोशी ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट की जो मेरे साथ घटना हुई वो किसी अन्य के साथ न हो इसके लिए साइबर पुलिस में शिकायत दर्ज कराएंगे।


**जयपुर विकास प्राधिकरण**

इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004

क्रमांकः जविप्रा/व.उ.वि./2025-26/32-33 दिनांक : 13.08.2025

**पूर्णकालीन बिड सूचना सं.-जविप्रा/व.उ.वि./2025-26/32-33**

आयुक्त, जयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से प्राधिकरण के उद्यानिकी प्रवर्ग की उचित श्रेणी में पंजीकृत बोलीदाताओं एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के सभी विभागों में 'अअ' व 'अ' श्रेणी में पंजीकृत बोलीदाताओं से ई-बिड (E-Procurement) निम्न विवरणानुसार आमंत्रित की जाती है:-

| S. No. | NIB No. | Name of Work | Tender Amount (In Lakh) | Sale/Download Date and End Date | Open Date | Job No. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 32 | Development and maintenance of Miyawaki Plantation in Swarn Jayanti Park with 2 year maintenance.. **UBN No. JDA2526WSOB00388** | 182.32 | 16.08.25 25.08.25 | 28.08.25 | 214/2025-26 |
| 2 | 33 | Development and maintenance of Road side plantation from Nevta to Mahindra World City GSS with 2 year maintenance. **UBN No. JDA2526WSOB00389** | 147.13 | 16.08.25 25.08.25 | 28.08.25 | 213/2025-26 |

नोट :-

1. बिड को बिना कारण बताये निरस्त किया जा सकता है।
2. बिड E-Procurement के जरिए प्राप्त की जायेगी। बोलीदाता द्वारा पंजीयन प्रमाण-पत्र की प्रति प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।
3. बिड से सम्बन्धित शर्ते वेबसाईट www.jda.rajasthan.gov.in, http:/eproc.rajasthan.gov.in, sppp.rajasthan.gov.in पर अथवा वरिष्ठ उद्यानविज्ञ के कार्यालय (कमरा नं. NB SF-204) में देखी जा सकती है।

राज.संवाद/सी/25/8260 वरिष्ठ उद्यानविज्ञ

# MAHARAJ VINAYAK GLOBAL UNIVERSITY

JAIPUR DENTAL COLLEGE
Best Dental College in Northern India
Awarded by

Estd. under the Act No. 6 / 2012 of the Government of Rajasthan, Notification No. F.2(5) Vidhi/2/2012 dated 21/3/2012

Approved by UGC under Section 2(f) of UGC Act 1956

Since 25 years in Education Field

**Give Wings to Your Dreams!**

For Your Successful Career and Grooming We Offer

- A lush green beautiful Wi-Fi campus with Modern State of Art Infrastructure
- Transport facility from all corners of Jaipur City • 100 Beds Hospital
- English Communication • Separate Hostels for Boys & Girls
- Attractive Scholarship Scheme • Virtual Class Rooms • Digital Library
- Soft Skills Development Capsules for Students • Skilled Labs
- Personality Development • Basic Computer Knowledge • Expert Faculty

JAIPUR DENTAL COLLEGE HAS BEEN RATED 3 STAR in India's Top Private Dental Colleges
Published by: the pioneer - New Delhi, Thursday June 5th, 2014

## ADMISSION OPEN FOR ACADEMIC SESSION: 2025-26

### ALL THE PROGRAMMES ARE APPROVED BY CONCERNED COUNCIL/ASSOCIATION

**JAIPUR DENTAL COLLEGE - 9414058792, 9785100727**
- Ph.D • MDS (45 Seats) • BDS (100 Seats) • Dip. in Dental Hygienist (20 Seats)
- Dip. in Dental Mechanic (20 Seats) • Dip. in Facial Aesthetics • Dip. in Hair Transplant
- Diploma in Immediate Loading Cortico Basal Implantology

★ Recognized by Dental Council of India

**JAIPUR NURSING COLLEGE - 9785400222, 9785400333**
- Ph.D • M.Sc Nursing (20 Seats) • B.Sc Nursing (75 Seats) • Post Basic B.Sc. Nursing (30 Seats)

★ Recognized by Nursing Council and Government of Rajasthan

**JAIPUR PHYSIOTHERAPY COLLEGE -9785400222/9785400333**
- Ph.D • MPT • BPT • Fellowship Programs
- Recognized by Department of Medical & Health, Government of Rajasthan

**JAIPUR OCCUPATIONAL THERAPY COLLEGE - 9785400222, 9785400333**
- Ph.D • MOT • BOT
- Recognized by Department of Medical & Health, Government of Rajasthan

**JAIPUR SCHOOL OF COMPUTER SCIENCE - 9785400222, 9785400333**
- PGDCA • BCA • MCA

**JAIPUR INSTITUTE OF BIOTECHNOLOGY - 9785400231, 9785100727**
- Ph.D • B.Sc • M.Sc

**DEPARTMENT OF LIBRARY SCIENCE - 9785400231, 9785100727**
- Ph.D • C.LIS • D.LIS • B.LIS • M.LIS

**JAIPUR SCHOOL OF LAW - 9785400222 , 9785400333**
- Ph.D • BA LLB (H) (60 Seats) • LLB (120 Seats) • LLM • Diploma in Labour & Criminal Law

★ Recognized by Bar Council of India

**DEPARTMENT OF EDUCATION - 9785400231**
- Ph.D • M.Ed. (50 Seats) • B.Ed. (100 Seats) • B.A. B.Ed./B.Sc. B.Ed. (50/50 Seats)
- D.El.Ed. (100 Seats) ★ Recognized by National Council for Teacher Education

**OFFERED SPECIAL EDUCATION PROGRAMMES: - 9785400231**

★ Recognized by Rehabilitation Council of India
- B.Ed. Spl. Edu. (VI) (30 Seats) • M.Ed. Spl. Edu. (VI) (10 Seats) • P.G.D.R.P. (12 Seats)
- D.Ed. Spl. Edu. (IDD) (35 Seats) • M.Ed. Spl. Ed. (ID) (10 Seats) • D.Ed. Spl. Edu. (VI) (35 Seats)
- Integrated B.Ed.-M.Ed. Spl. Ed. (ID) (20 Seats)

**JAIPUR SCHOOL OF MANAGEMENT - 9785400222, 9785400333**
- Ph.D • BBA • MBA

**JAIPUR SCHOOL OF PHARMACY (Recognized by PCI)- 9785400143, 9785400231**
- Ph.D • D. Pharm. (60 Seats) • B. Pharm. (60 Seats) • M. Pharm. (Pharmaceutics, Pharmaceutical Chemistry, Pharmacology)

★ Reorganized by Pharmacy Council of India

**JAIPUR COLLEGE OF ARTS, COMMERCE & SCIENCE- 9785400222, 9785400333**
- Ph.D • BA • B.Sc. (Bio & Maths) • B.Com. • BSW • MA
- M.Sc. • M.Com. • MSW

**JAIPUR SCHOOL OF HOTEL MANAGEMENT - 9785400222, 9785400333**
- DHEM • BHM • PGDHM

### MVGU HIGHLIGHTS :

- Awarded Best Dental College in North India by Prime Time Research Media Pvt. Ltd., India
- MoU's for Students Exchange & Collaboration with National & International Universities
- Alumni Students working in Central/Various State Govt., Corporate Hospitals in India & Abroad
- Well Equipped Smart/Virtual Classroom Facilities
- Tie-up for Internship with Multispecialty Hospitals, Law Firms, Corporate Sector in Jaipur & Outside State
- Well-equipped Labs for Practical Trainings
- Placement at National & International Level by Placement Assistance
- Highly Qualified and Dedicated Staff
- Research Grants/Funds for Research Project/Innovation
- Air conditioned Digital Library with National/International Books & Journals
- Air conditioned Moot Court Hall for National Level Moot Competition
- Extension Lectures by eminent Professor, Academicians & Professionals
- Organized Regular Seminar, Workshop, Symposium, Awareness/Value Added/Legal Literacy Camps
- Regular Visit at Industry/Court/Hospital/renowned Institute/Corporate
- Offered approved Education & Special Education Programme
- Internship Facilities for Students School Training.

## Ph.D. Entrance Test Session- 2025

(Contact : 9785400834)

Ph.D. Programmes in the Department of Dentistry, Nursing, Pharmacy, EAFM, ABST, English, Bio-Sciences, Spl. Education, History, Hindi, Library Science, Social Sciences, Political Science Commerce, Management and Law. **Last date of Submission of admission application form is 27.08.2025.**
Entrance Test 2025 will be held on 30.08.2025 (Saturday) from 11.00 a.m. to 02.00 p.m. in the University Campus.
**Note: Application form for admission can be downloaded from our website: www.mvgu.ac.in**

REGISTERED OFFICE
M-80, Mahesh Colony,
Near J. P. Underpass, Lal Kothi, Jaipur
0141-2590103/ 2590104

UNIVERSITY CAMPUS
Dhand, Amer, Jaipur-Delhi N. H. 11-C, Jaipur-302028 (Rajasthan)
Contact : 01426-284175, 284176,284407
Email : website : registrar@mvgu.ac.in, info@mvgu.ac.in, www.mvgu.ac.in

ADMINISTRATIVE OFFICE
'DAKSH APARTMENT'
P. No. 36-37, Flat No. S1&2, Tagore Nagar
Ajmer Road, Opp. Regal Restaurant, Jaipur
0141-2352188, 2353964

REGISTRAR



राजस्थान सरकार



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री नारी शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन योजना

### आवेदन आमंत्रित

निदेशालय महिला अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास विभाग, जयपुर द्वारा RKCL के माध्यम से बालिकाओं और महिलाओं के लिए कंप्यूटर आधारित पाठ्यक्रमों का

**नि:शुल्क प्रशिक्षण**

| RS-CIT | RS-CFA | RS-CSEP |
|---|---|---|
| आधारभूत कंप्यूटर प्रशिक्षण | GST, Tally आधारित वित्तीय लेखांकन प्रशिक्षण | स्पोकन इंग्लिश एवं पर्सनैलिटी डेवलपमेंट प्रशिक्षण |

योजना के तहत आवेदन www.myrkcl.com/wcd पर किया जा सकता है।

**आवेदन की अंतिम तिथि 31-08-2025**

योजना एवं चुनिंदा आईटी ज्ञान केन्द्र की जानकारी
www.wcd.rajasthan.gov.in
पर उपलब्ध है




राजस्थान संवाद

**निदेशालय महिला अधिकारिता**
महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्थान सरकार



सत्यमेव जयते
भारत सरकार

# सभी देशवासियों को 79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




CBC 46101/13/0016/2526

लाल किले की प्राचीर से स्वतंत्रता दिवस समारोह का सीधा प्रसारण **सुबह 6:30 बजे** से दूरदर्शन नेटवर्क पर।

# अजमेर : राजकीय संग्रहालय में विभाजन विभीषिका दिवस पर प्रदर्शनी का आयोजन

## विभाजन की पीड़ा को याद कर विधानसभा अध्यक्ष के आंसू छलके, उपस्थित बुजुर्ग भी रो पड़े

**अजमेर,** (कासं)। देश की आजादी के समय विभाजन की विभीषिका, सिंध के लोगों का बड़ी संख्या में पलायन, अपना घर, जमीन, धन और सब कुछ छोड़ना, राह में लूटपाट, बलात्कार, सामूहिक हत्याएं और फिर एक नए शहर में शरणार्थी जैसा जीवन, जिंदगी को फिर से शुरू करना, पाई-पाई को मोहताज होना, बिस्किट, कपड़े, सब्जी बेचना, ठेला लगाना, पढ़ना-पढ़ाना और न जाने कितने संघर्ष। यह तस्वीर है भारत के विभाजन की, जो तस्वीरों, प्रदर्शनी में फिर सामने आई। यह यादें इतनी मार्मिक थीं कि विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी भी खुद पर काबू नहीं रख पाए और बोलते-बोलते गला रूंघ गया, आंखें छलक आई। उनके साथ कार्यक्रम में मौजूद बुजुर्ग भी रो पड़े। गुरुवार का दिन विभाजन विभीषिका को याद करने का था और मौजूद हर शख्स के सामने पुरानी तस्वीरें उभर आईं। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर गुरूवार को राजकीय संग्रहालय में प्रदर्शनी का आयोजन किया। प्रदर्शनी में विभाजन के दौरान हुई गतिविधियों को चित्रों के माध्यम से दर्शाया गया है।



विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए देवनानी ने कहा कि विभाजन भौगोलिक भाग पर नहीं होकर संस्कृति और सामाजिक आत्मा का हुआ था। उस समय बंगाल, पंजाब तथा सिंध प्रान्त विभाजन से सर्वाधिक प्रभावित हुए थे। बंगाल और पंजाब का कुछ भाग भारत में रहा। सिंध तो पूरा ही अलग हो गया। यह विभाजन भौगोलिक सीमाओं से आगे बढ़कर सांस्कृतिक और सामाजिक आत्मा का हुआ था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विभाजन विभीषिका दिवस मनाने की परम्परा आरम्भ की। यह उस समय मारे गए व्यक्तियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। अखण्ड भारत अवश्य बनेगा। राष्ट्रगान में गाए जाने वाले शब्द हमें इसके लिए प्रेरणा देते रहेंगे। देवनानी ने कहा कि राजकीय संग्रहालय में भारत विभाजन की गैलेरी निर्मित की जाएगी। इससे आगन्तुकों को उस समय हुए अत्याचारों की जानकारी मिलेगी। संस्कृति को छोड़कर जब हम नए शहरों में बसे तो हमारे पास कुछ नहीं था। हम जमींदार से शरणार्थी बन गए थे। लेकिन हमने हार नहीं मानी। सिंधी पुरूषार्थी कौम है, हमने काम किया और तरक्की की।

रमेश सोनी ने कहा कि सिन्धी समाज ने विभाजन की वेदना को भोगा है। उस समय के नेताओं ने नक्शे के टुकड़े नहीं किए सिंध की सभ्यता पर प्रतिघात किया। जीवन रक्षा के लिए जन्म स्थान और सभ्यता छोड़नी पड़ी। लाखों व्यक्ति मारे गए। पुरूषार्थी व्यक्ति अर्श से फर्श पर आ गए। उस हदय विदारक दृश्य से नई पीढ़ी को भी रूबरू करवाया जाना चाहिए। संगठन प्रभारी विरम देव सिंह ने कहा कि भारत का विभाजन करने से

- **कार्यक्रम में विभाजन के समय की विभीषिका के गवाह रहे व्यक्तियों का सम्मान किया गया**

लाखों जानें गई। उस समय के नेताओं का स्वार्थ इसके लिए जिम्मेदार है। हिन्दुओं का नरसंहार हुआ। वर्तमान राष्ट्रवादी सरकारें विभाजन विभीषिका दिवस के माध्यम से नई पीढ़ी को उस समय के अत्याचारों को बता रही हैं। नरेगा लोकपाल सुरेश सिन्धी ने कहा कि भारत का विभाजन दुर्भाग्यपूर्ण था। जमींदार और सेठ अगले दिन गुब्बारे बेच रहे थे।

कार्यक्रम में उस समय की विभीषिका के गवाह रहे व्यक्तियों का सम्मान किया गया। यहां वासुमल टोपनदास पिंजानी, बलराम टेकवाणी, चतरूमल मूलचंदानी, ठाकुरी देवी आडवाणी, खुशालदास चंदवानी, वासुदेव भोजवानी, पार्वती देवी तीर्थदास, जसोदा देवी, भगवती देवी सदनानी, माया मीरपुरी, सुंदरदास, खिमन थदानी, खियालदास नारवानी, नारायणदास चंदनानी, असकरण दास लखानी, वीरूमल, जयराम तथा मेवाराम आदि को सम्मानित किया गया।

# विवाहिता के साथ ससुराल वालों ने मारपीट की, घर से निकाला

**पाली,** (नि.सं.)। रोहट में रांकावत समाज की एक विवाहिता को ससुराल वालों ने मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। इसे न्याय दिलाने के लिए गुरुवार को रांकावत समाज के दर्जनों लोग एसपी कार्यालय पहुंचे और एसपी से मिलकर विवाहिता और इसकी बच्ची को न्याय दिलाने की मांग की, इस पर एसपी ने शीघ्र कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

- **न्याय मांगने के लिए रांकावत समाज के दर्जनों लोग एसपी कार्यालय पहुंचे**
- **एसपी ने मामले में शीघ्र कार्रवाई करने का आश्वासन दिया**

ज्ञापन में बताया कि प्रियंका वैष्णव पुत्री लक्ष्मण दास निवासी प्रताप बाजार रानी ने बताया कि उसका विवाह वर्ष 2022 में हिंदू रीति रिवाज से हुआ था। उसे समय पीहर वालों ने समर्थ अनुसार दहेज आदि दिया था, लेकिन शादी के बाद मेरे पति और ससुराल वालों ने मुझे मानसिक, शारीरिक, आर्थिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया और मुझे दहेज और अन्य पूर्ति हेतु दबाव बनाते। मैंने अपनी गृहस्थी बचाने के लिए दुर्व्यवहार सहन किया। किसी के चलते 13 जनवरी 2023 को एक पुत्री का जन्म हुआ। संतान गर्भ के अंदर थी तभी ससुराल वालों ने मुझे मारपीट के घर से बाहर निकाल दिया। मेरे पीहर वालों की समझने पर भी नहीं माने, पुत्री के जन्म पर भी नहीं आए, 9 मार्च 2025 को अपने पुत्र को लेकर ससुराल गई तो ससुराल वालों ने मुझे घर में नहीं आने दिया धक्का मुक्की भी की, जिस पर नजदीकी थाने में जाकर सूचना दी, जिस पर मुझे ससुराल में आने दिया। मेरे पति ने झूठी कहानी बताते हुए पारिवारिक न्यायालय जोधपुर मैं विवाह विच्छेद का प्रकरण लगाया। मैं जोधपुर कोर्ट गई पीछे से ससुराल वालों ने लोक तोड़ दिया। जहां मेरा कीमती सामान रखा था। लेकिन मैं अपनी दृष्टि बचाना चाहती थी। मैं अपनी ढाई साल की बच्ची के साथ ससुराल में अपना जीवन बताना चाहती हूं। लेकिन ससुराल वाले जबरन मुझे प्रवेश के लिए रोक रहे हैं। गत13 अगस्त को मेरी ससुराल रोहट में मेरे ससुराल वालों ने मेरे साथ मारपीट की और मुझे घर के बाहर गेट पर पटक दिया और मेरी सास बाल्टी में पत्थर भरकर छत पर से मेरे और मेरी बच्ची पर फेंके उसका वीडियो वायरल हो गया है।

ज्ञापन में बताया कि 13 अगस्त को जब जोधपुर कोर्ट में पेशी देकर वापस आई तो मेरा भाई नवीन वैष्णव और ममीसा ममता मेरे साथ थे मुझे ससुराल के बाहर छोड़कर जा रहे थे। सब मेरे छोटे देवर नीरज कोलकाता ससुर सरवन दास और नंदोई जितेंद्र दो गाड़ियों थार और इनोवा लेकर पीछे आए और मेरे भाई और मामीसा पर मारने के लिए भागे। वह लोग पड़ोस के घर में जाकर छुप गए और जैसे-जैसे करके अपनी जान बचाई, मेरा पति एमबीबीएस एक डॉक्टर है। जब मेरी बच्ची 4 माह मेरे पेट में थी जब मेरे पति ने जोधपुर से निजी क्लीनिक में मेरा चेकअप करवा कर मुझे लेकर आए थे और पीहर रानी छोड़ दिया जिसमें मेरे पेट में बच्ची होना। बताया ससुराल वाले लड़का होने का दबाव बनाने लगे जब उन्हें पता चला कि मेरे लड़की हुई है तब से मुझे मानसिक वह शारीरिक प्रता ना देना शुरू कर दिया, अंत आपसे निवेदन है कि इन सब आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आपराधिक अपबंधों में ठोस और नियोजित कार्रवाई के आदेश कर मुझे राहत प्रदान करें इस मौके पर बाबू दास चंदू दास रामचंद्र, हरि ओम, अनिल, खीमदास, वासुदेव सिद्धार्थ, नवीन, नंदकिशोर, नटवरलाल योगेश वैष्णव सहित दर्जनो रांकावत समाज बंधु मौजूद रहे।

## दुष्कर्म का मामला दर्ज

**उदयपुर,** (निसं)। मजदूरी करने के दौरान संपर्क में आई महिला के साथ दुष्कर्म करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता ने मोहनलाल पुत्र श्यामलाल निवासी चंदवास के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। पीड़िता ने बताया कि एक वर्ष पूर्व मजदूरी करने के दौरान आरोपी से मुलाकात हुई थी। इस दौरान उसने काम दिलाने के लिए मुझे साथ रखना शुरू कर दिया तथा मेरे साथ दुष्कर्म किया। अब आरोपी मुझे परेशान कर रहा है। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है, जिसकी जांच अनुसंधान अधिकारी पूरणसिंह कर रहे हैं।

# जोधपुर : तिरंगा यात्रा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शिरकत की

## देशभक्ति के नारों से गूंजा जोधपुर, आमजन में भारी उत्साह दिखा



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में जोधपुर के गांधी मैदान से जालोरी गेट सर्किल तक ऐतिहासिक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई।

**जोधपुर,** (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में गुरुवार को जोधपुर के गांधी मैदान से जालोरी गेट सर्किल तक ऐतिहासिक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ। भाजपा की ओर से आयोजित तिरंगा यात्रा उत्साह और उमंग के साथ प्रमुख मार्गों से होती हुई शहर के विभिन्न स्थानों पर रुकी, जहां लोगों ने भारत माता के जयकारों और देशभक्ति के नारों से माहौल को गूंजा दिया। रास्ते में जगह-जगह लोगों ने फूल बरसा कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

यात्रा में बड़ी संख्या में युवाओं, बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों, एनसीसी कैडेट्स और दिव्यांगजनों ने भाग लिया। देशभक्ति के जोश से ओत-प्रोत और हाथों में तिरंगा लहराते हुए ये सभी उन मां भारती के सपूतों को नमन कर रहे थे, जिन्होंने देश की आज़ादी और सुरक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि यह हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है। यह हमें एकता, साहस और बलिदान की याद दिलाता है। उन्होंने आमजन से देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लेने का आव्हान किया। इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, उद्योग राज्य मंत्री के.के. विश्नोई, सांसद राजेंद्र गहलोत, पीपी चौधरी, विधायक अतुल भंसाली, अर्जुनलाल गर्ग, नगर निगम दक्षिण महापौर वनिता सेठ सहित कई जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## खातों में हेराफैरी कर 60 लाख की नकदी हड़पी

**उदयपुर,** (निसं)। गोगुन्दा थाना पुलिस ने कंपनी के डिविजनर रिजनल मैनेजर की रिपोर्ट पर शाखा प्रबंधक व साथी के खिलाफ लाखों की नकदी हड़पने का प्रकरण दर्ज किया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित शिखकर अरबन एण्ड रूरल इंटरप्राईजेट लि. शाखा गोगुन्दा जरिये डिविजनल रिजनल मैनेजर सुनिल खींची पुत्र राजुराम निवासी मेघवालों का वास कापरड़ा जोधपुर ने कंपनी के गोगुन्दा शाखा प्रबंधक झुझार सिंह पुत्र चतरसिंह चारण निवासी परतापपुर भगोरा बांसवाड़ा, जितेन्द्र पुत्र चेनराम मीणा निवासी सडा चीपना प्रतापगढ़ फिल्ड ऑफिसर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। पीड़ित ने बताया कि आरोपी ने कंपनी में काम करते हुए गत तीन वर्ष के दौरान ग्राहकों के खातों में हेराफैरी कर 60 लाख रूपये की नकदी का गबन कर हड़प ली। गत दिनों ऑडिट रिपोर्ट में इसका खुलासा होने पर प्रकरण दर्ज करवाया, जिसकी जांच एएसआई हिरसिंह कर रहे हैं।

## एक गिरफ्तार

**उदयपुर,** (निसं)। टीडी थाना पुलिस ने अवैध गांजे की फसल बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। टीडी थाना अधिकारी देवेन्द्रसिंह मय टीम ने तलाशी अभियान के दौरान मुखबीर से मिली सूचना पर पन्ना पुत्र माधु को 42.300 किलोग्राम अवैध गांजे की फसल जब्त कर गिरफ्तार किया।

# अजमेर में सड़कों व गलियों में घूमती गौवंश परेशानी का सबब बनीं

## एक दर्जन से ज्यादा गायों ने अचानक लगाई दौड़, महिला व बच्चा बचा, वीडियो वायरल हुआ

**अजमेर,** (कासं)। पशुपालकों की अनदेखी और लापरवाही के चलते शहर की मुख्य सड़कों व गलियों में घूमती गौवंश लोगों व वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है व लोगों की जान पर संकट मंडरा रहा है। सोशल मीडिया पर वारयल हुए वीडियो में ऐसा ही मामला ब्यावर रोड स्थित चंदवरदाई नगर क्षेत्र की सियाराम कॉलोनी का सामने आया है। एक दर्जन से ज्यादा गाय व गौवंश अचानक महिला के पीछे दौड़ने लगा। गनीमत यह रही कि गाय के अचानक हमले से महिला और उसका बच्चा बाल-बाल बच गया।

सियाराम सेवा समिति कॉलोनी अध्यक्ष सागर मीणा ने बताया कि गत दो दिन पूर्व कॉलोनी के गली नंबर 5 में एक महिला अपने बच्चे को रात के समय घूमा रही थी कि तभी गली में दौड़ती हुई कई गाय घुसी, महिला ने गायों को गली के बाहर खदेड़ा, लेकिन जैसी ही महिला अपने बच्चों के पास पहुंची तो अचानक से महिला के पीछे सभी गायों ने दौड़ लगा दी। महिला तुरंत अपने बच्चे को लेकर सुरक्षित स्थान पर चली गई। एक गाय महिला के ऊपर से कूदकर निकल गई। इस दौरान महिला और बच्चे की जान बच गई।

**कई बार की शिकायत, नहीं हुई कार्रवाई :-** मीणा ने बताया कि यह पूरी घटना कॉलोनी में स्थित गोदाम पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। उन्होंने आरोप लगाया कि आसपास में रहने वाले पशुपालकों द्वारा गायों का दूध निकालने के बाद उन्हें सडकों पर छोड़ दिया जाता है। बाद में उनकी कोई देखभाल नहीं की जाती है। उन्होंने कई बार प्रशासन और पोर्टल पर भी शिकायत की थी, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**शहर भर में यही हाल :-** हरिओम कॉलोनी के लोगों ने बताया कि पशुपालकों द्वारा गायों का दूध निकालने के बाद उन्हें सड़कों पर छोड़ दिया जाता है, जिससे गौवंश मुख्य मार्गों, चौराहों सहित गाली मोहल्लों में घूमती रहती है। जागरुक लोगों का कहना है कि शहरभर में जयपुर रोड, घूघरा घाटी, गुलाबबाडी, श्री नगर रोड, चंदवरदाई नगर, रामगंज, अजयनगर, आदर्श नगर, पुराना बड़गांव, विज्ञान नगर, पंचवटी कॉलोनी, केसरगंज, ब्यावर मुख्य मार्ग, श्रृंगार चवरी, नगरा, नौ नंबर पेट्रोल पंप, नसीराबाद रोड मुख्य मार्ग, वैशाली नगर सहित अन्य क्षेत्रों में भी यही हाल है।

# अवैध हथियार समेत दो तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर पुलिस के साथ मिलकर दो शातिर हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से तीन अवैध देशी पिस्टल और पांच मैगजीन बरामद की हैं।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक दिनेश एमएन ने बताया कि इस ऑपरेशन को दो अलग-अलग जिलों में अंजाम दिया गया। पहली गिरफ्तारी श्रीगंगानगर जिले के सादुलशहर में हुई, जहां खेरूवाला रोड पर जेबीटी कॉलेज के सामने से पुलिस ने 40 वर्षीय गुरमीत सिंह निवासी खेरूवाला को एक अवैध पिस्टल मय मैगजीन के साथ दबोचा। गुरमीत सिंह ने पूछताछ में खुलासा किया कि उसने यह हथियार हथियार तस्कर जगतार सिंह उर्फ काला से प्राप्त किया था। दूसरी कार्रवाई हनुमानगढ़ जिले के रावतसर में की गई। यहां पुलिस ने 21 वर्षीय अभिषेक जाट निवासी चाइया रावतसर को दो अवैध पिस्टल और चार मैगजीन के साथ गिरफ्तार किया। अभिषेक ने बताया कि उसने ये हथियार सोनू भांभू से खरीदे थे, जो इस गिरोह का एक महत्वपूर्ण सदस्य है।

यह ऑपरेशन एक बड़ी आपराधिक साजिश का हिस्सा है। दरअसल एजीटीएफ ने हाल ही में गैंगस्टर और हथियार तस्कर सोनू भांभू को उत्तराखंड से डिटेन कर जयपुर में पूछताछ की थी। सोनू भांभू, जिसका संबंध कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग से है ने पूछताछ के दौरान चौंकाने वाला खुलासा कि वह अब तक राजस्थान के विभिन्न जिलों में 131 से अधिक अवैध हथियार सप्लाई कर चुका है। सोनू भांभू से मिली जानकारी के आधार पर ही एजीटीएफ की टीम लगातार इस गिरोह पर नज़र रख रही थी। एक सप्ताह पहले भी टीम ने हनुमानगढ़ में इसी गिरोह के 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर 6 अवैध हथियार जब्त किए थे। यह ताजा कार्रवाई उसी अभियान की अगली कड़ी है।

एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिद्धांत शर्मा के सुपरविजन मे इस पूरे ऑपरेशन को सफल बनाने में एजीटीएफ के इंस्पेक्टर सुभाष सिंह तंवर के नेतृत्व में एक विशेष टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कांस्टेबल सुरेश कुमार की जिसमें विशेष भूमिका रही। टीम में सहायक उप-निरीक्षक शंकर दयाल शर्मा, हेड कांस्टेबल कमल सिंह, कांस्टेबल नरेश कुमार, रतिराम और चालक सुरेश कुमार शामिल थे, वहीं, जिला हनुमानगढ़ की डीएसटी टीम में निरीक्षक हनुमानाराम, हेड कांस्टेबल सुखविंदर, कांस्टेबल साहबराम, जोतराम, रिंकू, देवकरण चोटिया, पवन और कांस्टेबल चालक धीरसिंह ने सराहनीय योगदान दिया।

## मारपीट कर नकदी लूटी

**उदयपुर,** (निसं)। सुखेर थाना क्षेत्र में कार को रोक युवक व साथी के साथ मारपीट कर लूट की वारदात करने वाले तीन आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। प्रकरण के अनुसार हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी मुकुल मेहता पुत्र गिरजाशंकर मेहता ने बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। पीड़ित ने बताया कि 13 अगस्त रात में अम्बेरी से कार लेकर शहर की तरफ आ रहा था। इस दौरान बाइक सवार बदमाशों ने रोककर शराब के लिए रूपये मांगने इनकार करने पर मारपीट कर 3 हजार रूपये लूट ले गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज कर लिया है, जिसकी जांच एएसआई राजेन्द्रसिंह कुंपावत कर रहे हैं।

## छात्र को करंट लगा

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। निजी स्कूल के वॉटर कूलर में करंट आने से 12 साल का मासूम झुलस गया। वह 10 सेकेंड तक वाटर कूलर से करंट के झटके खाता रहा, उधर से गुजर रहे स्टाफ ने देखा तो स्विच बंद कर बच्चे को छुड़ाया और अस्पताल लेकर दौड़े। करंट के झटकों से मासूम के सिर का ऊपरी हिस्सा, दाएं हाथ का पंजा और पैर झुलसा है। मामला जैसलमेर में सदर थाना इलाके के चांधन में स्थित निजी स्कूल का गुरुवार सुबह 11 बजे का है। मासूम को गंभीर हालत में जवाहिर हॉस्पिटल लाया गया।

## युवक ने आत्महत्या की

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निसं)। आजाद नगर स्थित होटल के कमरे में अज्ञात कारणों के चलते एक युवक फांसी लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतक गांव धाधनवा मकराना निवासी 35 वर्षीय प्रेम जाट है। वह 12 अगस्त को होटल के रूम नंबर 211 में रुका था, बेडशीट से फंदा बनाकर पंखे पर लटक गया। मदनगंज थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को इत्तला की।

## युवक की मौत

**दूदू,** (निसं)। निकटवर्ती मौजमाबाद पुलिस थाना क्षेत्र के अधीन धमाणा गांव में आम रास्ते एवं पुरानी रंजिश को लेकर हुए विवाद में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने कार्रवाई कर 36 घंटे बाद चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस थाना प्रभारी उमराव सिंह ने बताया कि 12 अगस्त को परिवादी राहुल जाट निवासी धमाणा ने पर्चा बयान में बताया कि मैं तथा मेरे परिवार के लोग घर पर बैठे हुए थे। इस दौरान गोपी डूडी वगैरह धारदार हथियारों लाठियों के साथ हमला कर दिया। मेरे चाचा बजरंग लाल जाट की मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवलाल बैरवा, उप पुलिस अधीक्षक दीपक खंडेलवाल के नेतृत्व में टीम गठित कर विभिन्न जगह दबिश दी। इस दौरान आरोपी राम सिंह जाट, हेमराज जाट, रामेश्वर जाट, रामसुख जाट निवासी धमाणा को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है।

# अजमेर में दरगाह के बाहर गूंजे देशभक्ति के तराने

## मदरसे के बच्चों ने देशभक्ति के तरानों की प्रस्तुति दी

**अजमेर,** (कासं)। विश्व विख्यात सूफी संत ख्वाजा साहब की दरगाह के बाहर गुरुवार को मदरसे के बच्चों ने देश भक्ति के तरानों की प्रस्तुति देकर माहौल को देश भक्ति से सराबोर कर दिया। जायरीन, दुकानदार, स्थानीय लोगों हाथों में तिरंगा लिए हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। तिरंगा आभियान के संयोजक हाजी मोहम्मद

- **जायरीन और दुकानदारों को 786 तिरंगे झंडे वितरित किए गये**

महमूद खान, नवाब हिदायत उल्ला ने बताया कि आमजन में राष्ट्रीय पर्व को लेकर अलख जगाने के उद्देश्य से हर वर्ष स्वतंत्रता दिवस के मौके पर तिरंगा वितरण किया जाता है। इस मौके पर दरगाह जियारत करने आए जायरीन और दुकानदारों को 786 तिरंगे झंडे वितरित किए गए सभी से आव्हान किया गया कि जिस तरह हम अपने धार्मिक पर्व मानते हैं, उसी तरह हम अपने राष्ट्रीय पर्व को भी हर्ष उल्लास के साथ मनाए।

इदरा दावत उल हक संस्था



अजमेर में दरगाह के बाहर तिरंगा वितरण कार्यक्रम में मुस्लिम समाज के प्रतिनिधि व मदरसे की बालिकाएं मौजूद रही

मदरसे की बालिकाओं ने देश भक्ति के तरानों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर संस्था के प्रमुख मौलाना अय्यूब कासमी, पीर नफीस मियां चिश्ती , सैय्यद अनवर चिश्ती, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इलमुद्दीन ;सेवानिवृतद्ध शब्बीर खान, मोहम्मद इकबाल, मौलाना इमरान, सैय्यद गुलजार चिश्ती, सलीम सराधना, सलमान खान, मोहम्मद इकबाल, आरिफ हुसैन, सलीम कुरैशी, हाजी रईस कुरैशी, हुमायूं खान, अमान खान, हाजी कुतुबुद्दीन बंदूकिया, अन्नू कुरैशी, रज्जाक भाटी, अहसान मिर्जा, नूर देशवाली, जमील कुरैशी, करी इकरामुद्दीन, हाफिज रमजान, करी इस्लाम, अकबर हुसैन, मोहम्मद आज़ाद, आदि मौजूद रहे।

# होटल संचालक अवैध एमडीएमए सहित गिरफ्तार

**उदयपुर,** (निसं)। डीएसटी एवं सूरजपोल थाना पुलिस ने होटल संचालक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए बरामद की। जिला पुलिस अधीखक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उपाधीक्षक छगन पुरोहित के सुपरविजन में डीएसटी टीम प्रभारी श्यामसिंह रत्नू, सूरजपोल थाना अधिकारी रतनसिंह मय टीम ने बुधवार को तलाशी अभियान के दौरान टेकरी रोड़ पर बाइक पर जा रहे होटल व्यवसायी अभिमन्यु सिंह पुत्र घीसूसिंह निवासी नाल का दरवाजा देसुरी पाली हॉल पिलोवनी थाना खिंवाडा पाली को 16 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में अभिमन्यु सिंह ने एमडीएमए जम्मेश्वर नगर जोधुपर निवासी सुनिल पुत्र प्रकाश से खरीदना बताया।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह आज

**सरवाड़, (निसं)।** शहर साहित उपखंड क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस समारोह कार्यक्रम धूमधाम के साथ आयोजित किया जाएगा वहीं शहर स्थित पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा वहीं 7:30 बजे सिविल न्यायालय पर 7.45 बजे उपखंड कार्यालय पर प्रातः 8: बजे गांधी चौक पर प्रातः 8:30 बजे मुख्य समारोह में प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा शहर का मुख्य समारोह राजकीय सीनियर उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित होगा शहर की सभी शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं की और से सामूहिक व्यायाम परेड व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी वहीं समारोह में श्रेष्ठ कर्मियों प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा।

# नगर निगम कार्यालय पर कांग्रेस व कांग्रेसी पार्षदों का प्रदर्शन

- सात दिन में समस्याओं का समाधान नहीं होने पर दी उग्र आंदोलन की चेतावनी
- विकास कार्यों की अनदेखी पर जताया विरोध
- पार्षद बोले गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं सड़कें

**अजमेर, (कासं)।** नगर निगम अजमेर के कांग्रेस पार्षदों व कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष द्रोपदी कोली व शहर कांग्रेस महासचिव पार्षद नौरत गुर्जर के नेतृत्व में नगर निगम अजमेर कार्यालय पंचशील में अजमेर की विभिन्न समस्याओं के समाधान की माँग को लेकर नारेबाजी के साथ विरोध प्रदर्शन किया तथा महापौर की अनुपस्थिति में उनके कक्ष के बाहर 12 सूत्रीय मांग पत्र चस्पा किया गया।

कांग्रेसी पार्षद व कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता नगर निगम के बाहर एकत्रित हुए तथा हाथों में शहर की समस्याओं व निगम आयुक्त के खिलाफ नारे लिखी तखतियां लेकर विरोध प्रदर्शन किया, इसके बाद सभी पार्षद व कांग्रेसजन नगर निगम के मुख्य द्वार के बाहर धरने पर बैठ गए। नेता प्रतिपक्ष द्रोपदी कोली, शहर कांग्रेस महासचिव पार्षद नौरत गुर्जर, उपाध्यक्ष पूर्व पार्षद गुलाम मुस्तफा, अजमेर उत्तर के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व पार्षद शैलेंद्र अग्रवाल, महिला कांग्रेस अध्यक्ष पार्षद लक्ष्मी बुंदेल, मंडल कांग्रेस अध्यक्ष पार्षद हमीद चीता, डॉ ईश्वर राजोरिया व पूर्व पार्षद विजय सिंह गहलोत आदि पदाधिकारियों ने संबोधित करते हुए शहर की आमजन से जुड़ी समस्याओं व नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर 7 दिन में समस्याओं का समाधान नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। नेता प्रतिपक्ष द्रौपदी कोली ने कहा कि शहर की सडकों की हालत जर्जर हो चुकी है। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हैं और अभी तक पेचवर्क का काम तक शुरू नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि नगर निगम की साधारण सभा में स्वीकृत कई प्रस्ताव और बजट आज तक धरातल पर नहीं उतर सके हैं। कांग्रेस पार्षदों ने आरोप लगाया कि सभी पार्षदों को 25-25 लाख रुपए का बजट स्वीकृत किया गया था, लेकिन अभी तक उनके टेंडर भी जारी नहीं हुए हैं।


## कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी / अन्तरिति की मृत्यु पर उतराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की ज्वाला प्रसाद नगर योजना के आवासीय भूखण्ड संख्या 556 क्षेत्रफल 45 वर्ग मीटर भूखण्ड सख्या 557 क्षेत्रफल 45 वर्ग मीटर आवंटी / अन्तरिति दिलीप सिंह राठौड पुत्र धूल सिंह राठौड निवासी मदार अजमेर की मृत्यु दिनांक 27/11/2024 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसो कमश (1) श्रीमती मनिषा राठौड पुत्री स्व दिलीप सिंह राठौड पत्नि जितेन्द सिंह शेखावत (जयपुर) (2) श्रीमती लक्ष्मी राठौड पुत्री स्व दिलीप सिंह राठौड पत्नि योगेन्द सिंह (सीकर) (3) पूजा राठौड पुत्री स्व दिलीप सिंह राठौड (4) अजय सिंह राठौड पुत्र स्व दिलीप सिंह राठौड निवासी जे पी नगर अजमेर द्वारा अपने सहहिस्सदार श्रीमती मधु राठौड पत्नि स्व दिलीप सिंह राठौड निवासी जे पी नगर मदार अजमेर के पक्ष मे निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 4/4/2025 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है उक्त नामान्तरण किये जाने के संबध मे किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय मे दर्ज करावें उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नही होगी व आवेदको के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी

-योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

## अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर
### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती दीपा लालवानी पत्नी श्री श्याम सुन्दर लालवानी ने ग्राम थोक मालियान 2 के खसरा नम्बर 7269 मिन, 7287, 7289 मिन, 7271 मिन, 7288 मिन भूखण्ड संख्या 63 में क्षेत्रफल 223.13 वर्गमीटर के भूखण्ड की लीज डीड हेतु आवेदन किया है। इस आम सूचना के प्रकाशन द्वारा उक्त भूखण्ड की लीज डीड श्रीमती दीपा लालवानी पत्नी श्री श्याम सुन्दर लालवानी के पक्ष में जारी करने पर आपति आमंत्रित की जाती है। भूखण्ड का विवरण निम्न प्रकार है-

| सीमाऐ | नाप |
|---|---|
| उत्तर-अन्य की सम्पति | 30 फीट |
| दक्षिण - 25 फुट चौड़ा रास्ता | 30 फीट |
| पूर्व- भूखण्ड संख्या 64 | 73 फीट |
| पश्चिम - भूखण्ड संख्या 60, 61, 62 | 76 फीट |

किसी भी व्यक्ति / संस्था / कम्पनी को उक्त लीज डीड जारी करने पर आपति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि के भीतर अजमेर विकास प्राधिकरण के उपायुक्त जोन (दक्षिण) के समक्ष अपनी आपति प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा प्रकरण में नियमानुसार आगामी कार्यवाही संपादित की जाएगी।

उपायुक्त (दक्षिण),अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

## कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों के पक्ष में संयुक्त नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की जे पी नगर मदार योजना के आवासीय / भूखण्ड सख्या क्षेत्रफल 50 वर्ग मीटर के आवंटी/अन्तरिति स्व अजय श्रीवास्तव पुत्र मूल नायाराण श्रीवास्तव निवासी 84 सेक्टर 3 जे पी नगर मदार अजमेर की मृत्यु दिनांक 22/10/2021 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों कमश 1 स्व श्रीमती पूनम श्रीवास्तव पत्नि स्व अजय श्रीवास्तव 2 अविनाश श्रीवास्तव पुत्र स्व अजय श्रीवास्तव निवासी 84 सेक्टर 3 जे पी नगर मदार अजमेर द्वारा नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावे उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपति स्वीकार योग्य नही होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी

-योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

## कार्यालय नगर निगम,अजमेर

झलकारी बाई स्मारक के पास, पंचशील नगर,अजमेर

दूरभाष-0145-249953, फैक्स- 0145-2433813, Email-ajmermc@gmail.com.webajmermc.org

क्रमांक: . न.नि.अ/69-ए/2025-26/4530 **आपत्ति सूचना** दिनांक: 14/8/25

श्री जितेन्द्र कुमार जैन पुत्र श्री केशरीमल जैन निवासी- 4ए/1-4ए/5, पार्श्वनाथ कॉलोनी, वैशाली नगर, पुष्कर रोड अजमेर प्रस्तावित स्थल, 4ए/1-4ए/5, पार्श्वनाथ कॉलोनी, वैशाली नगर पुष्कर रोड अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 108.97 वर्गमीटर है का नगर निगम अजमेर में धारा 69-ए के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएँ निम्नानुसार हैं।

पूर्व : इसी सम्पत्ति का शेष भाग — पश्चिम : निजी सम्पत्ति

उत्तर : इसी सम्पत्ति में से छोड़ा गया रास्ता — दक्षिण : जैन संस्थान की सम्पत्ति

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति/संस्था के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम की धारा 69-ए के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के नगर निगम के पक्ष में भूमि के अधिकार अभ्यपर्ण करने के अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप/आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर-अंदर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकता है। उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी भी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा की किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आक्षेप/आपत्ति नहीं है। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

-उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

## कार्यालय नगर निगम,अजमेर

क्रमांक: . न.नि.अ/69-ए/2025-26/4552 **आपत्ति सूचना** दिनांक: 14/8/25

श्रीमति विजय लक्ष्मी पत्नी श्री बिहारीगंज शर्मा, निवासी-मकान नं. 230/02, जवाहर नगर अजमेर द्वारा प्रस्तावित स्थल, जवाहर नगर लोहागल चुंगी चौकी, पुलिस लाईन अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 224.86 वर्गगज है का नगर निगम अजमेर में धारा 69-ए के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित स्थल की सीमाऐं निम्नानुसार हैं।

पूर्व : 34 फुट का सड़क — पश्चिम : चौधरी जी का मकान

उत्तर : दौलत राम धामिया का मकान — दक्षिण : घनश्याम गुर्जर का धनराज वैष्णव का मकान

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति/संस्था के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम की धारा 69-ए के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के नगर निगम के पक्ष में भूमि के अधिकार अभ्यपर्ण करने के अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप/आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर-अंदर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकता है। उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी भी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा की किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आक्षेप/आपत्ति नहीं है। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

-उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

## कार्यालय नगर निगम,अजमेर

क्रमांक: . न.नि.अ/69-ए/2025-26/4526 **आपत्ति सूचना** दिनांक: 14/8/25

श्री गजेन्द्र दत्त मौर्य पुत्र स्व. श्री राजेन्द्र दत्त मौर्य, निवासी- 531/28,सैनी स्वीट्स के पीछे, 9 नंबर पेट्रोल पंप, भजनगंज अजमेर श्री रूपेश पटवा पुत्र श्री अशोक पटवा निवासी-शिव चौक कछावा की गुवाड़ी, पाल बीचला, अजमेर प्रस्तावित स्थल, रामबाग भगवानगंज चौराहा के पास, भगवानगंज अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 675.22 वर्गमीटर है का नगर निगम अजमेर में धारा 69-ए के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित स्थल की सीमाऐं निम्नानुसार हैं।

पूर्व : 40 फुट चौड़ा रास्ता भगवानगंज रोड — पश्चिम : हती बाई की सम्पति

उत्तर : 15 फुट रास्ता राजेन्द्र कुमार का मकान — दक्षिण : 15 फीट रास्ता अशोक कुमार चौहान का मकान

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति/संस्था के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम की धारा 69-ए के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के नगर निगम के पक्ष में भूमि के अधिकार अभ्यपर्ण करने के अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप/आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर-अंदर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकता है। उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी भी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा की किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आक्षेप/आपत्ति नहीं है। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

-उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

प्ररूप-10- नियम 6 (7) देखिए

प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगर परिषद केकड़ी (अजमेर) - राजस्थान

क्रमांक नपके / कृ.भू.रू./2025-26/1784 **-लोक सूचना-** दिनांक-7/8/2025

मामला सं.-

श्रीमती मुली देवी पत्नि श्री तोलाराम ढोली जाति ढोली निवासी बोराड़ा तह. सरवाड़ जिला अजमेर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषि (अकृषि) प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| अजमेर - सरवाड़ | केकड़ी | खसरा नं. 4133 | रकबा 0.2300 हैक्टयर में से 1870 व.मी. |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू- राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90 क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 10 दिन के भीतर-भीतर किसी का र्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज को जारी की गयी।

-प्राधिकारी अधिकारी का नाम और मुहर

## कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक : 892 **जाहिर आम सूचना** दिनांक-14.8.25

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 3/210 पंचशील, अजमेर क्षेत्रफल 210.00 वर्ग मीटर मूल आवंटी श्रीमती अंशुमा कुमार पत्नि श्री अविनाश कुमार एवं अविनाश कुमार पुत्र श्री एम.सी.माथुर को आवंटित कर दिनांक 13.02.2003 को आवास का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्रीमती अंशुमा कुमार एवं अविनाश कुमार द्वारा दिनांक 22.03.2013 को उप पंजीयक कार्यालय द्वारा आवास का पंजीयन करवा लिया गया है। श्री अविनाश कुमार माथुर की मृत्यु दिनांक 21.11.2019 को हो चुकी है। अब श्रीमती अंशुमा कुमार पत्नि स्व. श्री अविनाश कुमार माथुर एवं श्री अर्पित माथुर पुत्र स्व. श्री अविनाश कुमार माथुर द्वारा आवास का बैचान श्रीमती प्रीती थदानी पत्नि श्री सुरेश कुमार थदानी को दिनांक 01.07.2025 को कर दिया गया। जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्य 01 जिल्द संख्या 984 में पृष्ठ संख्या 151 क्रम संख्या 202503002107160 पर पंजीबद्ध किया गया। तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 3936 के पृष्ठ संख्या 240 से 253 पर दिनांक 01.07.2025 को चस्पा किया गया है। अब श्रीमती प्रीती थदानी पत्नि श्री सुरेश कुमार थदानी ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्रीमती प्रीती थदानी पत्नि श्री सुरेश कुमार थदानी का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी/आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद गुजरने पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

-सहायक प्रशासनिक अधिकारी, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-अजमेर


# 'संकल्प से अकर्मण्यता की धज्जियां उड़ा दो'

**अजमेर, (कासं)।** मणिपुंज सेवा संस्थान में स्वतंत्रता दिवस से पूर्व धर्म सभा को संबोधित करते हुए फरमाया भारतीय संस्कृति का ध्येय है कि तुम उठो, जागो, देहादि प्रपंचों से ऊपर उठो और परमात्मा सम बनो। संकल्प के विस्फोट से अकर्मण्यता की धज्जियां उड़ा दो, अपनी संस्कृति के अनुरूप व्यायाम, प्राणायाम, ध्यान, उपवास करते हुए अपनी संस्कृति, अपने राष्ट्र की रक्षा करो। राष्ट्रीय ध्वज में छिपे प्रतीकात्मक संदेश समृद्धि, शांति और नैतिकता से आंतरिक ऐश्वर्य प्राप्त करने का पराक्रम करना चाहिए। साध्वी डॉ श्री राजरश्मि जी म.सा. फरमाया हमारी उल्टी सोच आत्मा के पतन का कारण है, दुर्भाग्य का कारण हैं। विपरीत बुद्धि वाला मोह, अज्ञान को ही सौभाग्य समझकर नश्वर पदार्थों में सुख मानता है। साध्वी डॉ श्री राजऋद्धि जी म. सा. ने कहा अगर आप ईश्वर से प्रेम करते हैं तो इंसानों की भूलों को माफ करने की महानता दिखाइए,क्योंकि ईश्वर उन्हीं से प्यार करते हैं।

# भीलवाड़ा गॉट टैलेंट 2025" का ठौंड फिनाले सम्पन्न

**भीलवाड़ा।** आईमॉक ( ) द्वारा आयोजित और प्रारंभ फास्ट फूड के सहयोग से "भीलवाड़ा गॉट टैलेंट 2025" का बहुप्रतीक्षित ठौंड फिनाले आज शाम श्रीलोक रिसॉर्ट, हरणी महादेव में भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। इस अद्वितीय टैलेंट शो में डांस, सिंगिंग, पेंटिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, मॉडलिंग, किड्स फैशन वॉक, म्यूजिक इंस्ट्रुमेंटल, एक्रोबेटिक्स और जिमनास्टिक जैसी विधाओं में हर उम्र के प्रतिभागियों ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। आयोजन समिति के प्रमुख दीपक चंडालिया ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य शहर की छुपी हुई प्रतिभाओं को एक ऐसा मंच देना है, जहाँ वे आत्मविश्वास के साथ अपनी कला को निखार सकें। आज के फिनाले में हुई लाइव वोटिंग के आधार पर चुना गया "भीलवाड़ा गॉट टैलेंट 2025" का ठौंड विनर - अनीरा मानसिंघका, जिन्हें मिला 21,000 का नगद पुरस्कार। द्वितीय स्थान पर रही दीपिका शर्मा, जिन्हें 11,000 का कैश प्राइज़ प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंजु पोखरना, राकेश शर्मा, हनुमान प्रसाद शर्मा, आभा मित्तल, संजय छाबड़ा और आभा छाबड़ा ने विजेताओं को सम्मानित किया। जज के रूप में दीपा सिसोदिया, रोहित जैन, प्रियांका सेन, राजेंद्र सोनारी, मुकेश दाधीच,बीरा सुवालखा,शुभा सोमानी, और उपस्थित रहे। कार्यक्रम में खास मेहमान रहे कॉमेडियन अंकित सिसोदिया (बच्चा यादव कलाकार), मिष्ठी सिसोदिया, एंकर अजय माहेश्वरी और धुन बैंड के नीरज एन ठाुप का लाइव शो, जो दर्शकों के लिए मुख्य आकर्षण रहा। इस आयोजन की सफलता में दीपक चंडालिया के साथ आईमॉक के विनील गुप्ता, प्रारंभ फास्ट फूड के सौरभ माहेश्वरी, युवा समाजसेवी आदित्य सेन, सामाजिक कार्यकर्ता हारून रंगरेज ( ), मिली चंडालिया, अकिन चौधरी, चेतन जोशी,गुरप्रीत सिंह, सुनील जैन, सतीश सोनी, राजेंद्र कुमार जैन, पुष्पा जैन और विक्रम सिंह जैन सहित कई लोगों का अहम योगदान रहा।

# देशभक्ति के रंग में हुआ सरोबर अजमेर

- विधायक भदेल के नेतृत्व में निकली भव्य तिरंगा रैली

**अजमेर, (कासं)।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत अजमेर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में देशभक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। विधायक अनिता भदेल के नेतृत्व में गुरुवार को तीनों मंडलों की भव्य एवं ऐतिहासिक तिरंगा रैली निकाली गई। रैली से शहर देशभक्ति के माहौल में रंगा नजर आया।

दक्षिण क्षेत्र के तीनों मंडलों आदर्श मंडल, झलकारी बाई मंडल व आर्य मंडल के क्षेत्रों से निकाली गई तिरंगा रैली को विधायक अनिता भदेल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारी एकता, अखंडता और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह राष्ट्रध्वज का सम्मान करे और अपने अपने घरों, प्रतिष्ठानों व संस्थानों पर तिरंगा फहराकर देश के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करे। रैली में विद्यार्थियों, युवाओं, महिला शक्ति और बुजुर्गों ने भारी संख्या में भाग लिया। सैकड़ों कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा लिए, देशभक्ति गीतों और नारों के साथ पूरे जोश के साथ रैली में शामिल हुए। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली, जहां नागरिकों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम् के गगनभेदी नारे लगाकर माहौल को रोमांचित कर दिया।

तीनों रैली हुई एक: तीनों मंडलों आदर्श मंडल की तिरंगा रैली डीएवी शताब्दी स्कूल से, आर्य मंडल की रैली रामगंज से तथा झलकारी बाई मंडल की रैली राजा साइकिल चौराहे से प्रारंभ हुई जो विभिन्न मार्गों से होते हुए केसरगंज गोल चक्कर पर संपन्न हुई। तीनों मंडलों की रैली का भव्य समापन एक साथ हुआ।

जहां तिरंगे के समुद्र जैसे दृश्य ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर जिला महामंत्री राजेश घाटे, तिलक सिंह रावत, शहर जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र सिंह जादौन, आदर्श मंडल अध्यक्ष हितेश डाबरिया, पार्षद देवेन्द्र सिंह शेखावत, सह संयोजक एवं जिला प्रवक्ता दिलावर चौहान, सहसंयोजक सोहन शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और नागरिक मौजूद रहे।

# हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा अभियान

**ब्यावर (निसं)** श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर के आदेशानुसार हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए जोश और उत्साह के साथ तिरंगा रैली का आयोजन किया गया ।तिरंगा रैली में शामिल छात्राओं के हाथो में तिरंगा तथा आंखो में देश प्रेम की चमक देखते ही बन रही थी । रास्ते में भारत माता की जय, वंदे मातरम और हिन्दुस्तान जिंदाबाद के नारों से गूंज रहे थे। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर.सी.लोढ़ा ने बताया कि तिरंगा भारत के गौरव और पहचान का प्रतीक है और सभी देशवासियों में राष्ट्रप्रेम के भाव को जागृत करता है। हर घर तिरंगा अभियान देश तथा तिरंगे के प्रति इस भावना और सशक्त करने का अवसर है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत गनाहेड़ा पंचायत समिति अजमेर ग्रामीण(अजमेर)

क्रमांक :ग्रा.पं.गनाहेडा/एसबीएम-जी/निविदा/2025-26/123 दिनांक: 14.08.2025

ई-निविदा सूचना संख्या 03/2025-26

ग्राम पंचायत गनाहेड़ा में वित्तीय वर्ष 2025-26 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य हेतु ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया के तहत इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मो से निविदा दिनांक 14.08.2025 से 23.08.2025 तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in/ & http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

NIB No. - ZAJ2526A0968

UBN No. - ZAJ2526SL0B01053

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत गनाहेड़ा,पं.स. अजमेर ग्रामीण, अजमेर

प्रशासक, ग्राम पंचायत गनाहेड़ा, पं.स. अजमेर ग्रामीण, अजमेर

## कार्यालय ग्राम पंचायत तबीजी पंचायत समिति अजमेर ग्रामीण (अजमेर)


क्रमांक/ ग्रा.प.तबीजी/निर्माण/निविदा/2025-26/253 **निविदा सूचना** दिनांक:14.08.2025

ग्राम पंचायत तबीजी में निम्न कार्य हेतु ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया के तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निविदा दिनांक 14.08.2025 से 20.08.2025 तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in/ & http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

| क्र.सं. | ई-निविदा सूचना | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाखों में) | NIB NO | UBN NO |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 03/2025-26 | ग्राम पंचायत तबीजी में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य | 9.99 | ZAJ2526A0966 | ZAJ2526WSOB01051 |
| 2 | 04/2025-26 | ग्राम तबीजी में शंकर गैना के घर से सुगना जाट के घर की ओर सी.सी. सड़क और नाली निर्माण कार्य | 10.00 | ZAJ2526A0967 | ZAJ2526WSOB01052 |

सरपंच ग्राम पंचायत तबीजी पं.स. अजमेर ग्रामीण, अजमेर

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत तबीजी पं.स. अजमेर ग्रामीण, अजमेर



RIICO GROW WITH RAJASTHAN — राजस्थान सरकार का उपक्रम — RISING RAJASTHAN REPLETE • RESPONSIBLE • READY

## रीको औद्योगिक क्षेत्रों में होटल भूखण्ड



ईएमडी — प्रारम्भ तिथि: 11 अगस्त, 2025 (प्रात: 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 25 अगस्त, 2025 (सायं 06:00 बजे)

ऑनलाईन बिड — प्रारम्भ तिथि: 26 अगस्त, 2025 (प्रात: 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 28 अगस्त, 2025 (सायं 05:00 बजे)

| क्र.सं. | जिला | रीको इकाई कार्यालय | औद्योगिक क्षेत्र | भूखण्ड क्रमांक | क्षेत्रफल (वर्गमी) | आरक्षित दर (प्रति वर्गमी) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिरोही | आबूरोड | ग्रोथ सेंटर -II | CP-1 (Corner) | 1750.50 | 7500.00 |
| 2 | धौलपुर | भरतपुर | ग्रोथ सेंटर (विस्तार) धौलपुर | CP-8 (Corner) | 7378.00 | 15000.00 |
| 3 | भीलवाडा | भीलवाडा | ग्रोथ सेंटर हमीरगढ़ स्वरूपगंज के पास | CP-25 | 2697.00 | 7000.00 |
| 4 | खैरथल-तिजारा | भिवाड़ी-I | भिवाडी | HT-61 | 4074.00 | 65000.00 |
| | | | कहरानी | HT-1(Corner) | 4402.30 | 50000.00 |

ईएमडी — प्रारम्भ तिथि: 11 अगस्त, 2025 (प्रात: 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 26 अगस्त, 2025 (सायं 06:00 बजे)

ऑनलाईन बिड — प्रारम्भ तिथि: 27 अगस्त, 2025 (प्रात: 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 29 अगस्त, 2025 (सायं 05:00 बजे)

| क्र.सं. | जिला | रीको इकाई कार्यालय | औद्योगिक क्षेत्र | भूखण्ड क्रमांक | क्षेत्रफल (वर्गमी) | आरक्षित दर (प्रति वर्गमी) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जयपुर | जयपुर (ग्रामीण) | कांट-कालवाड़ (विस्तार) | HP-21 | 24081.00 | 10000.00 |
| | | | | HP-16 | 13213.03 | 11000.00 |
| | | | | HP-17 | 12761.50 | 10500.00 |
| | | | | HP-4 | 14081.05 | 12000.00 |
| 2 | अजमेर | किशनगढ़ | किशनगढ़- III (मार्बल मंडी) | CP-1 | 1425.00 | 50000.00 |
| 3 | टोंक | सवाईमाधोपुर | आईआईडी सेंटर निवाई कॉमर्शियल ब्लॉक- 1 | Hotel-2 | 960.00 | 15000.00 |
| 4 | श्रीगंगानगर | श्रीगंगानगर | 13 एल.एन.पी. (पतीखिया) | Hotel (Corner) | 1405.77 | 15000.00 |
| | | | अनूपगढ़ फेज- II | Hotel | 3081.00 | 22500.00 |
| 5 | उदयपुर | उदयपुर | गुडली | SP-1 (Corner) | 4405.00 | 15400.00 |

*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किश्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान

आवेदन के लिए QR कोड स्कैन करें

राज.संवाद / सी / 25 / 8204

राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड

उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005

ई-नीलामी हैल्पलाइन नं. 0141-4593250, 4593237, व्हाट्सएपः +91 9001306515, ई-मेल: riico@riico.co.in

आवंटन से सम्बंधित नियमों एवं शर्तें, ईएमडी विवरण, रजिस्ट्रेशन एवं भूखण्ड से सम्बंधित जानकारी के लिए देखें https://riico. rajasthan.gov.in या https://www.riico.co.in

RIICO GROW WITH RAJASTHAN — राजस्थान सरकार का उपक्रम — RISING RAJASTHAN REPLETE • RESPONSIBLE • READY

## औद्योगिक विकास के खुल रहे नये द्वार आप भी बनें भागीदार

सरल ई-नीलामी के माध्यम से



अन्तिम 4 दिन शेष

### आधारभूत सुविधाओं युक्त औद्योगिक क्षेत्रों में करें उद्यम की स्थापना

72 कुल औद्योगिक क्षेत्र | 509 कुल भूखण्ड | 462 औद्योगिक भूखण्ड | 47 लॉजिस्टिक भूखण्ड

उपरोक्त औद्योगिक क्षेत्रों पर प्रत्यक्ष आवंटन योजना-2025 लागू नहीं है

ईएमडी — अंतिम तिथि: 18 अगस्त, 2025 (सायं 06:00 बजे)

ऑनलाईन बिड — प्रारम्भ तिथि: 19 अगस्त, 2025 (प्रात: 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 21 अगस्त, 2025 (सायं 05:00 बजे)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 71 | आबू रोड़ | 01 | चूरू |
| 30 | अजमेर | 14 | बीकानेर |
| 04 | अलवर | 05 | झुंझुनू |
| 07 | भिवाड़ी-I | 10 | भरतपुर |
| 28 | भिवाड़ी-II | 28 | किशनगढ़ |
| 14 | बोरानाडा | 21 | भीलवाड़ा |
| 02 | दौसा | 03 | नीमराना |
| 10 | घिलोठ | | |

ईएमडी — अंतिम तिथि: 19 अगस्त, 2025 (सायं 06:00 बजे)

ऑनलाईन बिड — प्रारम्भ तिथि: 20 अगस्त, 2025 (प्रात: 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 22 अगस्त, 2025 (सायं 05:00 बजे)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 44 | नागौर | 08 | उदयपुर |
| 37 | पाली | 06 | जयपुर (दक्षिण) |
| 35 | झालावाड़ | 01 | जयपुर (ग्रामीण) |
| 03 | जालोर | 67 | ईपीआईपी सीतापुरा, जयपुर |
| 22 | राजसमंद | 01 | जोधपुर |
| 30 | कोटा | 02 | श्रीगंगानगर |
| 01 | सीकर | 04 | सवाई माधोपुर |

राज.संवाद / सी / 25 / 8184

*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किश्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान या रीको की टर्म लोन स्कीम के तहत भूमि की लागत का 75% तक का ऋण 5 साल की पुनर्भुगतान अवधि एवं 8.5% ब्याज के साथ

*केवल औद्योगिक भूखण्डों के लिए

आवेदन के लिए QR कोड स्कैन करें

राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड

उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005

ई-नीलामी हैल्पलाइन नं. 0141-4593250, 4593237, व्हाट्सएपः +91 9001306515, ई-मेल: riico@riico.co.in

आवंटन से सम्बंधित नियमों एवं शर्तें, ईएमडी विवरण, रजिस्ट्रेशन एवं भूखण्ड से सम्बंधित जानकारी के लिए देखें https://riico. rajasthan.gov.in या https://www.riico.co.in

PMCH HEALTH ADVISORS

# पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल, बेदला

NABH H-2024-1409

## नि:शुल्क

चिकित्सा परामर्श, जाँच, भर्ती एवं ऑपरेशन शिविर

अगस्त 16 2025 से अगस्त 30 2025

समय: प्रात 9.00 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक

- नि:शुल्क परामर्श
- नि:शुल्क रक्त एवं मूत्र की जाँच
- नि:शुल्क वार्ड में भर्ती
- नि:शुल्क ECG, X-Ray, इकोकार्डियोग्राफी मैमोग्राफी
- CT Scan, मात्र ₹1500/- | MRI - मात्र ₹3000/-
- नि:शुल्क सभी तरह के ऑपरेशन
- नि:शुल्क बच्चेदानी का ऑपरेशन
- नि:शुल्क एडवांस्ड थोरैकोस्कोपी

### नि:शुल्क
### लेजर व सामान्य ऑपरेशन

- बवासीर (पाईल्स) • फिशर • फिस्टुला
- पिलोनिडल साइनस
- हर्निया (फर्स्ट टाइम केस) • अपेंडिक्स एवं गठान
- गॉलब्लैडर (पित्त की थैली) की पथरी



डॉ. एम.एम. मंगल, जनरल सर्जन | डॉ. हनुवंत सिंह राठौड़, यूरोलॉजिस्ट एवं रिकन्स्ट्रक्शनल सर्जन | डॉ. धवल शर्मा, जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन



डॉ. के.सी. व्यास, जनरल सर्जन | डॉ. विकेश कुमार जोशी, कन्सलटेन्ट जी.आई. सर्जन | डॉ. गौरव वधावन, जनरल सर्जन



ऑपरेशन थियेटर



वार्ड की सुविधा

### नि:शुल्क

- 14 वर्ष तक के बच्चों का सभी तरह की बीमारियों का ईलाज व ऑपरेशन
- सामान्य टीकाकरण • वेंटिलेटर की सुविधा
- एन.आई.सी.यू. एवं पी.आई.सी.यू. की सुविधा



डॉ. प्रवीण झंवर, बाल एवं नवजात शिशु सर्जन | डॉ. पुनीत जैन, बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ



डॉ. रवि भाटिया, बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ MD Pediatric | डॉ. सन्नी मालवीया, बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ MD Pediatric | डॉ. दिनेश रजवानिया, बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ MD Pediatric



थोरैकोस्कोपी



एन.आई.सी.यू

### नि:शुल्क
### डिलीवरी (सामान्य एवं सिजेरियन)

गर्भधारण से डिलीवरी तक आपके एवं शिशु के सम्पूर्ण ईलाज की नि:शुल्क सुविधा (जाँच एवं दवाईयों सहित)



डिलीवरी के 2 माह पूर्व पंजीकरण कराने पर प्राईवेट रूम की नि:शुल्क सुविधा

रजिस्ट्रेशन अनिवार्य 9828144314



डॉ.स्मिता बरया(गोयल), स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन | डॉ. संचिता दशोरा, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ | डॉ. सुनीता माहेश्वरी, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ | डॉ. राजरानी शर्मा, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ



डॉ. आभा गुप्ता, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ | डॉ. रमा चुण्डावत, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन | डॉ. आकांक्षा अग्रवाल, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ | डॉ. कोमल इनानी झंवर, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन



प्राईवेट रूम



वेंटिलेटर

IVF@₹70,000*
इंजेक्शन सहित

*नियम व शर्तें लागू।

अंबेरी पुलिया से पेसिफिक हॉस्पिटल बेदला के लिए आने एवं जाने के लिए मरीजों को नि:शुल्क वाहन की सुविधा

योजनाओं एवं सभी इंश्योरेंस एवं TPA के कैशलेस ईलाज के लिए अधिकृत हॉस्पिटल

*नियम व शर्तें लागू। *दवाईयां, इम्प्लांट एवं कन्ज्यूमेबल अतिरिक्त

24/7 सुविधाएं उपलब्ध

भीलों का बेदला, एन.एच.-27, प्रताप पुरा, अम्बेरी, उदयपुर - 313011 (राजस्थान) | फोन : 8690541110

# विधायक-सांसदों के चुनाव होते हैं, फिर छात्रसंघ चुनाव क्यों नहीं?

## राजस्थान हाईकोर्ट ने राजस्थान विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव कराने के लिए दायर याचिका पर मौखिक टिप्पणी की

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने राजस्थान विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव कराने के लिए दायर याचिका पर मौखिक टिप्पणी की है। अदालत ने कहा कि जब सांसद और विधायकों के चुनाव कराए जाते हैं, तो छात्रसंघ चुनाव कराने में क्या परेशानी है। इसके साथ ही अदालत ने मामले की सुनवाई 22 अगस्त को तय की है। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश जय राव व अन्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

**■ राज्य सरकार की ओर से जवाब में कहा गया कि प्रदेश के 9 विश्वविद्यालय के कुलगुरुओं ने छात्रसंघ चुनाव नहीं कराने की सिफारिश की है। इसके अलावा छात्रसंघ चुनाव मौलिक अधिकार भी नहीं है। इसलिए इस सत्र में प्रदेश के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में छात्रसंघ चुनाव नहीं कराने का निर्णय लिया गया है।**

सुनवाई के दौरान मामले में राज्य सरकार की ओर से पेश जवाब को रिकॉर्ड पर लिया गया। राज्य सरकार की ओर से जवाब में कहा गया कि प्रदेश के 9 विश्वविद्यालय के कुलगुरुओं ने छात्रसंघ चुनाव नहीं कराने की सिफारिश की है। इसके अलावा छात्रसंघ चुनाव मौलिक अधिकार भी नहीं है। इसलिए इस सत्र में प्रदेश के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में छात्रसंघ चुनाव नहीं कराने का निर्णय लिया गया है। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने मामले में सुनवाई 22 अगस्त को रखी है। याचिका में अधिवक्ता शांतनु पारीक ने कहा कि विवि के प्रत्येक छात्र को अपना प्रतिनिधि चुनने का अधिकार है। छात्र अपने प्रतिनिधि के जरिए ही प्रशासन तक अपनी समस्याएं पहुंचाते हैं। वहीं लिंगदोह कमेटी की सिफारिश के तहत भी हर साल सत्र आरंभ होने के छह से आठ सप्ताह में छात्रसंघ चुनाव कराए जाने चाहिए, लेकिन राज्य सरकार ने अभी तक चुनाव को लेकर कोई अधिसूचना जारी नहीं की है। इसलिए राज्य सरकार को छात्रसंघ चुनाव कराने के निर्देश दिए जाए।

## रिलायंस डिजिटल इंडिया सेल 17 अगस्त तक चलेगी

**मुंबई** (कासं)। भारत का सबसे बड़ा इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर, रिलायंस डिजिटल, अपनी लंबे समय से इंतजार की जा रही है। डिजिटल इंडिया सेल के साथ वापस आ गया है। यह सेल 17 अगस्त 2025 तक चलेगी। सेल के दौरान ग्राहक 25प्रतिशत तक सेविंग्स (इसमें एसबीआई बैंक कार्ड्स पर 15000 तक 10 प्रतिशत इंस्टंट डिस्काउंट और गिफ्ट वाउचर्स में 15 प्रतिशत शामिल है) का फायदा उठा सकते हैं। इसके अलावा, ग्राहक इस सेल में आकर्षक पेपर फाइनान्स ऑप्शंस, जिसमें 1 फ्री ईएमआई भी शामिल है और चुनिंदा एक्सेसरीज पर यूपीआई से पेमेंट करने पर अतिरिक्त 5 प्रतिशत अनिलिमिटेड डिस्काउंटका भी फायदा उठा सकते हैं। डिजिटल इंडिया से ग्राहकों के लिए सभी रिलायंस डिजिटल, माय जियो, जियो मार्ट डिजिटल स्टोर्स और ऑनलाइन स्टोर पर उपलब्ध है। ग्राहक एपल प्रोडक्ट्, वॉशिंगमशीन्स, पर्सनल इलेक्ट्रॉनिक एक्सेसरीज, रेफ्रिजरेटर्स और एसी, किचन अप्लायंसेस पर छूट पा सकेंगे।

# मेहरानगढ़ दुर्ग पर 550 ड्रोन के माध्यम से आसमां में दिखाया भारतीय सेना का शौर्य

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ''ऑपरेशन सिंदूर'' थीम पर आधारित इस ड्रोन शो का अवलोकन किया

**जयपुर/जोधपुर** (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जोधपुर के मेहरानगढ़ दुर्ग पर ''ऑपरेशन सिंदूर'' थीम पर आधारित ड्रोन शो का अवलोकन किया।


मेहरानगढ़ दुर्ग से इस शो में लगभग 550 ड्रोन ने आसमान में भारतीय सेना की शौर्य गाथा का अद्भुत प्रदर्शन किया। इस अद्वितीय दृश्य को शहर के प्रमुख स्थलों पर स्पीकर और एलईडी स्क्रीन के माध्यम से आमजन के लिए भी प्रसारित किया गया, जिसका साक्षी पूरा जोधपुर बना।

**■ ''एट होम'' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 14 पुलिस कार्मिकों को पदक प्रदान कर सम्मानित किया**

इससे पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सानिध्य में 79वें स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर जोधपुर के मेहरानगढ़ किले में ''एट होम'' कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। जहां मुख्यमंत्री ने 14 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुलिस पदक तथा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 5 लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, उद्योग राज्य मंत्री के. के. विश्नोई, राज्य किसान आयोग के अध्यक्ष सी.आर.चौधरी, राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, सांसद राजेंद्र गहलोत, विधायक देवेंद्र जोशी, बाबू सिंह राठौड़, मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा, उच्चाधिकारीगण, गणमान्य लोग व बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।



**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जोधपुर के मेहरानगढ़ दुर्ग पर ''ऑपरेशन सिंदूर'' थीम पर आधारित ड्रोन शो को निहारा।**



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ''हर घर तिरंगा राष्ट्रव्यापी अभियान'' के आव्हान पर भाजपा हरियाणा संगठन प्रभारी, भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने जयपुर स्थित निवास पर अपने परिवारजनों के साथ तिरंगा फहराया। उन्होंने कहा कि, ''सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा''। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल एवं मजबूत नेतृत्व में भारत हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है। इस दौरान सतीश पूनियां के साथ पत्नी मोहिनी पूनिया, पुत्र महीप पूनिया पुत्रवधु सिप्पी, बेटी अनुष्का पूनिया मौजूद रहे।**

# एस.आई. भर्ती पेपर लीक प्रकरण में बहस पूरी, फैसला सुरक्षित रखा

## राजस्थान हाईकोर्ट में इस मामले को लेकर अब तक 39 बार प्रभावी सुनवाई हो चुकी है

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक मामले में 39 बार प्रभावी सुनवाई करने के बाद मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश कैलाश चन्द्र शर्मा व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में वरिष्ठ अधिवक्ता आरपी सिंह और अधिवक्ता हरेन्द्र नील ने बताया कि भर्ती परीक्षा की तीन स्तर पर शुचिता प्रभावित हुई है। सर्वप्रथम आरपीएससी के स्तर पर तत्कालीन आयोग सदस्य ने पेपर लीक किया। वहीं परीक्षा केन्द्र से भी पेपर लिए किया गया। इसके अलावा परीक्षा में डमी परीक्षार्थी बैठाए गए। पेपर लीक होने के बाद इसका पूरे प्रदेश भर में वितरण किया गया। ऐसे में चयनितों में से उन लोगों की छंटनी संभव नहीं है, जिन्होंने पेपर लीक का फायदा उठाया। वहीं एसओजी व कैबिनेट सब कमेटी और महाधिवक्ता ने भी अपनी पहली रिपोर्ट में यह बात मानी थी। इसलिए भर्ती परीक्षा को रद्द किया जाना चाहिए। इसका विरोध करते हुए राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद और एएजी विज्ञान शाह ने कहा कि याचिका में प्रकरण में की जा रही जांच पर सवाल नहीं उठाए गए हैं। राज्य सरकार स्वयं भी मामले के तह तक जाना चाहती है। अभी तक की जांच में 68 ट्रेनी दोषी पाए गए हैं। इनमें से 54 ट्रेनी को गिरफ्तार किया गया। वहीं छह अभ्यर्थियों ने चयन के बाद पद ग्रहण नहीं किया। इसके अलावा आठ आरोपी अभी भी फरार चल रहे हैं। कैबिनेट सब कमेटी ने हाल ही में फिलहाल भर्ती रद्द नहीं करने की सिफारिश दी है। जिसे मुख्यमंत्री स्तर पर स्वीकार किया गया है। ऐसे में याचिकाओं को खारिज किया जाए। वहीं चयनित अभ्यर्थियों की ओर से अधिवक्ता तनवीर अहमद ने कहा कि मामले में एसओजी ने विस्तृत जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की है। चयनित पक्षकार अभ्यर्थियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। यदि भर्ती रद्द की गई तो करीब पांच सौ से अधिक अभ्यर्थियों का भविष्य खराब होगा। कई अभ्यर्थी पूर्व की सरकारी सेवाओं को छोडकर एसआई बने हैं। सभी पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

## वीडियो वायरल करने की धमकी दे युवती से दुष्कर्म

**जयपुर**। चाकसू इलाके में एक परिचित ने नहाती हुई युवती का वीडियो बनाया और वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल किया और उसकी आबरु से खेलता रहा। रोज-रोज की धमकी से परेशान युवती ने मामले की जानकारी परिजनों को दी। जानकारी मिलने के बाद गुस्साए परिजनों ने पीड़िता को थाने ले जाकर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि पीड़िता के पिता का आरोप है कि आरोपी युवक बेटी का परिचित था। जिसके कारण उसका घर पर आना-जाना था। आरोपी ने चोरी छिपे बेटी के नहाते हुए का वीडियो बना और उसे वायरल की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

## सार-समाचार

### घर से भागी छात्रा को पुलिस ने तलाशा

**जयपुर** । जयसिंहपुरा खोर इलाके में एक 10वीं क्लास की छात्रा अपने पिता की डांट से नाराज होकर घर छोड़कर भागी। गुमशुदगी दर्ज होते ही पुलिस ने आनन-फानन से उसकी तलाश शुरु की और 30 किलोमीटर तक पीछा कर उसे दस्तयाब कर लाई। जिसके बाद पुलिस ने नाबालिग छात्रा को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। डीसीपी (नॉर्थ) करण शर्मा ने बताया कि जयसिंहपुरा खोर निवासी व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। उनकी 16 साल की बेटी प्राइवेट स्कूल में 10वीं क्लास में पढ़ती है। बुधवार दोपहर को नाबालिग स्कूल छात्रा को किसी बात पर परिजनों ने डांट दिया। डांट से नाराज होकर नाबालिग बेटी किसी को बिना बताए घर से निकल गई। कुछ देर बाद संभालने पर घर से गायब मिली। परिचित-रिश्तेदारों के तलाश करने पर भी नाबालिग बेटी का पता नहीं चला। जिसके बाद नाबलिग की तलाश में तुरंत विशेष टीमें लगाई गई और 100 ये अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए 30 किलोमीटर तक पीछा करते हुए नाबालिग छात्रा को दस्तयाब कर लिया। पुलिस की विशेष टीम ने नाबालिग छात्रा की तलाश में जयसिंहपुरा खोर से जमवारामगढ़, आंधी, सैथल, दौसा, बस्सी, कानोता इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जिसके बाद विशेष टीम फुटेज के आधार पर करीब 30 किलोमीटर दूर जगतपुरा पहुंची और वहां से नाबालिग छात्रा को सकुशल दस्तयाब कर उसके परिजनों को सुरक्षित सौंप दिया।

### सीएम ने दी स्वतंत्रता दिवस की बधाई

**जयपुर** । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 79वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें अपने कर्तव्यों और राष्ट्र-निर्माण की जिम्मेदारियों की याद दिलाता है। यह दिन केवल अतीत के संघर्ष का स्मरण ही नहीं कराता, बल्कि एकता, प्रगति और उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का संकल्प लेने की प्रेरणा देता है। शर्मा ने इस अवसर पर देश के ज्ञात-अज्ञात शहीदों, सशस्त्र बलों के सभी बलिदानियों और देश के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए कहा कि उनके अदम्य साहस, त्याग और बलिदान के कारण ही हम आज स्वतंत्र भारत के गौरवशाली नागरिक हैं। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर तिरंगे की शान को सदैव ऊंचा रखेंगे और आने वाली पीढ़ियों के लिए उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार किसानों, युवाओं, महिलाओं, गरीबों और वंचित वर्गों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने प्रदेशवासियों का आ ान किया कि आजादी के इस अमृत काल में राजस्थान को विकास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता में देश का अग्रणी राज्य बनाने का संकल्प लें।


### मुख्यमंत्री जोधपुर में करेंगे ध्वजारोहण

**जयपुर** । 79वां राज्यस्तरीय स्वाधीनता दिवस समारोह जोधपुर में भव्यता और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा स्वतंत्रता दिवस के मौके पर शुक्रवार को जोधपुर के बरकतुल्ला स्टेडियम में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में सुबह 9 बजकर 5 मिनट पर झंडारोहण करेंगे। इस अवसर पर वे प्रदेशवासियों को संबोधित करेंगे। शर्मा इससे पहले सुबह 8:55 बजे जयनारायण व्यास, विश्वविद्यालय के पास शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। मुख्यमंत्री गुरुवार दोपहर बाद स्वाधीनता दिवस समारोह में शामिल होने के लिए जोधपुर पहुंचे।

### पुनः गणना की सुनवाई दो सप्ताह टली

**जयपुर** । राजस्थान हाईकोर्ट ने जयपुर ग्रामीण लोकसभा चुनाव के मत पत्रों की पुनः गणना करने से जुड़े मामले में दायर याचिका पर सुनवाई दो सप्ताह के लिए टाल दी है। अदालत ने मामले में निर्वाचन आयोग की ओर से पक्ष नहीं रखने पर नाराजगी जताई है। जस्टिस विनोद कुमार भारवानी की एकलपीठ ने यह आदेश कांग्रेस के पराजित प्रत्याशी अनिल चोपड़ा की चुनाव याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता संजय शर्मा ने कहा कि अदालत ने गत 20 अगस्त को सांसद राव राजेन्द्र सिंह सहित अन्य पक्षकारों को नोटिस जारी किए थे। इसके बावजूद भी सांसद पर नोटिस तामील नहीं हुए हैं। ऐसे में उनके निवास के बाहर नोटिस चस्पा कर तामील कराए जाने चाहिए। याचिकाकर्ता ने यह भी कहा कि मामले में निर्वाचन आयोग के अधिवक्ता भी पेश नहीं हो रहे हैं। याचिका में अदालत को बताया गया कि याचिकाकर्ता को 1615 मतों से पराजित बताया गया था। जबकि निर्वाचन विभाग की उसी दिन जारी नोट शीट में 2738 बैलेट खारिज होना बताया गया।

# भंवर सिंह और नरेन्द्र सिंह को राष्ट्रपति पुलिस पदक



**जयपुर** । केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा 79वें स्वाधीनता दिवस-2025 के अवसर पर प्रदेश के 18 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रपति पुलिस पदक और पुलिस पदक प्रदान करने की घोषणा की गयी है। पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा ने इन सभी अधिकारियों को बधाई दी और उनके कार्यों की सराहना की।

असाधारण वीरता और सेवा के लिए दिए जाने वाले प्रतिष्ठित राष्ट्रपति के पुलिस पदक के लिए दो अधिकारियों का चयन किया गया है। इनमें बीकानेर में तृतीय बटालियन आरएसी के कंपनी कमांडर भंवर सिंह और जयपुर में एजीटीएफ, सीआईडी सीबी के उप निरीक्षक नरेंद्र सिंह शामिल हैं।

इसके अलावा प्रदेश के 16 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को पुलिस पदक के लिए चुना गया है। इनमें उप महानिरीक्षक पुलिस आर्म्ड बटालियन मनीष अग्रवाल द्वितीय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीआईडी एसएसबी जोन जयपुर शहर धर्मेन्द्र सिंह सागर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसओजी अवनीश कुमार शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बाली जिला पाली चैन सिंह, पुलिस उप अधीक्षक एससी एसटी सेल झालावाड़ कैलाश चंद खटीक, पुलिस निरीक्षक थाना करधनी जयपुर आयुक्तालय सवाई सिंह, उप निरीक्षक कार्यालय आईजी रेंज जोधपुर जसवंत राम, उप निरीक्षक तकनीकी शाखा एसएसबी जयपुर देवी सिंह, प्लाटून कमांडर प्रथम बटालियन आरएसी जोधपुर सही राम शामिल है।

इसी प्रकार सहायक उप निरीक्षक साइबर पुलिस थाना आयुक्तालय जयपुर भोजराज सिंह, हेड कांस्टेबल पुलिस काउंसलिंग एवं सहायता केंद्र बीकानेर कानाराम जाखड़, हेड कांस्टेबल तृतीय बटालियन आरएसी बीकानेर देवकरण, हेड कांस्टेबल राजस्थान पुलिस अकादमी गिरधारी लाल, हेड कांस्टेबल एसडीआरएफ जयपुर तलसा राम और कांस्टेबल छठी बटालियन आरएसी धौलपुर सुरेन्द्र सिंह व कांस्टेबल राजस्थान पुलिस अकादमी तेजा राम को भी पुलिस पदक के लिए चुना गया है।

## सहकारिता निरीक्षक 2.75 लाख रु. घूस लेते गिरफ्तार



**आरोपी नारायण वर्मा**

**■ विवादित प्लॉट पर स्टे देने की एवज में मांगी थी रिश्वत**

**जयपुर** (कासं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) मुख्यालय की जयपुर नगर चतुर्थ टीम ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए उप रजिस्ट्रार शहर सहकारी समितियों मिनी सचिवालय जयपुर के निरीक्षक नारायण वर्मा को 2 लाख 75 हजार रुपये की रिश्वत लेते हिरासत में लिया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि एसीबी टीम जयपुर नगर चतुर्थ जयपुर को परिवादी ने शिकायत दी कि उसके दो आवासीय प्लॉट श्रीनाथ एनक्लेव सैकण्ड ग्राम हरगुन की नांगल उर्फ चारणवाला डिग्गी रोड तहसील सांगानेर जयपुर जो हरि नगर गृह निर्माण सहकारी समितियों जयपुर के द्वारा सृजित किये गये थे। जिनमें विवादित होने से स्टे प्राप्त करने की एवज में उप रजिस्ट्रार शहर सहकारी समितियों मिनी सचिवालय जयपुर का निरीक्षक नारायण वर्मा प्रति प्लॉट 2 लाख रुपये (कुल 4 लाख रुपये) उप रजिस्ट्रार शहर के लिए व स्वयं के लिए 1 लाख रुपये की रिश्वत मांग रहा है। इस मांग सत्यापन के दौरान 74 हजार रुपये प्राप्त करना व निरीक्षक नारायण वर्मा ने रिश्वत लेने के दौरान परिवादी को ज्योति राव फूले चौराहा स्वेज फार्म के पास लगभग 10 किलोमीटर गलियों में घुमाया गया। इसके बाद फिर चौराहे से गुर्जर की थड़ी की ओर जाने वाले रास्ते में स्कूटी रोक कर 2 लाख 75 हजार रुपये की रिश्वत प्राप्त की गई। जिस पर एसीबी जयपुर नगर चतुर्थ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्ञान प्रकाश नवल के नेतृत्व में ट्रैप की कार्यवाही करते हुए निरीक्षक नारायण वर्मा रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है। एसीबी अन्य लोगों की भूमिका भी जांच रही है।

# अलाइनमेंट बदलाव की नोटिफिकेशन के गजट पब्लिकेशन पर रोक

## हाईकोर्ट ने जयपुर विकास प्राधिकरण सचिव को रिकॉर्ड सहित तलब किया

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । राजस्थान हाईकोर्ट ने सांगानेर में एयरपोर्ट से प्रताप नगर के हल्दी घाटी सर्किल तक की 100 फीट चौडी रोड के निर्माण मामले में जेडीए की 12 अगस्त के अलानमेंट बदलाव के नोटिफिकेशन के गजट पब्लिकेशन पर रोक लगा दी है। वहीं मामले में जेडीए सचिव को 20 अगस्त को पूरे रिकॉर्ड सहित पेश होने के लिए कहा है। जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा व संजीत पुरोहित की खंडपीठ ने यह आदेश अजय मार्ग निर्माण संघर्ष समिति सहित अन्य की याचिकाओं पर दिए।

**■ सांगानेर एयरपोर्ट से प्रताप नगर स्थित हल्दी घाटी सर्किल तक 100 फीट चौडी रोड के निर्माण का मामला**

सुनवाई के दौरान मामले के पक्षकार हेमराज की ओर से अधिवक्ता प्रहलाद शर्मा ने अदालत को बताया कि यह मामला खंडपीठ में विचाराधीन है, लेकिन उसके बावजूद भी जेडीए बार-बार रोड का अलाइनमेंट बदलता है। जबकि रोड के मूल प्लान पर किसी को भी एतराज नहीं था।

उन्होंने सोसायटी से भूखंड खरीदे थे और वे कई सालों से रह रहे हैं, लेकिन अलाइनमेंट बदलने के कारण उनके मकानों पर भी टूटने की तलवार लटक गई है। पिछली सुनवाई पर जेडीए ने कहा था कि जो रोड बननी है, उसमें कुछ हिस्सा जेडीए का है और कुछ हिस्सा हाउसिंग बोर्ड का है। इस रोड का साल 2018 में जोनल डवलपमेंट प्लान बना दिया था।

वहीं यह भी तय कर दिया था कि जेडीए अपने हिस्से में 13 महीने व 6 दिन की अवधि में रोड बना देगा। इसके तहत ही वे रोड के लिए डिमार्केशन करने लगे हैं। गौरतलब है कि इस रोड को लेकर जेडीए व हाउसिंग बोर्ड के अलग-अलग मत होने पर पूर्व में हाईकोर्ट ने प्रमुख यूडीएच सचिव को पेश होकर यह बताने के लिए कहा था कि इस 100 फीट रोड के निर्माण के लिए उनकी क्या कार्य योजना है।

# आठ साल में आपराधिक मामले की जांच पूरी नहीं, दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई करें पुलिस कमिश्नर : हाईकोर्ट

**जयपुर** । राजस्थान हाईकोर्ट ने धोखाधड़ी से जुड़े मामले में 8 साल में जांच पूरी नहीं करने और दोषी महिला हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार नहीं करने पर नाराजगी जताई है।

**■ धोखाधड़ी के इस मामले में दोषी हिस्ट्रीशीटर को भी गिरफ्तार नहीं करने पर अदालत ने नाराजगी जताई**

अदालत ने कहा कि मामले में पुलिस ने हास्यास्पद तरीके से जांच की है। प्रताप नगर थाने के एसएचओ और एसीपी प्रताप नगर जांच को गंभीरता से नहीं लेने और उसे लंबा खींचने के लिए स्पष्ट रूप से जिम्मेदार हैं। इसके साथ ही अदालत ने पुलिस आयुक्त को निर्देश दिए हैं कि प्रकरण में लापरवाह पुलिसकर्मियों को तत्काल आरोप पत्र जारी करे और उनके खिलाफ विभागीय जांच आरंभ करें। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश अशोक मेहता की आपराधिक याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

अदालत ने कहा कि धोखाधडी को लेकर साल 2013 में जेडीए थाने में मामला दर्ज हुआ था, जिसे बाद में प्रताप नगर थाने में स्थानांतरित किया गया। प्रकरण में जांच अधिकारी ने आरोपी रामप्रकाश गुप्ता और उसकी पत्नी अलका गुप्ता को दोषी माना। वहीं रामप्रकाश को गिरफ्तार कर 15 जून, 2017 को चालान पेश किया गया। वहीं अलका के गिरफ्तार नहीं होने के चलते मामले में जांच लंबित रखी गई।

वहीं प्रकरण में न तो अलका को अभी तक गिरफ्तार किया गया और ना ही जांच पूरी हुई। वहीं याचिकाकर्ता ने मामले में जांच पूरी करने के निर्देश देने के लिए याचिका दायर की। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अदालत में प्रगति रिपोर्ट पेश की गई। जिसमें सामने आया कि अलका हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ विभिन्न थानों में 15 मामले में दर्ज हैं। वहीं सहायक पुलिस आयुक्त विनोद शर्मा ने अदालत में पेश होकर कहा कि आरोपी अलका के खिलाफ गिरफ्तारी का स्थाई वारंट लिया गया है और वह शिप्रापथ थाने में दर्ज एक अन्य मामले में भी वांछित है।

अदालत ने कहा कि जांच अधिकारी बीते आठ साल में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए जरूरी कदम उठाने में असफल रहे हैं। जिसके चलते जांच भी पूरी नहीं हुई। अदालत ने भी जांच अधिकारी को तीन बार जांच पूरी करने के लिए समय दिया, लेकिन जांच अभी तक लंबित है। अदालत ने कहा कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए स्थाई वारंट लेना पर्याप्त कदम उठाना नहीं कहा जा सकता।

## नौकरी का झांसा देकर दुष्कर्म

**जयपुर**। भांकरोटा इलाके में नौकरी लगवाने का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है। थानाधिकारी मनीष गुप्ता ने बताया कि इलाके मे रहने वाली 19 वर्षीय युवती का आरोप है कुछ समय पहले उसकी आरोपी युवक से मुलाकात हुई थी। जिसके बाद वो दोनो अच्छे दोस्त बन गए। आरोपी युवक ने 12 अगस्त को नौकरी लगवाने का झांसा देकर उसे मिलने बुलाया और महापुरा ले गया। जहां पर आरोपी ने अकेलपन का फायदा उठाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता के बयानों के आधार पर दुष्कर्म का मामला दर्ज किया।



**राजस्थान में पुनः सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ और मानसून के कारण गुरूवार को राजधानी जयपुर में करीब आधे घंटे तक तेज झमाझम बारिश हुई। देखते ही देखते शहर की मुख्य सड़कों से लेकर कॉलोनियों में जलभराव हो गया। मुरलीपुरा इलाके में केडिया पैलेस चौराहे की ओर जाने वाली सड़क पर पानी भरने के कारण वाहन चालकों और राहगीरों को काफी परेशानियां झेलनी पड़ी।** फोटो-राष्ट्रदूत

# FASTag

## वार्षिक पास का शुभारंभ

### सभी नॉन कमर्शियल वाहनों (कार/जीप/वैन) के लिए



**नरेन्द्र मोदी**
**प्रधानमंत्री**

## फास्टैग वार्षिक पास के बारे में अधिक जानकारी

- यह केवल वाहन (VAHAN) डेटाबेस द्वारा सत्यापित निजी नॉन कमर्शियल कार/जीप/वैन के लिए है और अहस्तांतरणीय है।
- यह **15 अगस्त 2025** से केवल राष्ट्रीय राजमार्गों तथा राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे के टोल प्लाजा पर मान्य है, अन्य राज्य राजमार्गों या स्थानीय निकायों या पार्किंग के लिए नियमित फास्टैग शुल्क लागू होंगे।
- **फास्टैग वार्षिक पास, खरीद की तिथि से एक वर्ष तक मुफ्त आवागमन या 200 टोल प्लाजा पार करने (जो भी पहले हो) की अनुमति देता है।**
- इसे केवल राजमार्गयात्रा ऐप या एनएचएआई की वेबसाइट द्वारा सक्रिय किया जा सकता है। एसएमएस संदेश पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजे जाएंगे।
- **वार्षिक पास के शुल्क के रूप में रु. 3000 का भुगतान ऐप/वेबसाइट के माध्यम से किया जाना है। भुगतान की पुष्टि के दो घंटे के भीतर यह सक्रिय हो जाता है।**
- यदि वर्तमान फास्टैग वैध हो तथा वाहन की विंडस्क्रीन पर सही ढंग से चिपका हो तो नया फास्टैग खरीदने के जरूरत नहीं है।
- यदि प्रयोक्ता वार्षिक पास न लेना चाहें तो टोल शुल्क भुगतान के लिए वर्तमान फास्टैग का उपयोग जारी रख सकते हैं।
- **अधिक जानकारी के लिए राजमार्गयात्रा की वेबसाइट http://rajmargyatra.nhai.gov.in का अवलोकन करें।**

## 31.07.2025 तक राजस्थान में पात्र टोल प्लाजा

| क्र. सं. | राजमार्ग का खण्ड | रा. रा. | टोल प्लाजा का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | किशनगढ़–अजमेर–ब्यावर | 448 एवं 58 | गेगल |
| | | | पिपलाज |
| 2 | किशनगढ़ – गुलाबपुरा | 48 | खेड़ी |
| 3 | निम्बी जोधा (लाडनूं के पास)–डेगाना–मेड़ता सिटी | 458 | बंथाडी |
| | | | तामडोली |
| 4 | लाम्बिया–रायपुर | 458 | लिलांबा |
| 5 | भीम–पारसोली–गुलाबपुरा | 148D | पारा |
| 6 | बीकानेर – फलोदी | 11 | सालासर |
| | | | नोखरा |
| | | | खीरवा |
| 7 | खाजूवाला – पूगल | 911A – 911 | गंगाजली |
| | | | बरसलपुर |
| | | | सांवरा |
| 8 | रायसिंहनगर – पूगल | 911 | ठाकरी |
| | | | पटरोदा |
| 9 | आगरा – भरतपुर | 21 | कोराई |
| 10 | भरतपुर – महुआ | 21 | लुधावई |
| | | | अमोली |
| 11 | महुवा – जयपुर | 21 | सिकंदरा |
| | | | राजधोक |
| 12 | करौली – धौलपुर | 11B | चिलचोंद |
| | | | कोंदार |
| 13 | ऊंचा नागला–धौलपुर | 123 | राजौराखुर्द |
| 14 | दौसा–लालसोट–कौथून | 11A | टिटोली |
| | | | रबावता |
| 15 | दिल्ली–वडोदरा एक्सप्रेसवे पैकेज–9 | NE 4 | कुश्तला |
| | | | बोनली |
| | दिल्ली–वडोदरा एक्सप्रेसवे पैकेज–6 | | भांडारेज |
| | दिल्ली–वडोदरा एक्सप्रेसवे पैकेज–7 | | डूंगरपुर |
| | दिल्ली–वडोदरा एक्सप्रेसवे पैकेज–8 और 9 | | बड़कापाड़ा और बड़कापाड़ा स्प्लिट |
| 16 | बांदीकुई – जयपुर स्पर से दिल्ली–वडोदरा | NE4C | भेड़ोली |
| | | | खुरीकुर्द |
| | | | सुंदरपुरा |
| | | | गीला की नंगल |
| | | | बगराना |
| 17 | अमृतसर जामनगर आर्थिक गलियारा (संगरिया – रासीसर) | 754A | 16एमकेएस/3एनजीआर |
| | | | 29एनडीआर/31एनडीआर |
| | | | जैतपुर |
| | | | मलकीसर |
| | | | उछारंगदेसर |
| | | | नोरंगदेसर |
| | | | देशनोक |
| 18 | श्रीगंगानगर–रायसिंहनगर | 911 | 3एम |
| 19 | जयपुर रिंग रोड (दक्षिण) | 148C | हिंगोनिया |
| | | | सीतारामपुरा |
| 20 | गुड़गांव–कोटपूतली–जयपुर | 48 | मनोहरपुर |
| | | | दौलतपुरा |
| | | | शाहजहांपुर |
| 21 | जयपुर – किशनगढ़ | 48 | किशनगढ़ |
| | | | ठिकरिया |
| 22 | जयपुर – टोंक – देवली | 52 | सोनवा |
| | | | बरखेड़ा |
| 23 | राजस्थान सीमा–फतेहपुर–सालासर | 52/58 | शोभासर |
| | | | धाधर |
| | | | लासेड़ी |
| 24 | जयपुर – रींगस | 52 | टाटियावास |
| 25 | रींगस–सीकर | 52 | अखेपुरा |
| 26 | सालासर–नागौर | 58 | हरीम्मा |
| | | | निम्भी जोधा |
| 27 | मनोहरपुर–दौसा | 148 | नेकावाला |
| 28 | फलोदी–जैसलमेर | 11 | लाठी |
| | | | रामदेवरा |
| 29 | बागुंडी–बाड़मेर | 25 | निम्बाणियों की ढाणी |
| 30 | बाड़मेर–सांचौर | 68 | हाथीतला |
| | | | बोर चरणन |
| 31 | जैसलमेर–बाड़मेर | 68 | कैर फकीर की ढाणी |
| | | | निम्बासर |
| 32 | मुनाबाब–सुंद्रा–मायलार–धनाना–असुतार–घोटारू–तनोट | 70 | सुंदरा |
| | | | गुंजनगढ़ |
| | | | खुईयाला |
| 33 | गगरिया–बखासर और सता–गंधव | 925/925A | गरडिया |
| | | | सिंहानिया |
| | | | डूंगरी |
| 34 | तनोट–रामगढ़–भादासर–जैसलमेर और भादासर (मोकल)–सरकारीतला पाकिस्तान सीमा | 68/968 | लानेला |
| | | | रामगढ़ |
| | | | पारेवार |
| 35 | बर–बिलाड़ा–जोधपुर | 25 | बिराटिया कलां |
| | | | बीनावास |
| 36 | जोधपुर–पचपदरा | 25 | डोली |
| 37 | जोधपुर–पोकरण | 125 | जसनाथ नगर |
| | | | मोतीसर/खनौरी |
| | | | मोराणी/पोकरण |
| 38 | ब्यावर–पाली–पिंडवाड़ा | 62/162/25 | रायपुर |
| | | | इंद्रा नगर |
| | | | बिरामी |
| | | | उथमान |
| 39 | जोधपुर रिंग रोड–1 | 125 A | डांगियावास |
| | | | मानकलाओ |
| 40 | अमृतसर जामनगर आर्थिक गलियारा (रासीसर – राजस्थान/गुजरात सीमा) | 754 A | पांचू |
| | | | बुंगरी |
| | | | लक्ष्मण नगर |
| | | | हनुमानसागर |
| | | | सिरमंडी |
| | | | खुड़ियाला |
| | | | देवगढ़ |
| | | | मेघावास |
| | | | पटाऊ |
| | | | मूठली |
| | | | सांगाणा |
| | | | मोखूपुरा |
| 41 | कोटा–बारां | 27 | सिमलिया |
| | | | फतेहपुर |
| | कोटा बाईपास | | सकतपुरा |
| | | | नयागांव |
| 42 | देवली–कोटा | 52 | किशोरपुरा |
| 43 | दरा–झालावाड़–तीनधार | 52 | बीरमंडी |
| 44 | झालावाड़ – राजस्थान/मध्य प्रदेश सीमा | 52 | मेथून |
| 45 | टोंक – सवाईमाधोपुर | 552 | गुमानपुरा |
| 46 | गुलाबपुरा – उनियारा | 148D | पल्लाई |
| | | | कदीसाहेना |
| | | | लाल का खेड़ा |
| 47 | दिल्ली–वडोदरा एक्सप्रेसवे पैकेज–16 | NE 4 | चेचट |
| | दिल्ली–वडोदरा एक्सप्रेसवे पैकेज–12 | | लाबान |
| | | | मंडावरा |
| | दिल्ली–वडोदरा एक्सप्रेसवे पैकेज–13 | | जालिमपुरा |
| | | | कराड़िया |
| | दिल्ली–वडोदरा एक्सप्रेसवे पैकेज–14 | | बालापुरा |
| | | | गोपालपुरा |
| 48 | चित्तौड़गढ़–उदयपुर | 48 | नारायणपुरा |
| 49 | ग्रीनफील्ड उदयपुर बाईपास | 48 | डाकन कोटडा |
| 50 | उदयपुर–रतनपुर–शामलजी | 48 | खाण्डी ओबरी |
| 51 | गोमती चौराहा–उदयपुर | 58 | नेगड़िया |
| | | | मण्डावाड़ा |
| 52 | स्वरूपगंज–पिंडवाड़ा–उदयपुर | 27 | जसवन्तगढ़ (गोगुन्दा) |
| | | | मालेरा |
| 53 | गुलाबपुरा–चित्तौड़गढ़ | 48 | लाम्बियां कलां |
| | | | जोजरो का खेड़ा |
| 54 | भीलवाड़ा – लाडपुरा | 758 | खाचरोल |
| 55 | चित्तौड़गढ़–कोटा | 27 | बस्सी |
| | | | आरोली |
| | | | धनेश्वर |
| 56 | राजसमंद–भीलवाड़ा | 758 | मुजरास |
| | | | रूपाखेड़ा |
| 57 | ब्यावर–गोमती | 58 | बगलिया |
| | | | बग्गर |
| 58 | अजमेर–नागौर | 58 | बड़ीघाटी |
| | | | बुटाटी |
| 59 | ब्यावर – आसींद | 158 | जसवन्तपुरा |
| 60 | बीकानेर – नागौर | 62 | परवा |
| | | | गोगेला |
| 61 | अलवर – नूंह | 248A | बहला |
| | सूरतगढ़ – श्रीगंगानगर | 62 | 6एमएल |
| 62 | राजगढ़ – पिलानी | 709 Extn. | थिरपाली बड़ी |
| 63 | बालोतरा – सांडेराव | 325 | नरसाना |
| | | | बलाना |
| 64 | सांचौर–धनेरा–डीसा | 168 A | छोटी विल्लोर |
| 65 | बाड़मेर–गागरिया | 25E | असाड़ा की बेरी |
| 66 | जोधपुर–नागौर | 62 | टांकला |
| | | | नेत्रा |
| 67 | सवाई माधोपुर–श्योपुर | 552 Extn. | दौलतपुरा |
| 68 | कोटा–दराह | 52 | मंडाना |
| 69 | झाड़ोल– अंभाबेली | 58E | करैल |
| 70 | आसींद – भीलवाड़ा | 158 | धुलेपुरा |
| 71 | कुंडल – झाड़ोल | 58E | पीपलवास |
| 72 | डूंगरपुर–हिरता–वरदा–सागवाड़ा | 927A | पाडला हल्दिया |
| 73 | चित्तौड़गढ़–नीमच (MP बॉर्डर) और निम्बाहेड़ा–प्रतापगढ़ | 113 | ओछाड़ी |
| | | | निम्बाबेड़ा |
| | | | नरसिंहगढ़ |
| | | | सिधपुरा |
| 74 | सीकर बाईपास होते हुए सीकर–बीकानेर और बीकानेर बाईपास | 11 | रशीदपुरा |
| | | | टिडियासर |
| | | | लाखासर |
| | | | उदयरामसर (बीकानेर बाईपास, रिड़मलसर) |
| 75 | जोधपुर – पाली | 62 | निम्बाली |
| | | | गाजनगढ़ |
| 76 | बीकानेर–सूरतगढ़ | 15/11 | खारा |
| | | | भदेरा |
| | | | हिंडोर |

Download the Rajmargyatra App

Google play

App Store

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
(सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)

*सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी*



इंग्लैंड के खिलाफ यादगार टेस्ट सीरीज ड्रा कराने वाले अपने शिष्य और भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल पर मुझे गर्व है। - युवराज सिंह

पूर्व भारतीय बल्लेबाज, शुभमन गिल के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी ▶

## आकाश चोपड़ा



पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा और प्रज्ञान ओझा ने अपने खेल के दिनों के अजीबोगरीब अंधविश्वासों के साथ-साथ मैदान पर बिताए कुछ अविस्मरणीय पलों के बारे में खुलकर बात की। आकाश ने कहा कि कैसे खिलाड़ी अंधविश्वासों में विश्वास करते थे। उन्होंने कहा, कभी-कभी कोई भाग्यशाली कलाई बैंड में विश्वास करने लगता था, यहां तक कि कलाई बैंड का रंग भी मायने रखता था। फिर, कुछ खिलाड़ी अपनी जर्सी नंबर पर विश्वास करते थे। अगर उन्हें जो नंबर चाहिए था, वह पहले से ही ले लिया गया था, तो वे सलाह के लिए किसी अंकशास्त्री के पास जाते थे।

**क्या आप जानते हैं ?...** पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में 75.40 की औसत से 754 रन बनाने वाले गिल को भारत का प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। इसमें चार शतक शामिल हैं।

# एशिया कप में कैसा होगा भारतीय स्पिन आक्रमण ?

नई दिल्ली, 14 अगस्त। एशिया कप 2025 में जब क्रिकेट के प्रशंसकों की निगाहें टी20 विश्व कप चैंपियन भारत पर होंगी तो एक अहम सवाल यह बनेगा कि इस टूर्नामेंट में कौन से स्पिनर अपनी गुगली और कैरम बॉल से विरोधी टीम को बिखेरने का हरसंभव प्रयास करेंगे? क्या कुलदीप यादव की कलाई का जादू फिर चलेगा या वरुण चक्रवर्ती की रहस्यमयी गेंदें फिर से बल्लेबाज़ों के लिए अता-पता-लापता वाली परिस्थिति बनाएंगी? हालांकि खेलने की प्रक्रिया बाद में घटित होती है, पहले तो टीम चयन होता है। आइए देखते हैं कि टीम चयन की इस कठिन, जटिल और जवाबदेही की ताजपोशी करने वाली प्रक्रिया में क्या रवि बिश्नोई, साई किशोर और दिग्वेश राठी जैसे युवा खिलाड़ियों को भी मौका मिलेगा, या भारत फिर से अनुभव और युवा जोश का संतुलन साधते हुए मैदान पर उतरेगा। आइए, क्रिकेट की इस बिसात पर भारतीय स्पिन अटैक की रणनीतियों को डिकोड करें।

अगर यह पूछा जाए कि एशिया कप में भारतीय टीम की तरफ़ से वह कौन सा स्पिनर होगा जो प्लेइंग में पहले स्थान पर होगा, तो इसमें कोई दो मत नहीं कि वरुण इस स्थान के लिए सबसे मजबूत दावेदारों में से एक होंगे। दक्षिण अफ्रीका दौरे (नवंबर 2024) से भारतीय टीम में वापसी करने के बाद उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। उस दौरान चार मैचों की टी20 सीरीज में वह सबसे ज्यादा विकेट (12) लेने वाले गेंदबाज रहे। उस सीरीज में उन्होंने एक द्विपक्षीय टी20 सीरीज में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने का पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया था। इसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ टी20सीरीज़ में पांच मैचों में 14 विकेट चटकाए। टी20 विश्व कप के बाद से वरुण ने कुल 12 मैच खेले हैं और कुल 31 विकेट लिए हैं। इस तरह के बेहतरीन प्रदर्शन का परिणाम यह रहा कि टी20में आईसीसी के शीर्ष गेंदबाज़ों की सूची में चौथे स्थान पर हैं। आईपीएल 2025 में भी उन्होंने 13 मैचों में 17 विकेट लिए। साथ ही टीएनपीएल में भी उन्होंने अच्छी गेंदबाजी करते हुए 10 विकेट चटकाए।

कुलदीप भारतीय टीम के प्रमुख स्पिनरों में से एक माने जाते हैं। टी20 विश्व कप के बाद से कुलदीप ने भारत के लिए एक भी टी20 मैच नहीं खेला है। हर्निया की सर्जरी के अलावा उन्हें कुछ छोटी-मोटी चोट भी लगीं। आईपीएल में उन्होंने कुल 15 विकेट लिए और एक बेहतरीन वापसी की। अब वह पूरी तरह से फिट हैं। भारत के इंग्लैंड दौरे पर भले ही उन्होंने कोई मैच नहीं खेला लेकिन वह पूरी तरह से फिट थे। इसमें काफी कम ही शक है कि वह एशिया कप में भारतीय टीम के स्पिन अटैक का हिस्सा नहीं होंगे।

बिश्नोई भारतीय क्रिकेट में एक युवा और आक्रामक लेग-स्पिनर के तौर पर उभरे हैं। वह अपनी तेज गति की लेग-स्पिन और गुगली के लिए जाने जाते हैं। उनका अंतर्राष्ट्रीय फॉर्म प्रभावशाली रहा है। बिश्नोई ने टी20 विश्व कप के बाद से भारत के लिए किसी भी स्पिनर की तुलना में सबसे ज्यादा (18) मैच खेले हैं और कुल 25 विकेट झटके हैं, जो वरुण (32) के बाद सबसे अधिक हैं। हालांकि आईपीएल 2025 में बिश्नोई का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था। उन्होंने 11 मैचों में सिर्फ नौ विकेट लिए थे और 10.83 की खराब इकॉनमी से गेंदबाजी की थी।

हालिया आईपीएल में दो स्पिनरों ने क्रिकेट पंडितों और प्रशंसकों को खूब प्रभावित किया - साई किशोर और दिग्वेश राठी। साई किशोर पिछले कुछ सालों से घरेलू सर्किट में तमिलनाडु के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इस साल उनकी ही कप्तानी में आईड्रीम तिरुप्पुर तमिजंस ने टीएनपीएल का खिताब जीता था। साथ ही आईपीएल में भी उन्होंने गुजरात टाइटंस के लिए 19 विकेट झटके थे। इसके अलावा साई बाएं हाथ से आक्रामक बल्लेबाजी भी कर सकते हैं और वह एक अच्छे फील्डर भी हैं। ऐसे में अगर उन्हें भारतीय टीम में मौका मिलता है तो यह कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी।

आईपीएल 2025 में राठी के बारे में ऐसे सैकड़ों मजाकिया बातें लिखी गईं। उस दौरान राठी ने खिलाड़ियों को आउट करने के बाद आसमान पर हस्ताक्षर किए, जमीन पर किया, कभी तो खिलाड़ियों के बिल्कुल करीब जाकर किया लेकिन इन सब के इतर राठी ने अपने पहले ही आईपीएल सीजन में बता दिया कि उनकी गुगली को पढ़ना अत्यंत कठिन कार्य है। उन्होंने आईपीएल 2025 में 13 मैचों में 14 विकेट लिए और सिर्फ 8.25 की इकॉनमी के साथ रन खर्च किए। उम्मीद कम है लेकिन इसमें कोई दो मत नहीं कि हवा में हस्ताक्षर कर के फाइन भरने वाले इस युवा खिलाड़ी पर निवेश किया जा सकता है।

## लिएंडर पेस के पिता हॉकी खिलाड़ी डॉ. वेस पेस का निधन

नई दिल्ली, 14 अगस्त। टेनिस स्टार लिएंडर पेस के पिता और म्यूनिख ओलंपिक 1972 में कॉस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम का हिस्सा रहे डॉ. वेस पेस का गुरुवार को



कोलकाता में निधन हो गया। वह 80 वर्ष के थे। वेस पेस का जन्म 30 अप्रैल 1945 को गोवा में हुआ था। उन्होंने 1966 में हैम्बर्ग इंटरनेशनल कप में भारतीय हॉकी टीम में पर्दापण किया, उस समय वह कोलकाता के प्रेसिडेंसी कॉलेज में मेडिकल छात्र थे। मिडफील्ड में अपने बेहतर कौशल के लिए मशहूर पेस, 1971 बार्सिलोना हॉकी विश्व कप में कांस्य पदक और 1972 ओलंपिक में भी कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के अहम खिलाड़ी रहे थे।

खेल उपलब्धियों के अलावा, वह खेल चिकित्सक भी थे और कोलकाता क्रिकेट एंड फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष भी रहे। वह डिविजनल क्रिकेट, फुटबॉल और रग्बी भी खेलते थे। रग्बी के प्रति अपने जुनून के कारण वह 1996 से 2002 तक इंडियन रग्बी फुटबॉल यूनियन के अध्यक्ष रहे। हॉकी इंडिया ने भारतीय हॉकी के स्वर्णिम युग के करिश्माई मिडफील्डर डॉ. वेस पेस के दुखद निधन पर शोक व्यक्त किया। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप टिर्की ने कहा, हॉकी इंडिया में यह हमारे लिए एक दुखद दिन है। डॉ. पेस के निधन से हॉकी के एक महान युग का अंत हो गया है। म्यूनिख में जीता गया ओलंपिक पदक उनके साहस और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। मुझे उनसे कई बार मिलने का सौभाग्य मिला और मैं हमेशा से ही खेलों के प्रति उनके जुनून से प्रेरित रहा हूं। वे देश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के प्रबल समर्थक थे। हॉकी इंडिया की तरफ से हम उनकी पत्नी जेनिफर, बेटे लिएंडर और उनके पूरे परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं।

# राज्य ओलंपिक संघों को फिर मिले मताधिकार : डॉ. आनंदेश्वर पांडेय

लखनऊ, 14 अगस्त। उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) से अनुरोध किया है कि राज्य ओलंपिक संघों को पुनः मताधिकार दिया जाये।

आईओए की बुधवार को नई दिल्ली में हुई विशेष आम सभा (एसजीएम) के बाद आईओए अध्यक्ष पीटी उषा ने राज्य ओलंपिक एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। आईओए कार्यालय में आयोजित इस बैठक में वरिष्ठ खेल प्रशासक व उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय सहित विभिन्न राज्यों के ओलंपिक संघों के अध्यक्ष व महासचिवों ने शिरकत की। बैठक में राज्यों में ओलंपिक मूवमेंट को बढ़ाने व ओलंपिक खेलों के प्रचार व प्रसार की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने अनुरोध किया कि राज्य ओलंपिक संघों को पुनः मताधिकार दिया जाये। उन्होंने कहा कि इससे राज्य संघों की स्वायत्तता मजबूत होगी और देशभर में ओलंपिक खेलों के प्रचार-प्रसार का लक्ष्य साकार करने में मदद मिलेगी। इस पर आईओए अध्यक्ष पीटी उषा ने इस मांग पर विचार करने का आश्वासन दिया जिसका बैठक में मौजूद राज्य ओलंपिक संघों के प्रतिनिधियों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया।

बैठक के दौरान भारतीय ओलंपिक संघ के पूर्व महासचिव राजीव मेहता ने राज्य ओलंपिक संघों को मताधिकार देने की पुरजोर मांग की और विभिन्न खेल संघों में चल रहे विवादों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि विवादों का निपटारा भारतीय ओलंपिक संघ के संविधान, ओलंपिक चार्टर और राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक-2025 के अनुरुप किया जाये ताकि भारतीय खेल सुचारू रूप से आगे बढ़ सके। इसकी उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन ने सराहना की।

## तथ्य-खोजी समिति इसी महीने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट बीसीबी को सौंपेगी

ढाका, 14 अगस्त। बंगलादेश प्रीमियर लीग की तथ्य-खोजी समिति अगस्त महीने में बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) को अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट सौंप देगी। बीसीबी ने इससे पहले फरवरी में घोषणा की थी कि मीडिया में भ्रष्टाचार के कई आरोपों की रिपोर्ट आने के बाद बोर्ड और बीसीबी की भ्रष्टाचार निरोधक इकाई (एसीयू) को ईमानदारी के मुद्दों और जांच में सहयोग देने के लिए एक स्वतंत्र जांच निकाय का गठन किया जाएगा। इसके बाद बीसीबी ने अपीलीय विभाग के पूर्व न्यायाधीश, न्यायमूर्ति मिर्जा हुसैन हैदर की अध्यक्षता में एक तीन-सदस्यीय समिति का गठन किया, जिसमें पूर्व क्रिकेटर शकील कासेम और अंतरराष्ट्रीय वकील डॉ. खालिद एच. चौधरी अन्य सदस्य थे। समिति के एक सदस्य खालिद ने गुरुवार को बताया, प्रारंभिक रिपोर्ट को हम 20 अगस्त से पहले पेश करने का इरादा रखते हैं।

## एशियन योगासन चैम्पियनशिप में अल्पना दुबे ने जीते दो कांस्य पदक

नई दिल्ली, 14 अगस्त। अल्पना दुबे ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैरा अमीरात में आयोजित छठीं एशियन योगासन चैम्पियनशिप में दो कांस्य पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया। भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए अल्पना ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने कौशल और आत्मसंयम का प्रदर्शन किया और पारंपरिक योग तथा कलात्मक योग दोनों श्रेणियों में पदक हासिल किए। उन्होंने चीन, श्रीलंका, दक्षिण कोरिया, इंडोनेशिया, मलेशिया, नेपाल और ईरान सहित 16 देशों के 160 श्रेष्ठ खिलाड़ियों के बीच प्रतिस्पर्धा की। जायेद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में नौ से 10 अगस्त को आयोजित हुई। यह प्रतियोगिता शेख मोहम्मद बिन हमद अल शरकी, क्राउन प्रिंस ऑफ फुजैरा के संरक्षण और एशियन योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन (एवाईएसएफ) तथा यूएई मिनिस्ट्री ऑफ स्पोर्ट्स के सहयोग से संपन्न हुई।

## राजस्थान के 43 सदस्यीय दल में कई अंतर्राष्ट्रीय एथलीट शामिल

जयपुर, 14 अगस्त। चेन्नई (तमिलनाडु) में 20 से 24 अगस्त तक होने वाली 64वीं नेशनल इंटर स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में राजस्थान का 43 सदस्यों का दल हिस्सा लेगा। राजस्थान एथलेटिक्स एसोसिएशन के महासचिव देवनारायण गुर्जर ने गुरुवार को यहां चयन समिति की बैठक के बाद राजस्थान टीम की घोषणा की। टीम में कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी शामिल हैं। भूपेन्द्र सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई चयन समिति की बैठक में सुरेन्द्र सिंह, हरमाना राम, रामनिवास, एसएल बुनकर, शारदा देवी जादम और देवनारायण गुर्जर शामिल थे। देवनारायण ने कहा कि राजस्थान टीम का चयन सीनियर स्टेट चैंपियनशिप के प्रदर्शन और एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित अलग- अलग ओपन मीट के प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। राजस्थान टीम में पुरुष वर्ग में 24 और महिला वर्ग में 19 खिलाड़ी शामिल हैं। **राजस्थान टीम : पुरुष वर्ग :** अंकित कुमार कसवां, लोकेश सिंह गुर्जर, साहिल खान, अजीत, राहुल बालोदा, पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़, चन्द्रपाल मइया, कानाराम जाट, शक्ति सिंह, अतुल पूनिया, संजय कुमार धिंधवाल, जुझार सिंह, श्याम सुन्दर, नरेन्द्र सिंह, अशोक कुमार, शक्ति सिंह राठौड़, सिद्धार्थ चौधरी, भानु शर्मा, रोहित कुमार, यशवीर सिंह, प्रवीण कुमार, संजय कुमार, मुकेश निठारवाल, सुभाष। **महिला वर्ग :** गीता, नितिशा, सुशीला प्रजापत, निकिता, चुकी बिरदा, कचनार चौधरी, वंशिका शेखावत, सोनु कुमारी, मुकेश कुमारी, राजबाला सैनी, नीलम चौधरी, ललिता चौधरी, माया, कमला, नीता कुमारी, तनुश्री, आयशा खानम, अंताक्षरी, सुमन शर्मा।

## करियर के अंतिम पड़ाव पर मेरा कौशल बेहतर हो रहा है : स्कॉट बोलैंड

सिडनी, 14 अगस्त। ऑस्ट्रेलिया के दाएं हाथ के मध्यम-तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड का मानना है कि वह 2023 एशेज श्रृंखला के मुकाबले अब बेहतर गेंदबाज है और करियर के अंतिम पड़ाव पर उनके कौशल और आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है।

बोलैंड ने दो साल पहले एशेज में पांच में से केवल दो टेस्ट खेले थे और वह दो विकेट ही ले पाए थे। इंग्लैंड में 2-2 से ड्रॉ हुई एशेज सीरीज में तीन अन्य ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों - मिशेल स्टार्क (23 विकेट), पैट कमिंस (18) और जोश हेजलवुड (16) का दबदबा था। तब से बोलैंड ने चार टेस्ट खेले हैं और 27 विकेट लिए हैं। बर्मिंघम और लीड्स के उन मुश्किल दिनों को याद करते हुए 36 वर्षीय बोलैंड का मानना है कि तब से उनके कौशल और आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, मैं यही कहूंगा भले ही मेरी उम्र बढ़ रही है, फिर भी मुझे लगता है कि मेरे कौशल बेहतर हो रहे हैं। भले ही मैं अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर हूं, फिर भी मैं सीख रहा हूं कि क्या मेरी मदद कर रहा है और क्या मुझे अपना शत-प्रतिशत प्रदर्शन करने में सक्षम बना रहा है।

उन्होंने कहा, 2023 एशेज के बाद से मैंने इसके बारे में बहुत सोचा है। मुझे अब भी लगता है कि इंग्लैंड में कई बार ऐसा हुआ था जब मैंने अच्छी गेंदबाजी की थी, बस मुझे विकेट नहीं मिला था। मैं पहले के मुकाबले बेहतर गेंदबाज हूं और (आगामी एशेज) ऐसे हालात में होने वाली है जिससे मैं अच्छी तरह परिचित हूं।

फिटनेस और दबाव के सवाल पर बोलैंड ने कहा, रॉनी (मुख्य कोच एंड्रयू मैकडॉनाल्ड) ने मुझे चुनौती नहीं दी, बल्कि मुझसे पूछा क्या ऐसा कुछ है जिसे हम थोड़ा अलग कर सकें ताकि मेरा शरीर पूरे समय बेहतरीन प्रदर्शन कर सके मैं बस आगे बढ़ना चाहता हूं। मैं जितना और जब तक हो सकेगा अपने शरीर को फिट रखूंगा।

उन्होंने कहा, मुझे चार तेज गेंदबाजो वाले आक्रमण में फिर से खेलने की उम्मीद है लेकिन शायद ऑस्ट्रेलिया में नहीं।

## बुची बाबू टूर्नामिंट खेलेंगे पृथ्वी शॉ और ऋतुराज गायकवाड़

मुंबई, 14 अगस्त। पृथ्वी शॉ ने हाल ही में घरेलू क्रिकेट के लिए महाराष्ट्र की टीम से खेलने का फैसला किया था और इसके लिए उन्हें मुंबई की टीम की तरफ से एनओसी भी मिल गया था। अब उन्हें आठ अगस्त से नौ सितंबर तक चेन्नई में आयोजित होने वाले ऑल



इंडिया बुची बाबू इनविटेशनल टूर्नामेंट में महाराष्ट्र की 17 सदस्यीय टीम में चयनित किया गया है। जुलाई में शॉ ने मुंबई की टीम को छोड़कर महाराष्ट्र की टीम में शामिल होने का फैसला लिया था। महाराष्ट्र की तरफ से यह उनका पहला टूर्नामेंट होगा। गौरतलब है कि 2024-25 के सीजन में शॉ को खराब फिटटनेस और अनुशासन की कमी के चलते मुंबई की रणजी टीम से बाहर किया गया था। इस टूर्नामेंट की महाराष्ट्र की कप्तानी अंकित बावने करेंगे। 17 सदस्यीय टीम में ऋतुराज गायकवाड़ को भी चुना गया है। गायकवाड़ आईपीएल 2025 में चोटिल हो गए थे और उस कारण से उन्हें टूर्नामेंट के बीच में ही बाहर होना पड़ा था। उस चोट के बाद यह उनका पहला टूर्नामेंट होगा। इसके अलावा उन्होंने इंग्लैंड में भारत की टेस्ट सीरीज से पहले इंडिया ए के लिए एक इंट्रा-स्क्वाड वार्म-अप मैच में भी हिस्सा लिया था। हालांकि ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि गायकवाड़ और विकेटकीपर सौरभ नवाले, इस टूर्नामेंट में महाराष्ट्र की तरफ से पहला मैच खेलने के बाद बेंगलुरु में होने वाली दलीप ट्रॉफ़ी के लिए वेस्ट जोन टीम से जुड़ सकते हैं।

### राजस्थान राज्य सीनियर महिला फुटबॉल चैम्पियनशिप

# जयपुर जिला फुटबॉल टीम की कप्तान निकिता कंवर और पूजा शर्मा उप कप्तान बनी



जयपुर, 14 अगस्त। राजस्थान फुटबाल संघ के तत्वाधान में भीलवाड़ा जिला फुटबॉल संघ द्वारा भीलवाड़ा में आयोजित होने जा रही राजस्थान राज्य सीनियर महिला फुटबॉल चैंपियनशिप 2025 में भाग लेने वाली जयपुर जिला की फुटबॉल टीम की आज घोषणा की गई। जयपुर जिला की 18 सदस्यीय टीम की कप्तान निकिता कंवर और उप कप्तान पूजा शर्मा को बनाया गया है।

आज शाम केंद्रीय विद्यालय नंबर वन के फुटबॉल प्रांगण में जयपुर जिला फुटबॉल संचालन समिति के वरिष्ठ सदस्य श्री अब्दुल जब्बार, मनोज शर्मा, श्री हितेश शर्मा, डॉ दिलीप सिंह चुंडावत और श्री सेबी फिलिप्स ने जयपुर टीम की घोषणा की।

जयपुर जिला फुटबॉल संचालन समिति के वरिष्ठ सदस्य अब्दुल जब्बार ने बताया कि जयपुर जिला फुटबॉल टीम का चयन 10 अगस्त को आयोजित ट्रायल और उसके बाद आयोजित 4 दिवसीय कैंप के आधार पर किया गया है। डॉ दिलीप सिंह चुंडावत ने बताया कि प्रतियोगिता में राजस्थान की 16 टीमें भाग ले रही है और जयपुर का प्रथम मैच 16 अगस्त को चूरू से होगा। यह प्रतियोगिता नॉकआउट आधार पर खेली जा रही है और प्रतियोगिता का फाइनल 18 अगस्त को होगा।

इस राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के माध्यम से आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए राजस्थान टीम के खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। टीम इस प्रकार है - निकिता कंवर (कप्तान) पूजा शर्मा (उपकप्तान), आकांक्षा बैरवा, अर्चना शर्मा, भव्यश्री कुमारी, छवि अग्रवाल, हर्षिता राठौड़, कनिका जैन, मधु महावर, माही शर्मा, नंदनी कुमारी, गौरीसा राठौड़, साक्षी सैनी, श्रीजा गौतम, शुभृता सिंह, स्नेहा बोरा, वंशिका कुंडालिया और वृद्धि बत्रा। टीम की कोच पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी संजना खंडेलवाल और मैनेजर प्रियंका कुमावत है।



## राजस्थान के धैर्य और लक्षाण्या ने जीते गोल्ड, याशी को रजत

जयपुर, 14 अगस्त। राजस्थान के धैर्य गोगिया और लक्षाण्या राजावत ने गुरुवार को मुम्बई में संपन्न हुई महाराष्ट्र ओपन स्क्वैश चैंपियनशिप में अपने- अपने आयु वर्ग में स्वर्णिम सफलता हासिल की, वहीं याशी जैन को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। राजस्थान स्क्वैश रैकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र मेहता ने बताया कि राजस्थान के धैर्य गोगिया ने अंडर-13 बॉयज के फाइनल में महाराष्ट्र के ऋषभ श्याम को 11-9, 7-11, 11-7, 11-9 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। धैर्य ने इससे पहले सेमी फाइनल में बंगाल के अर्जुन कनोरिया को 11-4, 11-4, 11-9 से हरा फाइनल में जगह बनाई थी। गर्ल्स अंडर-9 का खिताब राजस्थान की लक्षाण्या राजावत ने जीता। उन्होंने फाइनल में महाराष्ट्र की जानिका मेहता को 11-7, 11-3, 11-3 से शिकस्त दी।



# कुमावत द्वारा आज स्वतंत्रता दिवस पर किया जायेगा झंडारोहण

### वीमेन-20 मैच बारिश के कारण रद्द

जयपुर 14 अगस्त। 79वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत सुबह 10 बजे सवाई मान सिंह स्टेडियम स्थित आरसीए ऑफिस प्रांगण (अकादमी) में झंडारोहण करेंगे।

**आरसीए ऑफिस में हर घर तिरंगा अभियान में राज्य की महिला खिलाडियों ने लिया भाग डी डी कुमावत**

संस्कृति मंत्रालय , भारत सरकार के भारत के आजादी के पर्व 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित किये जा रहे " हर घर तिरंगा " अभियान के तहत आज आरसीएकार्यालय पर आयोजित हर घर तिरगाअभियान में आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत , सदस्य पिंकेश पोरवाल, राज्य की युवा महिला खिलाडियों, आरसीए कर्मचारियों ने भाग लिया।

**राज्य स्तरीय सीनियर वीमेन 20 प्रतियोगिता ( चौथे दिन खेले जाने वाले मैच बारिश के कारण रद्द )**

आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत के अनुसार बीसीसीआई के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र 2025-26 की सीनियर महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान सीनियर महिला टीम के संभावितों के चयन हेतु आरसीए के तत्वाधान में खेली जा रही राज्य स्तरीय सीनियर महिला 20 प्रतियोगिता के चौथे दिन खेले जाने वाले मैच बारिश के कारण रद्द।

**आज खेले जाने वाले मैच :-**

**नारायणा क्रिकेट ग्राउंड :-**

पहला मैच हनुमानगढ़ - धौलपुर, हनुमानगढ़ पारी 100/9, टीम के लिए जसनप्रीत 20, आरजू 17 व मंजू 12 रन, धौलपुर पारी पूनम 23/2, सीमा शर्मा 27/2 विकेट,धौलपुर पारी 6/0 (बारिश के कारण खेल रोका गया)।

## 'ईएपीएल' ट्रॉफी का हुआ विमोचन

जयपुर, 14 अगस्त। जयपुर में एक अनोखी क्रिकेट टूर्नामेंट 'ईएपीएल - द इवेंट इंडस्ट्री एंड आर्टिस्ट प्रीमियर लीग' 18 अगस्त से शुरू होने जा रहा है। आयोजक यश माहेश्वरी ने कहा कि इस तीन दिवसीय टूर्नामेंट (18 से 20 अगस्त 2025) की ट्रॉफी का अनावरण अजमेर रोड स्थित, एक होटल द फर्न हैबिटैट में



कल देर रात किया गया। ट्रॉफी लॉन्चिंग पार्टी में इवेंट इंडस्ट्री के कई दिग्गज जैसे इवेंट गुरु, अरशद हुसैन; फोरम के प्रेसिडेंट, मोहित महेश्वरी ; वाइस प्रेसिडेंट, हितेंद्र शर्मा; ट्रेजरार, विनीत जैन; सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे। टूर्नामेंट में कुल 8 टीमें भाग ले रही हैं - जयपुर फेलकस, पुणे पैंथर्स, दिल्ली रैपर, रांची हंटर्स, कोटा वूल्व्स, अजमेर नाइट्स, अहमदाबाद बुल्स और मुंबई निंजाज़। इस टेनिस बॉल टूर्नामेंट में हर टीम के अंदर 7 मेल और 1 फीमेल खिलाड़ी खेलेंगे और इस 8 ओवर के इन मुकाबलों में शार्ट बाउंड्री के साथ रोमांस का स्तर अलग ही होगा। ट्रॉफी विमोचन कार्यक्रम को शाम सूफी इमरान के लाइव बैंड के साथ सेलिब्रेशन, नेटवर्किंग और क्रिकेट स्पिरिट के नामसमर्पित रही।

## राजस्थान फुटबॉल संघ के सतीश जांगिड़ बने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के कंपीटिशन मैनेजर

जयपुर, 14 अगस्त। राजधानी जयपुर में नवंबर माह में होने वाले खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 के सफल आयोजन के लिए राजस्थान फुटबॉल एसोशिएशन के टेक्निकल डायरेक्टर सतीश जांगिड़ को ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन और राजस्थान फुटबॉल संघ की अनुशंसा पर युवा और खेल मंत्रालय भारत सरकार तथा भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा यूनिवर्सिटी गेम्स में होने वाले फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए ऑर्गेनाइजिंग कमेटी का हेड नियुक्त किया गया है। संघ सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 का आयोजन जयपुर में हो रहा है जिसमें



फुटबॉल प्रतियोगिता में देश की टॉप विश्वविद्याल की फुटबॉल टीमें हिस्सा लेगी उसकी आयोजन की समस्त जिम्मेदारी सतीश जांगिड़ की रहेगी, शेखावत ने बताया कि सतीश जांगिड़ हाल ही में उत्तराखंड के देहरादून में हुए नेशनल गेम्स में भी तकनीकी सहायक के रूप में बतौर मैच कमिश्नर शामिल हुए थे। सतीश जांगिड़ को इतनी बड़ी जिम्मेदारी मिलने पर संघ अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह जसोल, महिला विंग चेयरपर्सन रोशनी टॉक, कोषाध्यक्ष कैलाश खटीक, रेफरी बोर्ड के चेयरमैन महेंद्र सिंह बिजारणियां सहित फुटबॉल से जुड़ी तमाम हस्तियों ने प्रसन्नता व्यक्त की।

## राज्य स्तरीय अंडर-19 प्रतियोगिता हेतु आरसीए द्वारा पाली जिला टीम घोषित

जयपुर, 14 अगस्त। राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा आगामी 16 अगस्त से आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय अंडर 19 क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाली पाली जिला टीम का चयन आरसीए जूनियर चयन कमेटी द्वारा किया गया। राज्य स्तरीय अंडर 19 क्रिकेट प्रतियोगिता हेतु चयनित पाली जिला टीम :- रोहित बंजारा - कप्तान, हर्ष दगडी - उपकप्तान, यशपाल चौहान, भव्य गर्ग, नरेंद्र सिंह राजपुरोहित, अरविन्द, कमलेश, मनन चौहान, मानव तुनगरिया, दिकू सिंह, भावेश शर्मा, राजवीर मनावत, चौधरी भास्कर भेराराम, राजवर्धन राठौड़, केतन जोशी, तोश नक्षत्र श्रीमाली, नयन चौहान, निखिल मेवाड़ा, सागर देवासी, करण सरगरा, विनय प्रताप सिंह। कोच असलम, मैनेजर मनोहर सिंह।

## सातवीं सब-जूनियर राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए जयपुर बालक एवं बालिका टीम की घोषणा

जयपुर, 14 अगस्त। राजस्थान राज्य बॉल बैडमिंटन संघ एवं सीकर जिला बॉल बैडमिंटन संघ के संयुक्त तत्वाधान में 7 सब-जूनियर राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन दिनांक 15 अगस्त से 17 अगस्त 2025 तक खंडेला, सीकर में किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में जयपुर की बालक एवं बालिका दोनों टीमें भाग लेने जा रही है। जयपुर जिला बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव शौकत अली मंसूरी के अनुसार उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाली जयपुर बालक एवं बालिका टीमें इस प्रकार है :- **बालक वर्ग :-** अजितेश पारीक (कप्तान), रोहन दत्ता (उप कप्तान), हर्ष जायसवाल, वेदांत सोनी, मुकुल गुर्जर, देवांश सैन, परमवीर सिंह, युवराज सिंह, प्रांजल, हर्षित, लक्ष्मीकांत शर्मा (कोच), अब्दुल अब्बास (मैनेजर) ।

**बालिका वर्ग :-** आमना (कप्तान), अनुष्का सिंह (उप कप्तान), रिया दर्जी , लवन्या खंडेलवाल, मानवी, चंचल, जानवी, लक्ष्मी, जिनल, वंशिका, कृष्णा कुमावत (कोच), अनीता कुमावत (मैनेजर) । जयपुर जिला बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव शौकत मंसूरी, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीकांत शर्मा, उपाध्यक्ष अब्दुल अब्बास, संयुक्त सचिव अधिवक्ता ताहिर खान ने खिलाडियों को किट प्रदान किया ।

## मानसून मैडनेस : बाइक राइड के जरिए सड़क सुरक्षा और पर्यटन को बढ़ावा

जयपुर, 14 अगस्त। "मोटर मास्टर्स क्लब" द्वारा आयोजित मानसून मैडनेस 2025 के तहत आज जयपुर से एक विशेष बाइक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें बाइक राइडर्स 1200 किलोमीटर या उससे अधिक की दूरी तय करेंगे। यह रैली सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने और स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की गई है। यह अभियान रोटरी क्लब जयपुर मिडटाउन एवं पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार के सामुदायिक सहयोग से संपन्न हो रहा है।

# मुख्यमंत्री ने बी.एस.एफ. की कोडेवाला सीमा चौकी का दौरा किया

## बी.एस.एफ. कर्मी हमारी सीमा पर तस्करी, घुसपैठ जैसे अपराधों को मुस्तैदी से नाकाम कर रहे हैं-भजनलाल

- **मुख्यमंत्री भजनलाल ने बी.एस.एफ. जवानों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि बी.एस.एफ. ने मरूभूमि में साढ़े छह लाख पौधे लगा कर पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी तंत्र में सराहनीय योगदान दिया है।**



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जवानों एवं अधिकारियों से भी मुलाकात कर उन्हें स्वाधीनता दिवस की बधाई देते हुए फल वितरित किए। इस अवसर पर महिला प्रहरियों ने मुख्यमंत्री को रक्षा सूत्र बांधे।*

बीकानेर, 14 अगस्त। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारे जवान अपने अदम्य शौर्य, साहस और बल से बर्फीली वादियों-तपते मरुस्थल सहित, देश के हर कोने में दिन-रात मुस्तैदी से सीमाओं की सुरक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीएसएफ अनुशासित व देश सेवा को समर्पित दुनिया के सबसे बड़े सीमा रक्षक बलों में से एक है। वे हमारी सीमा पर तस्करी, घुसपैठ जैसे अपराधों को भी मुस्तैदी के साथ नाकाम कर रहे हैं।

शर्मा 79वें स्वतंत्रता दिवस से पूर्व बीकानेर में खाजूवाला के कोडेवाला आउट पोस्ट (सीमा चौकी) पर बीएसएफ के जवानों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने बीएसएफ जवानों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बीएसएफ के जाबांजों के बीच आकर उन्हें अत्यधिक प्रसन्नता व गर्व की अनुभूति हो रही है। उन्होंने कहा, बीएसएफ ने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के समय अद्भुत कार्य किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवादियों को नेस्तनाबूद करने के लिए जवानों को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि बीएसएफ ने हाल ही में मरुभूमि में साढ़े छह लाख पौधे लगाकर पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी तंत्र को बेहतर बनाने में अपना सराहनीय योगदान दिया है।

मुख्यमंत्री ने कोडेवाला पोस्ट का दौरा किया एवं दूरबीन से सीमा का अवलोकन किया तथा पोस्ट पर एंटी ड्रोन सिस्टम तथा रक्षा उपकरणों की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने जवानों एवं अधिकारियों से भी मुलाकात की और स्वाधीनता दिवस की बधाई देते हुए फल वितरित किए। मुख्यमंत्री को महिला प्रहरियों ने रक्षा सूत्र भी बांधे।

## जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा सुप्रीम कोर्ट का केन्द्र को नोटिस

नयी दिल्ली, 14 अगस्त। उच्चतम न्यायालय ने जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग वाली याचिका पर गुरुवार को केंन्द्र सरकार से जबाव तलब किया।

मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने केन्द्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि वे इस मामले में जहूर अहमद भट और इरफान हाफिज लोन द्वारा दायर याचिकाओं पर आठ हफ़्ते के भीतर अपना रुख स्पष्ट करें।

# 127 जवानों को वीरता पुरस्कार

- **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यह घोषणा की, वायु सेना के 9 पायलटों को वीर चक्र मिला है।**

नयी दिल्ली 14 अगस्त। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार को सशस्त्र बलों और केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के 127 रणबांकुरों को बहादुरी के लिए वीरता पुरस्कार और 40 को उल्लेखनीय सेवा के लिए विशिष्ट सेवा पुरस्कार देने की घोषणा की है।

वीरता पुरस्कारों में चार को कीर्ति चक्र, 15 को वीर चक्र और 16 को शौर्य चक्र से सम्मानित करने की मंजूरी दी गयी। वीर चक्र पाने वाले रणबांकुरों में वायु सेना के वे नौ जांबाज पायलट भी शामिल हैं जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया था।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान वायु सेना के महानिदेशक संचालन एयर मार्शल अवधेश भारती और वायु सेना के उप प्रमुख नर्मदेश्वर तिवारी सहित तीनों सेनाओं के सात वरिष्ठ अधिकारियों को सर्वोतम युद्ध सेवा पदक से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। राष्ट्रपति ने इसके अलावा दो बार टू सेना पदक (वीरता), 58 सेना पदक (वीरता), छह नौसेना पदक (वीरता), 26 वायु सेना पदक (वीरता), सात सर्वोत्तम युद्ध सेवा पदक, नौ उत्तम युद्ध सेवा पदक और 24 युद्ध सेवा पदकों की भी घोषणा की। साथ ही उन्होंने 290 मेंशन-इन-डिस्पैच को भी मंजूरी दी है, जिनमें सेना को 115, नौसेना को पांच, वायु सेना को 167 और सीमा सड़क विकास बोर्ड (बीआरडीबी) को तीन पुरस्कार देने को मंजूरी दी गयी।

## स्ट्रीट डॉग्स पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

- **स्ट्रीट डॉग्स को पकड़ने पर सुप्रीम कोर्ट में जमकर बहस हुई। तीन सदस्यीय बैंच ने कहा एक तरफ मानवीय पीड़ा है दूसरी तरफ पशु प्रेमी हैं।**

नयी दिल्ली, 14 अगस्त। दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में आवारा कुत्तों को पकड़ कर आश्रय गृहों में भेजने संबंधी शीर्ष अदालत के 11 अगस्त के आदेश पर रोक की मांग वाली याचिकाओं पर गुरुवार को यहां फिर जमकर बहस हुई और संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद तीन सदस्यीय पीठ ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई ने दो सदस्यीय पीठ के 11 अगस्त के आदेश के मद्देनजर स्वतः संज्ञान लेकर इस मामले में बुधवार को न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की एक नयी पीठ गठित की थी।

न्यायमूर्ति नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने आज सुनवाई की और दो सदस्यीय पीठ के आदेश की वैधता पर सवाल उठाने वाले सभी हस्तक्षेपकर्ताओं से हलफनामा दाखिल करने को कहा। तीन सदस्यीय पीठ ने टिप्पणी करते हुए कहा कि एक तरफ मानवीय पीड़ा है और दूसरी तरफ पशु प्रेमी हैं।

## कांग्रेस ने चुनाव आयोग से मांगी वाराणसी की वोटर लिस्ट

- **कांग्रेस ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2024 में वाराणसी चुनाव धांधली करके जीते हैं।**

नयी दिल्ली, 14 अगस्त। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के द्वारा चुनाव आयोग पर लगाए गए कथित वोट चोरी आरोप के बाद कांग्रेस मीडिया विभाग चेयरमैन पवन खेड़ा ने गुरुवार को चुनाव आयोग से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संसदीय क्षेत्र वाराणसी की वोटर लिस्ट की मांग की है।

खेड़ा ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री ने 2024 लोकसभा चुनाव में धांधली की है। कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन खेड़ा ने आज प्रेस वार्ता में कहा, चुनाव आयोग के कई चेहरे है। चुनाव आयोग का नाम एक है तो वहीं चेहरे अनेक हैं।

उन्होंने कहा कि सात अगस्त को गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और भारत की राजनीति में भूचाल आ गया।

इसके कारण ही सत्ता में बैठी सरकार घबरा रही है।

# बिहार में राष्ट्रपति शासन लागू करने की नौबत आ सकती है!

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार, अगले मंगलवार तक, चुनाव आयोग को मतदान सूची से काटे गये 65 लाख नाम छापना व हर नाम के साथ नाम काटने का कारण बताना, असम्भव काम है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 अगस्त। सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग (इलेक्शन कमीशन-ईसी) को निर्देश दिये हैं कि बिहार की मतदाता सूची से हटाये गये 65 लाख मतदाताओं का विवरण अगले मंगलवार तक प्रकाशित कर दिया जाये। सर्वोच्च अदालत के इस निर्देश से चुनाव आयोग के लिये गंभीर संकट पैदा हो गया है तथा चुनावाधीन राज्य बिहार में संवैधानिक संकट की आशंका बढ़ गई है।

ईसी के अन्दरुनी सूत्रों के अनुसार, एक सप्ताह से भी कम समय में इतने बड़े डेटा सेट को एकत्रित करना, सत्यापित करना और सार्वजनिक रूप से जारी करना "लगभग असंभव" है। विभिन्न याचिकाओं की दो महीने की सुनवाई के बाद तय की गई समय सीमा से आयोग पर तो भारी दबाव पड़ ही गया है, केन्द्र सरकार भी असहज स्थिति में आ गई है।

ईसी के एक पूर्व शीर्षस्थ अधिकारी ने, नाम न बताने की शर्त पर, कहा कि यह निर्देश बिहार को संवैधानिक संकट की ओर धकेल सकता है। राज्य विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर को समाप्त हो रहा है और उससे पहले चुनाव कराना अनिवार्य है, अन्यथा सरकार न होने की स्थिति (गवर्नेन्स वैक्यूम) पैदा हो सकती है। अगर मतदाता सूची समय पर तैयार नहीं होती, तो चुनाव कार्यक्रम पटरी से उतर सकता है।

- **चुनाव आयोग के सूत्रों के अनुसार, इस काम में कम से कम पांच सप्ताह का समय लगेगा। और संवैधानिक आवश्यकता है, कि, विधानसभा चुनाव सम्पन्न करा कर, नई विधानसभा का गठन 22 नवम्बर तक हो जाना चाहिये। नहीं तो संवैधानिक संकट उत्पन्न हो जायेगा और एक समाधान बचेगा, राष्ट्रपति शासन लगाना।**
- **चुनाव आयोग के सूत्रों का यह भी कहना है कि यह काम, सूची छापना व कारण बताना, बड़ी सावधानी से करने का काम है। क्योंकि अगर जल्दबाजी व थोड़ी सी असावधानी से कुछ त्रुटि रह गई तो और नये-नये मुकदमे दायर होने की सम्भावना बनेगी तथा चुनाव आयोग की विश्वसनीयता फिर कठघरे में खड़ी की जायेगी।**
- **समय की घड़ी लगातार चल रही है, तथा बिहार में न्यायपालिका के आदेश, संवैधानिक समयबद्धता तथा चुनाव आयोग की प्रशासनिक क्षमता के बीच टकराहट की अजीबोगरीब स्थिति बन रही है।**

विशेषज्ञों का कहना है कि 65 लाख हटाए गए मतदाताओं की सूची तैयार करना और उसे प्रकाशित करना एक विशाल कार्य है। इसके लिए विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों के रिकॉर्ड को क्रॉस-चेक करना, डेटा का डिजिटलीकरण करना और प्रत्येक विलोपन के लिए स्पष्टीकरण देना जरूरी होगा।

एक पूर्व मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा, "अगर पूरी मशीनरी भी लगा दी जाए, तब भी इस कार्य के लिये न्यूनतम पांच सप्ताह से दो महीने तक का समय चाहिये। इसे कुछ ही दिनों में करना न केवल अव्यवहारिक है, बल्कि तकनीकी रूप से असंभव भी है।"

ईसी को यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि डेटा सटीक और कानूनी रूप से सही हो, क्योंकि किसी भी गलती से आगे और मुकदमेबाजी हो सकती है। हर एक हटाए गए नाम के लिए कारण बताना-जैसे मृत्यु, पता परिवर्तन, नाम की पुनरावृत्ति या अन्य-इस कार्य को और ज्यादा जटिल बनाता है।

बिहार में दांव बहुत ऊंचे हैं, जहां इस वर्ष के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। यदि मतदाता सूची समय पर तैयार नहीं होती, तो सुप्रीम कोर्ट का आदेश अप्रत्यक्ष रूप से चुनाव कार्यक्रम की घोषणा में देरी कर सकता है।

एक वरिष्ठ चुनावी कानून विशेषज्ञ ने कहा, "अगर अंतिम मतदाता सूची तैयार नहीं होती, तो चुनाव प्रक्रिया अधिसूचित नहीं की जा सकती। इसका अर्थ है कि विधानसभा 22 नवंबर तक गठित नहीं हो सकेगी, जिससे संवैधानिक संकट उत्पन्न होगा।"

ऐसी स्थिति में, संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार, राज्य में उस समय तक राष्ट्रपति शासन लागू किया जा सकता है, जब तक कि चुनाव संपन्न न हो जाएं। पर्यवेक्षक मानते हैं कि यह एक अभूतपूर्व स्थिति होगी, जो सीधे न्यायिक आदेश से उत्पन्न हो सकती है।

केन्द्र सरकार, भले ही मतदाता सूची की तैयारी के लिए सीधे जिम्मेदार न हो, लेकिन अगर बिहार में चुनाव टलते हैं तो उसे इस स्थिति के राजनीतिक नतीजों का सामना करना पड़ेगा। राष्ट्रपति शासन की ओर उठाया जाने वाला कोई भी कदम राज्य की तीव्र राजनीतिक प्रतिस्पर्धा को देखते हुए एक विवादास्पद मुद्दा बन सकता है।

फिलहाल, सभी की निगाहें चुनाव आयोग के अगले कदमों पर हैं-क्या वह सुप्रीम कोर्ट से समय वृद्धि की मांग करेगा? कानूनी विशेषज्ञों का कहना है कि आयोग के पास और अधिक समय मांगने के अलावा संभवतः अन्य कोई विकल्प नहीं होगा, क्योंकि जल्दबाज़ी में विवरण सहित सूची तैयार करने में ऐसी गलतियाँ हो सकती है जो चुनावी प्रक्रिया में जनता का विश्वास डगमगाने का खतरा पैदा कर सकती हैं।

समय की रफ्तार के साथ यह स्थिति एक विरल टकराव का रूप ले रही है-जहां न्यायिक आदेश, संवैधानिक समयसीमाएं और देश की चुनावी मशीनरी की प्रशासनिक सीमाएं आमने-सामने हैं।

## रिश्वत प्रकरण में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

- **वि.सभा में सवालों को वापस लेने के बदले रिश्वत के मामले में विधायक सहित 4 आरोपी करीब साढ़े 3 माह से न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे हैं।**

जमानत याचिका में वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक राज बाजवा और अधिवक्ता कपिल गुप्ता ने बताया कि याचिकाकर्ता करीब साढ़े तीन माह से न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे हैं। प्रकरण में एसीबी ने उनके खिलाफ आरोप पत्र भी पेश कर दिया है। किन्तु अभी तक मुकदमा चलाने के लिए विधानसभा स्पीकर से अभियोजन स्वीकृति नहीं मिली है। ऐसे में उन्हें अनावश्यक रुप से जेल में रखने से कोई लाभ नहीं है। इसलिए उन्हें जमानत पर रिहा किया जाए। इसका विरोध करते हुए सरकारी वकील ने कहा कि आरोपी विधायक पर विधानसभा में पूछे गए सवाल को वापस लेने के बदले रिश्वत लेने का गंभीर आरोप है। याचिकाकर्ता ने जनप्रतिनिधि होने के बावजूद इस तरह का अपराध किया है। ऐसे में उसे जमानत पर रिहा नहीं किया जाए।

# सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

- **सुप्रीम कोर्ट ने अपने ऑर्डर में कटाक्ष भी किया, कि चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, 65 लाख नाम जो काटे गये हैं, उनमें 22 लाख वे लोग हैं, जो मर चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर ये सभी व्यक्ति वाकई में मर चुके हैं, तो यह तथ्य बूथ स्तर की जानकारी में भी परिलक्षित क्यों नहीं हुआ।**

दिख रहा है।

कांग्रेस ने इस आधार पर आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव आयोग के जरिए वोट चोरी कर रही है। कांग्रेस ने पूछा कई चुनाव क्षेत्रों में वोट चोरी हुई है तो क्या 2024 का जनादेश बदला जाएगा?

आज सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को मुश्किल में डाल दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने आज चुनाव आयोग से कहा कि बिहार में हटाए गए 65 लाख वोटरों की पूरी सूची, नाम हटाने के कारणों के साथ, मंगलवार तक चुनाव आयोग की वेबसाइट पर अपलोड की जाए। अदालत ने यह भी कहा कि इस सूची को सार्वजनिक किया जाए, ताकि हर वोटर इसे देख सके।

एक अहम फैसले में, अदालत ने कहा कि जिन लोगों के नाम गलत तरीके से हटाए गए हैं, वे अपने आधार कार्ड की कॉपी के साथ दावा पेश कर सकते हैं। यह निर्णय इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि याचिकाओं में आधार को पहचान के प्रमाण के रूप में मान्य नहीं करने का मुद्दा उठाया गया था, तथा कहा गया था कि इससे अनेकानेक वोटर प्रभावित होंगे।

बिहार में होने वाले चुनावों को से सम्बन्धित स्पेशल इंटेंसिव रिविज़न के खिलाफ दायर याचिकाओं की सुनवाई करते हुए, जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि चुनाव आयोग के मुताबिक, सूची से हटाये गये 65 लाख में से 22 लाख लोग मर चुके हैं। उन्होंने सवाल उठाया- "अगर 22 लाख लोग मर चुके हैं, तो यह बूथ स्तर पर क्यों नहीं बताया गया? हम नहीं चाहते कि नागरिकों के अधिकार राजनीतिक पार्टियों पर निर्भर हों।"

अपने आदेश में बैंच ने कहा- "हमने चुनाव आयोग की संक्षिप्त सुनवाई की। सुनवाई के दौरान निम्न कदम उठाने पर सहमति बनी: अंतरिम व्यवस्था के तहत, ईसी ये कदम उठायेगा: 2025 की सूची में जिन 65 लाख वोटरों के नाम थे लेकिन मसौदा सूची में नहीं हैं, उनकी सूची ज़िला स्तर की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी।"

आदेश के मुताबिक, इस सूची में नाम हटाने का कारण भी लिखा होगा। "स्थानीय भाषा के सबसे अधिक प्रसार वाले अखबारों में इसका व्यापक प्रचार होगा और इसे दूरदर्शन व अन्य चैनलों पर प्रसारित किया जाएगा। यदि जिला निर्वाचन अधिकारी का सोशल मीडिया अकाउंट है, तो वहां भी नोटिस डाला जाएगा।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने निर्देश पढ़कर सुनाया, "पीड़ित लोग अपने आधार कार्ड की कॉपी के साथ अपना दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके अलावा, 65 लाख वोटरों की बूथ-वार सूची सभी पंचायत भवनों, ब्लॉक विकास कार्यालयों और पंचायत कार्यालयों के नोटिस बोर्ड पर लगाई जाएगी, ताकि लोग इसे व्यक्तिशः देख सकें।

यह फैसला बिहार के वोटरों के लिए बड़ी राहत है और बिहार में धांधली रोकने के लिए राहुल गांधी व विपक्ष की कड़ी लड़ाई का नतीजा है।

## दिल्ली एनसीआर में रैड अलर्ट

नयी दिल्ली, 14 अगस्त। मौसम विभाग (आईएमडी) ने गुरुवार को दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के लिए रेड अलर्ट और उत्तराखंड के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग ने उत्तराखंड के कई जिलों में 14 अगस्त से 17 अगस्त तक ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने कहा कि अगले तीन दिनों के दौरान हरियाणा, चंडीगढ़ , दिल्ली, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तरी मध्य प्रदेश और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मध्यम से तेज बारिश होगी।

इस बीच उत्तराखंड में देहरादून, टिहरी, पौड़ी, हरिद्वार, उधम सिंह नगर, नैनीताल और बागेश्वर समेत, कई इलाकों में रेड अलर्ट घोषित किया गया है।

## किश्तवाड़ में बादल ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के पहाड़ 1,818 मीटर से लेकर 3,888 मीटर तक ऊंचे हैं। इतनी ऊंचाई पर ग्लेशियर (बर्फ की चादर) और ढलानें हैं, जो पानी के बहाव को तेज करती हैं।

मचैल माता तीर्थयात्रा हर साल अगस्त में होती है। इसमें हजारों श्रद्धालु आते हैं। यह यात्रा 25 जुलाई से 5 सितंबर तक चलेगी। यह रूट जम्मू से किश्तवाड़ तक 210 किमी लंबा है और इसमें पद्दर से चशोटी तक 19.5 किमी की सड़क पर गाड़ियां जा सकती हैं। उसके बाद 8.5 किमी की पैदल यात्रा होती है।

सेना के जम्मू स्थित जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) ने गुरुवार को बताया कि चिसोटी गांव में बादल फटने से प्रभावित क्षेत्र में सेना राहत और बचाव में जुटी है। प्रभावित लोगों को राहत सामग्री, चिकित्सा दल और बचाव उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं।




राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा मैसर्स अरावली प्रिन्टर्स, राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर (राजस्थान) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 65015/96, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34 फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908